जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें
सिरोही, शुक्रवार, 31 जनवरी 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 14 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.



सलमान-रश्मिका मंदाना की फिर बनेगी जोड़ी...

पेज -09

# घुसपैठियों पर लगाम लगाएगी मोदी सरकार

» संसद के बजट सत्र में पेश करेगी बिल | » अप्रवास और विदेशी विधेयक 2025



### बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ भाजपा का रहा मुद्दा

*बांग्लादेश से अवैध अप्रवासी भाजपा के लिए एक प्रमुख चुनावी मुद्दा रहा है, खासकर पश्चिम बंगाल और झारखंड जैसे पूर्वी राज्यों में, जहां गैर-भाजपा सरकारें सत्ता में हैं। पिछले साल झारखंड से अवैध अप्रवासियों को हटाने के अपने वादे के बावजूद, भाजपा झामुमो प्रमुख हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले भारत ब्लॉक से राज्य चुनाव हार गई थी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी भाजपा मतदाता सूचियों से कथित अवैध रोहिंग्या को हटाने के लिए भी दबाव बना रही है, आप ने पहले चुनाव आयोग के समक्ष इन बदलावों पर सवाल उठाए थे, जिसने बाद में कहा कि कोई अनुचित बदलाव नहीं किया गया था*

### कल पेश होगा केंद्रीय बजट

*सत्र की शुरुआत शुक्रवार को राष्ट्रपति के दोनों सदनों में अभिभाषण के साथ होगी। केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश किया जाएगा। सत्र का पहला भाग 13 फरवरी को समाप्त होगा और दूसरा भाग 10 मार्च को फिर से शुरू होगा, जो 4 अप्रैल को समाप्त होगा।*

**नई दिल्ली।** संसद के इस बजट सत्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार अपने प्रमुख चुनावी मुद्दों में से एक-अवैध अप्रवास पर केंद्रित एक नया कानून

### अवैध घुसपैठ और अप्रवास पर शिकंजा कसने की तैयारी

पेश करने की तैयारी कर रही है। गुरुवार की सुबह सरकार ने प्राथमिकता वाले विधेयकों की एक सूची जारी की, जिसमें अप्रवास और विदेशी विधेयक 2025 नामक एक नया कानून शामिल है। यह विधेयक उन 16 प्रमुख विधेयकों में से एक है, जिन्हें सरकार पारित करना चाहती है, जिसमें वक्फ संशोधन विधेयक 2024 भी शामिल है, जो भारत में वक्फ संपत्तियों के विनियमन से संबंधित है। हालांकि अप्रवास और विदेशी विधेयक का विवरण अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन ऐसा लगता है कि यह भारत में अप्रवासियों के प्रवेश को नियंत्रित करने पर केंद्रित है। यह इस विषय पर मुख्य कानून बन सकता है, जो विदेशी अधिनियम 1946, भारत में पासपोर्ट प्रवेश अधिनियम 1920 और विदेशियों के पंजीकरण अधिनियम 1939 जैसे पुराने कानूनों की जगह ले सकता है।

# बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक आयोजित

## जॉइंट सेशन में राष्ट्रपति का अभिभाषण आज, एक फरवरी को पेश होगा बजट



**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र से पहले गुरुवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। यह बैठक संसद के एनेक्सी में आयोजित की गई। मीटिंग में आगामी केंद्रीय बजट पर केंद्र सरकार सभी दलों के साथ चर्चा की गई। बैठक में 36 दलों के 52 नेता शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी अध्यक्षता की। संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को पार्लियामेंट के जॉइंट सेशन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी और फिर अगले दिन 1 फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा। सोमवार से लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हो जाएगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी नेताओं से अपील की कि वे संसद सत्र के दौरान सहयोग करें ताकि सदन में सुचारू रूप से चर्चा हो सके। संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि मीटिंग अच्छी रही। पार्टी नेताओं ने कुछ मुद्दे उठाए हैं और उन पर चर्चा की मांग की। कमेटी तय करेगी कि किन मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## भाजपा विधायक दल की बैठक

# संकल्प पत्र के 55 प्रतिशत वादें एक साल में किए पूरे : मुख्यमंत्री शर्मा

## एक वर्ष की उपलब्धियों को सदन में मजबूती के साथ रखें विधायक



### » जनता से किए गए वादों को पूरा कर रही भाजपा सरकार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार संकल्प पत्र में 50 से 55 प्रतिशत वादे पूरे कर चुकी है। हमने किसान, महिला, युवा एवं मजदूर सहित हर वर्ग के लिए काम किए हैं तथा इतने कम समय में सभी काम धरातल पर उतर भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों की आवश्यकताओं को पूरा करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारा गत एक वर्ष का परफॉर्मेंस अच्छा रहा है। ऐसे में, विधानसभा के आगामी सत्र में सरकार की इन सभी उपलब्धियों को सदन में मजबूती के साथ रखें।

मुख्यमंत्री शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राजस्थान की प्राथमिकताओं को समझते हुए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जहां संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना जैसे निर्णय लिए गए हैं। वहीं, बिजली की निर्बाध आपूर्ति तथा किसानों को दिन में बिजली देने के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य में ऊर्जा क्षेत्र में निरंतर निवेश लाया जा रहा है। इन निर्णयों से राजस्थान का किसान तथा आमजन खुशहाल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता आमजन के प्रत्येक सुख-दुख में शामिल होता है। लूट और झूठ की कांग्रेस पार्टी का पिछला कार्यकाल पेपरलीक, भ्रष्टाचार और घोटालों में लिप्त रहा। यही कारण है कि वर्तमान में भाजपा का पूरे देश में सबसे ज्यादा वोट प्रतिशत है तथा हमारे कार्यकर्ता का यह समर्पित भाव आगे भी जारी रहेगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि नए विधायकों को सदन में पूरा मौका मिले तथा सीनियर विधायकों के अनुभव का उपयोग करते हुए सदन की स्वस्थ परम्पराएं कायम रखें। मुख्यमंत्री ने विधायकों से विधानसभा में अपनी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, सदन में सरकार के निर्णयों को मजबूती से रखने, विधानसभा के नियम-प्रक्रियाओं का समुचित अध्ययन सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भजनलाल सरकार आमजन की सरकार है। विकास पुरूष मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में राजस्थान नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है तथा राज्य सरकार के लिए राज्य का विकास ही सबसे ऊपर है। शेष पृष्ठ 5 पर

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम भजनलाल से नार्वे राजदूत ने की शिष्टाचार भेंट



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से गुरूवार को नार्वे की राजदूत मे-एलिन स्टेनर ने मुख्यमंत्री कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने प्रदेश में निवेश के संबंध में चर्चा की। सीएम से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

### केजरीवाल के घर के सामने फेंका कूड़ा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने दिल्ली में सफाई के उचित इंतजाम नहीं किए जाने पर गुरुवार को गजब का विरोध जताया। स्वाति मालीवाल अपने समर्थकों के साथ गाड़ियों में कूड़ा भरकर अरविंद केजरीवाल के घर पहुंची और उनके घर के आगे कूड़ा फेंक दिया। इस दौरान स्वाति और उनके समर्थकों ने केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी भी की।

### झारखंड में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**रांची।** चतरा पुलिस ने हथियार और कारतूस के साथ तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों उग्रवादी तृतीय समिति प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के सदस्य हैं। सभी पलामू जिले के रहने वाले हैं। इनके नाम विकास कुमार यादव, गुड्डू यादव और तस्लीम अंसारी हैं। एसपी विकास कुमार पांडेय ने गुरुवार को यह जानकारकी दी।

### कुरान जलाने वाले युवक की हत्या

**स्टॉकहोम।** स्वीडन में सलवान मोमिका नाम के शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस शख्स ने साल 2023 में कई बार कुरान की प्रतियां जलाई थीं। कुरान की प्रतियां जलाने का यह मामला इतना बढ़ गया था कि मुस्लिम देशों ने भी इसकी आलोचना की थी। सलवान इराकी मूल का एक ईसाई नागरिक था।

### लैंड फॉर जॉब मामला : अगली सुनवाई सात को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में लैंड फॉर जॉब मामले में गुरुवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने दो अधिकारियों पर केस चलाने की मंजूरी दे दी है। इस मामले में लालू परिवार के पांच सदस्य आरोपी हैं। इसमें पूर्व आईएएस अधिकारी आर के महाजन भी शामिल हैं। अगली सुनवाई अब सात फरवरी को होगी। इससे पहले 16 जनवरी को होने वाली सुनवाई टाल दी गई थी। उस दिन कोर्ट ने एक रेलवे अधिकारी पर केस चलाने की अनुमति देने से इनकार कर दी थी। सात अक्टूबर को हुई सुनवाई में लैंड फॉर जॉब केस में लालू परिवार समेत सभी नौ आरोपियों को 1-1 लाख के निजी मुचलके पर बेल दे दी थी।

# कपूरथला हाउस में तलाशी लेने पहुंचा चुनाव आयोग

## बीजेपी नेताओं की शिकायत पर आयोग का एक्शन



### » दिल्ली सीएम आतिशी का आयोग पर हमला

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पंजाब के मुख्यमंत्री के रिहायशी कपूरथला हाउस में चुनाव आयोग की टीम तलाशी लेने पहुंची है। ये एक्शन बीजेपी नेताओं की शिकायत पर हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी कि पंजाब से भारी मात्रा में पैसा और शराब लाकर कपूरथला हाउस में डंप की जा रही है। केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू ने भी इसे लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। दिल्ली पुलिस सूत्रों का कहना है, इलेक्शन कमीशन के आदेश पर जिला पुलिस की एक टीम इलेक्शन कमीशन के साथ मौके पर मौजूद है। आरओ और एफएसटी की शिकायत पर ऐसा किया जा रहा है। एफएसटी की सुरक्षा के लिए पुलिस की मौजूदगी की जरूरत है। इस पूरे मामले में रिटर्निंग ऑफिसर और एसडीएम चाण्क्यपुरी ओपी पांडेय का भी बयान आया है। उनका कहना है कि चुनाव आयोग के पोर्टल सी विजिल पर हमें शिकायत मिली है कि कपूरथला हाउस से पैसा बांटा जा रहा है, इसलिए हम आए हैं। शिकायत को हमें सौ मिनट में डिस्पोज करना होता है। अंदर से परमिशन मांगी है। शेष पृष्ठ 5 पर

## प्रयागराज में महाकुंभ 2025

### मेला क्षेत्र में दूसरी बार लगी आग

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ में गुरुवार, 30 जनवरी को एक बार फिर आग लग गई। यह भीषण आग महाकुंभ के सेक्टर 22 में झूसी इलाके के छतनांग घाट के पास स्थित नागेश्वर पंडाल में लगी। इस आगजनी में कई टेंट जलकर खाक हो गए। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच कर आग बुझाने में जुट गया। कड़ी मशक्कत के बाद कुछ ही मिनटों में फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। इस आग की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसकी लपटें दूर से देखी जा सकती थीं। महाकुंभ क्षेत्र में नागेश्वर पंडाल लगी आग में राहत की बात यह है कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। यह आग दोपहर करीब पौने दो बजे लगी थी। आग से लाखों रुपए नुकसान का हुआ है, जिसमें कई टेंट जलकर खाक हो गए। पंडाल में मौजूद सभी लोग सुरक्षित हैं, समय रहते वह पंडाल से बार आ गए थे। इस संबंध में एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। घटना को लेकर मेला पुलिस अधिकारी सीओ प्रमोद शर्मा ने बताया कि यहां अनधिकृत रूप से टेंट लगे हुए थे। एसडीएम ने भी अनधिकृत रूप से टेंट लगने की पुष्टि की है।

## मध्य प्रदेश के पन्ना सीमेंट फैक्ट्री में बड़ा हादसा

# निर्माणाधीन छत का स्लैब गिरने से 4 मजदूरों की मौत, 15 घायल



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पन्ना में सीमेंट प्लांट की यूनिट में गुरुवार सुबह स्लैब गिरने से बड़ा हादसा हो गया है। बताया जा रहा है प्लांट में निर्माणाधीन हिस्से में छत की स्लैब डाली जा रही थी। प्लांट में निर्माणाधीन हिस्से में छत की स्लैब डाली जा रही थी, जहां सैकड़ों मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक भाड़ा (स्कैफोल्डिंग) गिर गया, जिसकी चपेट में कई मजदूर आ गए। मौके पर पहुंचे कमिश्नर वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि घटना में 4 लोगों की मौत हुई है। इनके शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे गये हैं। रावत ने 15 मजदूर घायल होने की पुष्टि भी की है। डीआईजी ललित शाक्यवार ने बताया कि चार मृतकों में तीन बिहार के रहने वाले हैं और एक पन्ना जिले के सिमरिया का रहने वाला है। शेष पृष्ठ 5 पर

### हादसे में इनकी गई जान

अंसार आलम (उम्र 34 वर्ष) निवासी पूर्णिया बिहार, मसूद (उम्र 36 वर्ष) पिता नसरूदीन, निवासी पूर्णिया बिहार, रोहित खरे (उम्र 32 वर्ष), निवासी सिमरिया पन्ना, मुस्फिर (उम्र 36 वर्ष), निवासी पूर्णिया बिहार।

# जुमा की बेटी आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार

## दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति रह चुके जैकब जुमा



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा की बेटी को आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद अब उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। जुमा की बेटी डुडुजिले जुमा-संबुदला संसद सदस्य भी हैं और उन पर जुलाई 2021 में दंगों के दौरान हिंसा भड़काने का आरोप है। जुलाई 2021 में हुए दंगों में 350 से ज्यादा लोग मारे गए थे।

पुलिस ने बताया कि डुडुजिले ने बृहस्पतिवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। वह आतंकवाद एवं संबंधित गतिविधियों से जुड़े अधिनियम तथा हिंसा भड़काने के आरोपों का सामना कर रही हैं। डुडुजिले के राजनीतिक दल ने इस बात की पुष्टि की है कि उन्हें बृहस्पतिवार को अदालत में पेश किया गया। डुडुजिले के खिलाफ मामला 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक किए गए एक पोस्ट पर आधारित है।

## राजस्थान विधानसभा सत्र आज से

### राज्यपाल के अभिभाषण से होगी शुरूआत

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा सत्र आज से शुरू होगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के अभिभाषण से विधानसभा सत्र की शुरूआत होगी। पहली बार राज्यपाल हरिभाऊ बागडे का अभिभाषण होगा। शुक्रवार सुबह 10.55 बजे राज्यपाल हरिभाऊ बागडे विधानसभा पहुंचेंगे। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे सुबह 10.50 बजे राजभवन से रवाना होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, स्पीकर वासुदेव देवनानी, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, विधानसभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा, सीएस सुधांश पंत अगवानी करेंगे। राज्यपाल को परम्परा के अनुसार विधानसभा परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। ठीक 11 बजे राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के अभिभाषण की शुरूआत होगी।

# वॉशिंगटन में प्लेन क्रैश: 18 यात्रियों की मौत

## अमेरिकी विमान में 60 यात्री और चार क्रू सदस्य थे सवार



**वॉशिंगटन।** वॉशिंगटन के रीगन नेशनल एयरपोर्ट पर बुधवार (29 जनवरी) रात एक बड़ा विमान हादसा हुआ, जब अमेरिकी एयरलाइंस का एक क्षेत्रीय जेट और एक सैन्य ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर आपस में टकरा गए। यह टक्कर लैंडिंग के दौरान हुई, जिससे विमान में सवार लोगों की जान खतरे में पड़ गई। मीडिया खबर के मुताबिक अब तक 18 शव बरामद किए जा चुके हैं, लेकिन अभी तक किसी भी जीवित यात्री के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि यह टक्कर रात करीब नौ बजे (ईटी) हुई, जब क्षेत्रीय जेट, जो कि कैनसस के विचिटा से उड़ान भरकर आया था, लैंडिंग के समय सेना के ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर से टकरा गया। अमेरिकी एयरलाइंस की फ्लाइट 5342 में 60 यात्री और चार क्रू सदस्य सवार थे। वहीं, ब्लैक हॉक सिकोरस्की एच-60 हेलीकॉप्टर में अमेरिकी सेना के तीन सैनिक मौजूद थे। शेष पृष्ठ 5 पर

## महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि

# पीएम मोदी ने राजघाट पर दी श्रद्धांजलि

## गांधी जी व्यक्ति नहीं, भारत की आत्मा हैं : राहुल गांधी








**नई दिल्ली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की गुरुवार को 77वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी समेत सभी बड़े नेताओं ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। उनके आदर्श हमें एक विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। मैं देश के लिए शहीद हुए सभी लोगों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनकी सेवा और बलिदान को याद करता हूं।

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि गांधी जी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, वह भारत की आत्मा हैं, और हर भारतीय में आज भी जीवित हैं। सत्य, अहिंसा और निडरता की शक्ति बड़े से बड़े साम्राज्य की जड़ें हिला सकती हैं, पूरा विश्व उनके इन आदर्शों से प्रेरणा लेता है। राष्ट्रपिता, महात्मा, हमारे बापू को उनके शहीद दिवस पर शत-शत नमन।

### बापू को श्रद्धांजलि, वे हमारे राष्ट्र के मार्गदर्शक : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा, शहीद दिवस पर हम बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। वे हमारे राष्ट्र के मार्गदर्शक रहे। सत्य, अहिंसा और सर्वधर्म समभाव के उनके विचार हमारे मार्ग को प्रकाशित करते रहते हैं। हमें उन लोगों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए जो समानता और सभी के उत्थान के उनके आदर्शों को नष्ट करना चाहते हैं। आइए हम भारत की विविधता में एकता की रक्षा करें और सभी के लिए न्याय और समानता सुनिश्चित करें।

## वक्फ (संशोधन) विधेयक

# ओम बिरला को सौंपी जेपीसी रिपोर्ट

## जगदंबिका पाल कर रहे थे जेपीसी की अध्यक्षता



**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पॉल ने जेपीसी की रिपोर्ट लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी है। बुधवार को समिति ने 665 पन्नों वाली इस रिपोर्ट को 11 के मुकाबले 15 मतों से स्वीकार किया था। इसमें भाजपा के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझाव समाहित हैं। वहीं विपक्ष के सदस्यों ने इसे असंवैधानिक बताया और आरोप लगाते हुए कहा कि यह कदम वक्फ बोर्डों को बर्बाद कर देगा।

भाजपा सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले साल अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में आधुनिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही लाने का प्रयास करने वाला है। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट को 11 के मुकाबले 15 मतों से मंजूरी दे दी गई। शेष पृष्ठ 5 पर

# शहीद दिवस: 2 मिनट का मौन रखकर अर्पित की श्रद्धांजलि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित महात्मा गांधी सर्किल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व जिला प्रमुख राजेश कुमार सहित अतिथियों ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तत्पश्चात बापू के प्रिय भजनों की प्रस्तुति के बाद शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। जिला प्रशासन की ओर से गुरूवार को आयोजित शहीद दिवस पर सुबह 10.30 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय जालोर के छात्र-छात्राओं ने रामधुन 'रघुपति राघव राजा राम,............' के भजन की प्रस्तुति दी।केन्द्रीय विद्यालय के बालक ने हारमोनियम वाद्य यंत्र बजाने के साथ मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत व राबाउमावि प्रताप चौक जालोर व महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालय शिवाजी नगर की बालिकाओं ने गांधीजी का प्रिय भजन ''वैष्णव जन तो तेने कहिये ............' की प्रस्तुति दी। कार्यं म का संचालन अम्बिका प्रसाद तिवारी ने किया। निर्धारित कार्यक्रम के तहत शहीद दिवस पर पूर्वान्ह 11 बजे उपस्थित सभी लोगों ने शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक कैलाश विश्नोई, जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी, जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक भेराराम, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक भगवानाराम चौधरी सहित बालक व बालिकाएँ तथा कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बडी संख्या में उपस्थित रहे।

# 7.2 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** पुलिस थाने की टीम ने बुधवार को 7.2 ग्राम एमडीएमए ड्रग पकड़ी है। रानीवाड़ा से आजोदर को जाने वाले रास्ते पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक बाइक सवार से यह ड्रग्स बरामद की। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही बाइक को भी जब्त कर लिया। रानीवाड़ा थानाधिकारी दीपसिंह चोहान ने बताया रेंज आईजी विकासकुमार के आदेशानुसार एंव एसपी ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशानुसार जिले भर अवैध मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम एवं तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रानीवाड़ा थाने की टीम ने रानीवाड़ा के निकट आजोदर में रानीवाड़ा से आजोदर को जाने वाले मुख्य सड़क पर संदिग्ध लगने पर एक बाइक चालक की तलाशी ली। जिस पर बाइक चालक रानीवाड़ा के आजोदर निवासी कालुपुरी (27) पुत्र रमेश पुरी गोस्वामी के कब्जे से 7.2 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए (मौली) जब्त करने के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम थानाधिकारी दीपसिंह, कॉन्स्टेबल रामनिवास, पुनमाराम, पारसराम, श्रवण कुमार व जोगाराम रहे।



# स्वेच्छा से नाम नहीं हटवाने पर अपात्र व्यक्तियों के विरूद्ध होगी कार्रवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित अपात्र व्यक्तियों के नाम स्वेच्छा से हटवाने के लिए 31 जनवरी तक चलाए जा रहे गिव अप अभियान के तहत जिले में अब तक 1403 परिवारों ने स्वेच्छा से योजना का लाभ छोड़ दिया हैं।

जिला रसद अधिकारी व जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि जिले में 31 जनवरी तक चलाए जा रहे गिव अप अभियान के तहत अब तक 1403 खाद्य सुरक्षा लाभार्थी परिवारों की ओर से आवेदन करने पर उनके नाम खाद्य सुरक्षा सूची से पृथक कर दिए गए हैं। इस अभियान के तहत अंतिम तिथि 31 जनवरी तक योजना का लाभ नहीं त्याग नहीं करने वाले अपात्र लाभार्थियों के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जिले के अपात्र एनएफएसए परिवारों से अपील की हैं कि वे स्वेच्छा से एनएफएसए योजना का लाभ त्याग करें ताकि गरीब पात्र एवं वंचित परिवारों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ मिल सकें। एनएफएसए योजना के तहत ऐसे परिवार जिसमें कोई आयकरदाता हो, जिसका कोई सदस्य सरकारी/अर्द्धसरकारी/स्वायतशासी संस्थाओं में कर्मचारी/अधिकारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर) निष्कासन सूची में आते हैं। सरकार ने इन श्रेणियों के परिवारों से स्वेच्छा से 31 जनवरी तक जनहित में एनएफएसए योजना का लाभ त्याग करने का आह्वान किया है।

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** नगर के वार्ड संख्या 8 के वाशिंदो ने अतिरिक्त जिला कलक्टर दौलतराम चौधरी को ज्ञापन सौंपकर भीनमाल-जसवंतपुरा मुख्य मार्ग से पुराना आरटीओ ऑफिस तक जर्जर सड़क का निर्माण करवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि उक्त मार्ग पर नगरपालिका की करीब बीस कॉलोनी के करीब दो हजार परिवार निवास करते हैं, जहां 24 घंटे लोगों का आवागमन रहता है। उक्त सड़क निर्माण को लेकर पूर्व में कई बार नगरपालिका प्रशासन को लिखित रूप से अवगत करवाने के बावजूद सड़क निर्माण कार्य नहीं होने से आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण कार्य चालू नहीं किया गया तो मजबूरन मोहल्लेवासियों को धरना प्रदर्शन का सहारा लिया जाएगा। इस अवसर दिनेश भट्ट, छगनलाल राजपुरोहित व अधिवक्ता दिनेश हिंजड़े सहित बड़ी सं2या में मोहल्लेवासी मौजूद थे।

# सड़क हादसे में एक की मौत, जीनगर समाज ने विरोध में सौंपा ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** जीनगर समाज के लोगों ने पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस उप अधीक्षक भवानीसिंह इन्दा को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। जीनगर समाज के पावर्ती देवी जीनगर ने बताया कि गत 12 जनवरी को रविवार को रात्रि में लगभग 7.50 पीएम पर संजयकुमार पुत्र टिकमचन्द जीनगर एवं भरतकुमार पुत्र अशोककुमार जीनगर निवासी रानीवाडा कलां अपने एक्टीवा पर सवार होकर मालवाडा से रानीवाड़ा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान भीनमाल सडक मार्ग पर भवानी होटल से थोड़ा आगे की रानीवाडा की तरफ से तेज गति एवं लापरवाही से चलाते हुए ट्रक से ट्रक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में मौके पर ही एक्टीवा सवार संजय कुमार की मृत्यु हो गई थी एंव भरत कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया था। घायल का मावजत हॉस्पीटल पालनपुर में इलाज चल रहा है। जो लगभग 80 प्रतिशत अपंग होकर जिन्दगी और मौत से संघर्ष कर रहा है। मृतक संजय कुमार पुत्र टिकम चन्द जीनगर बहुत ही गरीब परिवार का केवल एक मात्र कमाने वाला पुत्र था जो सड़क दुर्घटना में खत्म हो गया तथा भरत कुमार पुत्र अशोक कुमार जीनगर भी गरीब परिवार का सदस्य है तथा घर में कमाने वाला एक मात्र सदस्य था। जो गम्भीर रूप से घायल हो चुका है राजस्थान पुलिस की ओर से उक्त दर्ज दुर्घटना प्रकरण में अभी तक ट्रक चालक को गिरफ्तार नहीं किया है। जिससे आम जीनगर समाज में भयकंर रोष व्याप्त है तथा न्याय प्राप्ति से महरूम है। दुर्घटना होने से जीनगर समाज के एक परिवार का चिराग समाप्त हो गया है तथा दूसरा गम्भीर रूप से घायल होकर जीवन संघर्ष कर रहा है। जिसे आर्थिक रूप से उचित सहायता व मुआवजा दिलवाने सहित ट्रक को पकड़कर ड्राईवर के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई है। इसी मांग को लेकर जीनगर समाज के लोगों ने गुरूवार को पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस उप अधीक्षक भवानीसिंह इन्दा को ज्ञापन सौंपकर जल्द न्याय दिलवाने की गुहार लगाई है। डीएसपी ने आश्वासन देते हुए जल्द मामले को खुलासा करने की बात कही है। इस दौरान जीनगर समाज के लोग मौजूद थे।



# राजकीय महाविद्यालय में खेल सप्ताह का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** जीके गोवाणी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में खेल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रस्साकस्सी, म्युजिकल चेयर कबड़ी दौड़ लम्बी कूद आदि खेलों में छात्रों ने बढ़चढ कर भाग लिया। म्यूजिकल चेयर में ऊमा कुमारी, कबड्डी में उर्मिला कुमारी ग्रुप और रोहित ग्रुप प्रथम स्थान पर रहे। दौड़ में सादिक खान, चतराराम व सागर ने प्रथम एवं द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए। लम्बी कूद में कृष्णा देवासी प्रथम, सलोनी द्वितीय एवं ललिता तृतीय। हितेशसिंह, दशरथसिंह, रोहित ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए। ऊंची कूद में कृष्णा देवासी व दशरथ सिंह प्रथम स्थान पर रहे। आयोजन स्थल पर प्राचार्य धर्मपाल स्वामी, सहायक आचार्य लाखमसिंह राठौड़, भलाराम, सुमित विश्नोई, नरेश महेला, विक्रमकुमार, सोनल चौधरी, श्रीराम विश्नोई एवं सुनील सोलंकी उपस्थित रहे।

# स्कूल के सामने हाइवे सड़क मार्ग पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** जालेरा कलां गांव में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के सामने निकल रहे स्टेट हाइवे सड़क मार्ग पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने रानीवाड़ा उपखंड अधिकारी सुनील कुमार को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल के सामने महादेव का मंदिर भी है, वहां पर हमेशा ग्रामीणों का आवागमन होता रहता है, वहीं स्कूल के समय एवं छुट्टी होने पर बच्चों को सड़क पार करते समय तेज गति से निकल रहे वाहनों से दुर्घटना की आशांका बनी रहती है। जिसको लेकर स्कूल के सामने बच्चों की सुरक्षा के लिए स्पीड ब्रेकर लगाया जावे, जिससे ग्रामीणों और बच्चों को राहत मिल सके। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि पाताराम देवासी, मसरूराम कासेला, वचनाराम नोंगू, मफाराम कासेला, महेन्द्र देवासी, हंजाराम मेघवाल, प्रागाराम देवासी, दीपाराम देवासी, लसाराम आल व माधाराम भोगरा सहित बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# द्वितीय सोपान कार्यक्रम आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** स्थानीय आदर्श विद्या मंदिर खारी रोड में द्वितीय सोपान कार्यक्रम का आयोजन जिला शिशु वाटिका प्रमुख श्रीमती ललिता सांखला, अभिभावक श्रीमती जिना व श्रीमती कामिनी की मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम में चिड़ियाघर कार्यशाला, विज्ञान प्रयोगशाला में अभिभावकों की कार्यशाला रखी। इस दौरान नन्हे मुन्ने भैया बहनों ने कविता गीत, भोजन मंत्र व गायत्री मंत्र की प्रस्तुतिया दी। संस्कार प्रक्रिया में बताया गया कि बालक को संस्कार गर्भावस्था में ही मिलता है। संस्कार तीन प्रकार के होते हैं पूर्व जन्म के वंशानुगत, वातावरण जनित बालक में 85 प्रतिशत संस्कार निर्माण 5 वर्ष की आयु तक हो जाता है। इसलिए माता को बताया गया है कि इस उम्र तक बालक का विशेष ध्यान देकर उनका लालन पालन ठीक तरह से किया जाए। घर के वातावरण में ही शिशु अधिक संस्कारवान बन सकता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रंजन पटेल, नीमा व मुकेश सहित बड़ी सं2या में अभिभावक व विद्यालय स्टाफ मौजूद था।

# नसबंदी शिविर में महिलाओं को हुई परेशानी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में गुरूवार को आयोजित नसंबदी शिविर में महिलाओं को भारी समस्या का सामना करना पड़ा। नंशबदी केन्द्र पर न तो महिलाओं के बैठने की व्यवस्था थी और नही मरिजों के परिजनों को सुविधा दी गई। विभाग का संबधित कोई अधिकारी मौजूद नहीं था। अव्यवस्थाओं को लेकर मामले की शिकायत उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार चौधरी को दी तो उन्होंने बीसीएमओ डॉ. ओपी सुथार को मौके पर भेजा तथा व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## इनका कहना है - कुछ समस्या रही थी

नंसबंदी के लिए महिलाओं के कुछ व्यवस्था सरकार को भी करनी होती है। व्हील चैयर जैसी कुछ समस्या रही है। जिसको लाने के लिए बोला था। लेकिन व्हील चैयर नहीं लाई।

**- रूपसिंह देसवाल,शिविर इंचार्ज।**

## संबधित एनजीओ को पांबद किया

शिविर में कुछ अव्यवस्थाऐं थी। जिसको मौका स्थल पर जाकर संबधित एनजीओ को पांबद किया गया। ताकि महिलाओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े ।

**- डॉ. ओपी सुथार बीसीएमओ सांचौर ।**

## सख्त कार्रवाई होगी

नंसबदी शिविर में अगर किसी प्रकार की अव्यव-स्थाए रही तो संबंधित के खिलाफ कर्रवाई होगी। वैसे संबधित अधिकारी को शिविर स्थल जाने का निर्देश भी दिया है।

**- प्रमोद कुमार चौधरी, उपखंड अधिकारी सांचौर ।**

# नगरपालिका प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** स्थानीय गणेश नाडी के पास खसरा नंबर 4565 व 4573 करीब दो बीघा गैर मुमकिन रास्ता पर तारबंदी, माट व छपरा बनाकर किए गए अतिक्रमण को बुधवार को नपा प्रशासन ने हटाया। नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी तेजराज भंडारी के आदेश पर कनिष्ठ अभियंता अतुल तिवारी व अतिक्रमण प्रभारी बाबूलाल बंजारा के नेतृत्व में जमादार सुमेरमल, रविकुमार व श्रीमती राजूदेवी की टीम द्वारा बुलडोजर की सहायता से बेदखल किया गया। इस दौरान अतिक्रमियों द्वारा बेदखली की कार्यवाही को रुकवाने और पालिका प्रशासन पर दबाव डालने के लिए महिलाओं को आगे कर बुलडोजर के आगे बैठ गए। जिन्हें नगरपालिका की कर्मचारियों द्वारा बड़ी मुश्किल से हटाया गया।

# शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एरिया एवं जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जिले में पंचायतीराज संस्थाओं में रिक्त हुए पदों पर 14 फरवरी को होने वाले उप चुनाव के दौरान शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एरिया तथा जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यं मानुसार पंचायतीराज संस्थाओं में रिक्त पदों पर पंचायत समिति सदस्यों के लिए नामांकन प्रं या 3 फरवरी तक एवं सरपंच व पंचों के लिए नामांकन प्रं या 5 से 6 फरवरी तक एवं इनके मतदान (यदि आवश्यक हो तो) 14 फरवरी को उप चुनाव कराना जाना है। भीनमाल पंचायत समिति के वार्ड संख्या 4 में पंचायत समिति सदस्य के लिए सम्पूर्ण ग्राम पंचायत दांतीवास के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर भीनमाल दौलतराम चौधरी को एरिया व भीनमाल तहसीलदार नीरज कुमारी को जोनल मजिस्ट्रेट तथा चितलवाना पंचायत समिति के वार्ड सं. 4 में पंचायत समिति सदस्य के लिए ग्राम पंचायत जानवी के वार्ड सं. 1 से 11, केसरी ग्रा.पं. के वार्ड सं. 1 से 9, खासरवी ग्रा.पं. के वार्ड सं. 5 से 9 व संथूड़ी ग्रा.पं. के वार्ड सं. 6 से 9 के लिए चितलवाना उपखण्ड मजिस्ट्रेट कर्मवीरसिंह को एरिया व चितलवाना तहसीलदार चमनलाल को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया है। इसी प्रकार भीनमाल पंचायत समिति की मोदरा ग्राम पंचायत के वार्ड सं. 7 में वार्ड पंच के लिए जालोर उपखण्ड मजिस्ट्रेट मनोज को एरिया मजिस्ट्रेट व जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित को जोनल मजिस्ट्रेट, बागोड़ा पंचायत समिति की लाखनी ग्रा.पं. में सरपंच पद के लिए सम्पूर्ण ग्राम पंचायत वार्ड सं. 1 से 11 के लिए बागोड़ा उपखण्ड मजिस्ट्रेट हीरसिंह चारण व बागोड़ा तहसीलदार मोहनलाल को जोनल मजिस्ट्रेट, जसवंतपुरा पंचायत समिति की रामसीन के वार्ड सं. 13, जोड़वाड़ा के वार्ड सं. 4 व गजापुरा के वार्ड संख्या 6 में वार्ड पंच के लिए जसवंतपुरा उपखण्ड मजिस्ट्रेट रामलाल को एरिया व जसवंतपुरा तहसीलदार रानीवाड़ा तहसीलदार हनवंत सिंह को जोनल मजिस्ट्रेट मजिस्ट्रेट बनाया गया है। वही चितलवाना पंचायत समिति की चितलवाना के वार्ड सं. 8 व केरिया के वार्ड सं. 13 में वार्ड पंच के लिए चितलवाना उपखण्ड मजिस्ट्रेट कर्मवीर सिंह को एरिया व चितलवाना तहसीलदार चमनलाल को जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जोनल मजिस्ट्रेट उन्हें आवंटित क्षेत्र में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्ण उत्तरदायी होंगे। जोनल मजिस्ट्रेट अपने आवंटित क्षेत्र में निरन्तर भ्रमण करेंगे एवं मतदान से पूर्व अपने आवंटित क्षेत्र में जाकर स्थिति का भलीभांति आंकलन कर संबंधित एरिया मजिस्ट्रेट को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए उनके निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करेंगे। सरपंच एवं वार्ड पंच के निर्वाचन के लिए मतदान दलों की रवानगी 4 फरवरी को जालोर जिला मुख्यालय से होगी। मतदान 14 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। इस दौरान शांति व्यवस्था तथा समय-समय पर मतदान प्रतिशत की सूचना नियंत्रण कक्ष को देंगे। जोनल मजिस्ट्रेट 4 फरवरी व 14 फरवरी को चुनाव समाप्ति तक आवंटित क्षेत्र में निरन्तर भ्रमण करेंगे।

# संगठन की ओर से प्रदत्त जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक करेंगी पालन : जिलाध्यक्ष भंडारी

## ▸ डॉ रक्षा भंडारी बनी भाजपा सिरोही जिलाध्यक्ष

## ▸ प्रदेश प्रतिनिधि शंकरसिंह राजपुरोहित की मौजूदगी में हुई उनके नाम की घोषणा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही/आबूरोड।** सिरोही भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पद पर आखिरकार गुरुवार को डा रक्षा भंडारी के नाम पर मुहर लगा दी गई। उनकी घोषणा के साथ कई दिन से अध्यक्ष पद के संभावित दावेदारों को लेकर चल रही चर्चा पर विराम लग गया। डा भंडारी की नियुक्ति पर सभी एकमत नजर आए।

भाजपा में संगठन की संरचना को लेकर चलाए जा रहे संगठन पर्व के तहत सिरोही के भाजपा जिलाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर गुरुवार को शांतिवन के आनंद सरोवर में प्रदेश प्रतिनिधि व पूर्व विधायक शंकरसिंह राजपुरोहित, जिला संगठन प्रभारी राजेंद्रकुमार गहलोत, जिलाध्यक्ष सुरेश कोठारी, जिला चुनाव सहयोगी बाबूभाई पटेल, जिला महामंत्री नरपतसिंह राणावत, दीपाराम पुरोहित, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, प्रधान हंसमुख मेघवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित व पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण के सान्निध्य में भाजपा पदाधिकारियों व प्रमुख कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए 17 आवेदकों ने नामांकन दाखिल किए थे। उनमें से 14 आवेदक मैदान में डटे रहे। दोपहर तीन बजे पहुंचे प्रदेश प्रतिनिधि शंकरसिंह राजपुरोहित ने बंद कमरे में सभी दावेदारों से वार्ता की और उन्हे संगठन की रीति-नीति से अवगत कराया। भाजपा जिला प्रवक्ता रोहित खत्री ने बताया कि संगठन पर्व पर जिलाध्यक्ष के पद के प्रत्याशियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी जिलाध्यक्ष पद के लिए जो भी निर्णय लेगी उसका सभी समर्थन करेंगे।



इसके बाद हुई सभा में प्रदेश प्रतिनिधि शंकरसिंह राजपुरोहित ने मंच से संबोधन कर सिरोही भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए डॉ रक्षा भंडारी के नाम की घोषणा की। उनकी नियुक्ति पर वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर उन्हें बधाई दी। डा भंडारी ने सभी का आभार जताया। उन्होंने पूर्ण शालिनता के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित सहित अन्य वरिष्ठ जनों का वंदन किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी ने कहा कि संगठन ने जिलाध्यक्ष के रूप में उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर निष्ठा से कार्य करते हुए सभी को साथ लेकर चलने एवं पार्टी की रीति नीति को देश-प्रदेश में आगे बढ़ाने की दिशा में प्रमुखता के साथ कार्य करने का प्रयास करेंगी। पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

# न्यूज़ ब्रीफ

## कुष्ठ रोग जागरूकता पखवाड़े का शुभारंभ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की और से राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 30 जनवरी से 13 फरवरी तक कुष्ठ जागरूकता पखवाडा मनाया जा रहा है। इसके तहत आमजन को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक करने के उद्वेश्य से गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य भवन से जन जागरूकता वाहन को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। सीएमएचओ डॉ. दिनेश खराड़ी ने स्वास्थ्य भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा दो मिनट मौन रखा गया। साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजन को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक करने के उद्वेश्य से शपथ दिलाई। डिप्टी सीएमएचओ (स्वास्थ्य) डॉ. एस पी शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सुपरवाईजर, आशाओं द्वारा डोर टू डोर सर्वे किया जायेगा।

## महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** महाविद्यालय में गुरुवार को खेलकूद समिति के तत्वावधान में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। विविध आउटडोर एवं इण्डोर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. अजय शर्मा ने कहा कि एक स्वस्थ्य शरीर में ही एक स्वस्थ्य मस्तिष्क निवास करता हैं। अतः प्रत्येक छात्र-छात्रा को खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने कौशल का विकास करना चाहिए। खेलकूद समिति प्रभारी प्रो. रामनारायण शास्त्री ने आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं के संबंध में खिलाड़ियों को आवश्यक जानकारी प्रदान की। नगाराम देवासी, राजेन्द्रसिंह, पर्वतसिंह, अमृत माली ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## आरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट तिवारी ने किया परिचित अभ्यास



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** थाने में गुरुवार को थानाधिकारी टीकमाराम की उपस्थिति में आरपीएफ के सहायक कमांडेंट राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में परिचित अभ्यास किया गया। जिसमें सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र, सुरक्षा सखी और आम नागरिकों को दंगा और आपदा में कैसे बचाव करें उस बारे में बताया गया।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** पंचायत समिति रेवदर के सभा भवन में गुरुवार को जिला रजिस्टार सियाराम मीना एवं साख्यिकी विभाग सिरोही की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें पहचान पोर्टल के बारे मे ग्राम विकास अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण मे विकास अधिकारी हेमाराम, ब्लांक साख्यिकी अधिकारी राधेश्याम, अरविन्द कुमार, भरतसिंह, हरिश, प्रकाश सोनी, रूपकंवर,महेन्द्र कुमार, रणजीत कुमार, डुंगरसिंह, लक्ष्मीलाल, रमेश सुथार, रमेश विश्नोई, रतनदीपसिंह आदि मौजूद थे।

## उपचुनाव को लेकर 5 को करें नाम निर्देशन प्रस्तुत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** ग्राम पंचायत छीबागांव के वार्ड संख्या 02 के वार्ड पंच के पद रिक्त होने से उपचुनाव करवाए जाने हैं। 29 जनवरी को अधिसूचना जारी हो चुकी थी। जिला निर्वाचन अधिकारी अल्पा चौधरी ने बताया कि निर्धारित कार्यं म के अनुसार सरपंच एवं पंच के लिए 5 फरवरी को सवेरे 10 से शाम 5 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे। 6 को 10 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, दोपहर बाद नाम वापसी, चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लडने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन होगा। 14 को सवेरे 8 से शाम 5 बजे तक मतदान की तिथि निर्धारित की गई है। इसके बाद मतगणना होगी।

## पूर्व विद्यार्थी मिलन समारोह कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में रविवार को पूर्व विद्यार्थी मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी प्राचार्य ने दी।

# किसानों ने किया शाखा प्रबंधक के खिलाफ प्रदर्शन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** जेतावाड़ा ग्राम सेवा सहकारी समिति के बचत खाते से बैंक मैनेजर ने बिना चेक से करीब 8.56 लाख की राशि हस्तांतरण के मामले में दूसरे दिन गुरुवार को किसानों ने जमकर प्रदर्शन किया। अध्यक्ष व ग्रामीणों ने कहा कि समिति के खाद बीज की राशि समिति को जानकारी दिए बिना हस्तातरित करने से जमा राशि की सुरक्षा में अब खतरा दिख रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों ने धरना देकर मंडार शाखा प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी कर विरोधा जताया। समिति अध्यक्ष उत्तम चौधरी, उपाध्यक्ष दिनेश पुरेहित ने किसानों की बचत खाता व समिति के खाद बीज की राशी बैंक में सुरक्षित नहीं होने की बात की गई। अध्यक्ष चौधरी ने समितियों के आस्तियों का वर्गीकरण नियम का हवाला देते हुए रजिस्ट्रार, उपरजिस्ट्रार (नियम) के पत्र का परिपत्र अनुसार कार्रवाई अमल में लाने पर ही राशी समितियो की सहमति पर सम्भव हो सकती है। उपाध्यान दिनेश पुरोहित ने बताया कि समिति के बचत खाता की राशि दूसरी जगह डालने से अब किसानों को खाद-बीज खरीदने का संकट आ गया है।

# 23 केंद्रों पर 6,111 अभ्यर्थी देंगे आरएएस प्री परीक्षा

## » कल 12 से 3 बजे तक होगी परीक्षा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर की ओर से राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा रविवार को दोपहर 12 से 3 बजे तक सिरोही जिले के 23 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। जिसमें 6 हजार 111 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रशासन की ओर से सुचारू एवं शांतिपूर्ण रूप से बेहतर ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए तैयारी शुरु कर दी है। परीक्षा को लेकर गुरुवार को कृषि विभाग के आत्मा सभागार में एडीएम डॉ. दिनेश राय सापेला की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया जाएगा। एडीएम डॉ सापेला ने बताया कि जिला मुख्यालय सिरोही के 16 परीक्षा केन्द्र तथा उपखण्ड मुख्यालय शिवगंज के 7 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें 6111 अभ्यर्थी पंजीकृत है। परीक्षा को लेकर सभी केन्द्राधीक्षक, सहायक केन्द्राधीक्षक, पर्यवेक्षक, उपसमन्यक एवं सतर्कता दल के प्रभारी एवं सदस्यों प्रशिक्षण भी दिया गया।



### ▸ जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित

इस परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसके जिसके नम्बर 02972-225327 एवं 9414356275 हैं। इस परीक्षा के सूचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए तीन सतर्कता दलों का गठन किया गया है। इस दल में राजस्थान प्रशासनिक सेवा, राजस्थान पुलिस सेवा, राजस्थान शिक्षा सेवा के अधिकारियों के दल को शामिल किया है। जिसमें जिला मुख्यालय पर 2, उपखण्ड मुख्यालय शिवगंज पर 1 दल बनाए है। जो लगातार निगरानी करेंगे। इसके अलावा कानून एवं सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

### ▸ अभ्यर्थी ड्रेस कोड की करें पालना

एडीएम ने बताया कि कोई भी अभ्यर्थी प्रतिबंधित सामग्री परीक्षा के समय लेकर नहीं आवें। प्रवेश पत्र के साथ-साथ पहचान पत्र के लिए मूल पहचान पत्र साथ लेकर आवें। अभ्यर्थी ड्रेस कोड एवं आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों की पूर्ण पालना करें। अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने से एक घण्टे पहले प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# 'व्यावसायिक शिक्षा का भी विद्यार्थी जीवन में बड़ा महत्व'

## » जिलास्तरीय कौशल मॉडल प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर और जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा सिरोही के संयुक्त तत्वावधान में व्यावसायिक शिक्षा योजना के तहत जिला स्तरीय कौशल मॉडल प्रतियोगिता 2024.25 का आयोजन किया गया। यह आयोजन बग्गीखाना परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि सहायक निदेशक अजय माथुर, एडीपीसी कांतिलाल आर्य, एपीसी डॉ. नरेन्द्रसिंह चारण ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी परबतसिंह ने व्यावसायिक शिक्षा में संचालित विभिन्न ट्रेड के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। एडीपीसी आर्य ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए भविष्य में व्यावसायिक शिक्षा की उपयोगिता पर बल देकर विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक जीवन में कौशल विकसित कर रोजगार उपार्जन के लिए आत्मनिर्भर बनने की बात कही। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा का भी विद्यार्थी जीवन में बड़ा महत्व है। डॉ. चारण ने विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा में जोड़ने एवं सहभागिता के बारे में सम्बलन प्रदान किया। कार्यक्रम में 85 संभागी एवं 57 व्यावसायिक प्रशिक्षक/कौशल मित्रों ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका मीरपुर विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविन्दराम आर्य, प्रधानाचार्य नरेश चौहान, दीपचंद, व्याख्याता अनिता चौहान, फूलाराम गर्ग, रतीराम प्रजापत एवं हर्ष माथुर ने पूर्ण निष्पक्ष भाव से निभाई। आयोजन में झालाराम प्रजापत, सुरेन्द्रसिंह सोलंकी, जितेन्द्रसिंह सिन्दल, मघाराम नोगिया, नरेन्द्रसिंह बारड़, कैलाशचन्द्र, रमेशचन्द्र पटेल, मोहनलाल राणा, एमआईएस राजेश खत्री का विशेष सहयोग रहा।



### ये प्रतिभा रही अव्वल

*व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी परबतसिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के तहत मॉडल आइटी/आइटीइएस में अक्षय कुमार आबूरोड, विकास माली रामपुरा तथा मानसी राबाउमावि सिरोही। ब्लेक एण्ड वाइट में रितिका कंवर, राउमावि वेलांगरी, कविता देवडा राउमावि वीरवाडा तथा रेणुका कंवर राबाउमावि शिवगंज। स्वास्थ्य देखभाल में वर्षा कुमारी पुरोहित राउमावि कैलाशनगर, खुशाल कुमार राउमावि अजारी तथा हिमांशु परिहार राउमावि भारजा। ऑटोमोटिव में सुमित मालवीय मगारावि जीरावल, भविष्य कुमार भाटी पीएमश्री मगारावि जावाल तथा जसवंतसिंह राउमावि तंवरी। सिक्यूरेट्री में पवन कुमार राउमावि नितोड़ा, पियुष गिरी गोस्वामी पीएमश्री वीरवाडा तथा निभेयसिंह राउमावि पिण्डवाडा-गौतम कुमार प्रजापत राउमावि सांतपुर। रिटेल में लक्ष्मण राउमावि वेलांगरी, तुलसी कुमारी मगारावि रेवदर तथा दीपिका राबाउमावि, रेवदर। टेक्निकल एण्ड हैल्थ में अश्विन कुमार राउमावि भारजा, रविन्द्रसिंह, राउमावि अजारी तथा दीपक कुमार,राउमावि आदर्श। कृषि क्षेत्र में मयुर राउमावि, कैलाशनगर, परिणा कंवर राउमावि झाड़ोलीवीर तथा वंश माली राउमावि काछोली। फूड प्रोसिंग में नीता सुथार, राउमावि मनादर, टेलिकॉम में पंकज कुमार राउमावि चनार, धीरज माली राउमावि मोहब्बतनगर तथा राजवीरसिंह मगाराविआमथला। बीएफएसआई में महावीरसिंह मगाराविनागाणी। एप्परेल में साधना कुमारी राबाउमावि मण्डार क्रमशः पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे। अतिथियों ने सभी को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।*

## एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददता**

**पिंडवाड़ा।** केरला पादर में गुरुवार को एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य शिविर सेंटर फॉर माइक्रोफाइनेंस और पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें करीब एक हजार बकरियों को दवा पिलाई गई। सीएमएफ संस्था की कार्मिक हेमलता रावत ने ग्रामीणों को बकरियों के बिमारीयों से बचाव की विभिन्न जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बकरियों को नियमित रूप से टीकाकरण कराना, साफ सुथरा चारा और पानी देना, मल-मूत्र का तुरंत निस्तारण करने, खाने पीने की जगह को साफ करने की जानकारी दी गई। बीरबलराम, सुरेश कुमार, रीना, पशुपालन विभाग से वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी चंद्र शेखर बडगुर्जर, गोवर्धनलाल सैनी एवं अर्जुनलाल उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** जेआर महाविद्यालय में गुरुवार को जीवतराम शर्मा की नवमीं पुण्यतिथि पर महाविद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्राचार्य डॉ. जेएस. पंवार ने शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शर्मा द्वारा जो शिक्षा रूपी जो वटवृक्ष लगाया था। वो आज संपूर्ण भारत वर्ष में विस्तृत फलक रूप में शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान दे रहें हैं। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। निलेश पुरोहित, खुशवंतसिंह, नरेश थिंगोर, देवेंद्रसिंह, दशरथ गर्ग एवं बसंत देवासी उपस्थित रहे।

## प्रयाग नोबेल विद्यालय का वार्षिकोत्सव कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** प्रयाग नोबल विद्यालय का वार्षिकोत्सव शनिवार को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। संस्थान के निदेशक आचार्य भरत राजपुरोहित ने बताया कि वार्षिकोत्सव में दंडी स्वामी देवानन्द सरस्वती का सानिध्य, मुख्य अतिथि जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, उपवन संरक्षक कस्तूरी प्रशांत सुले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वर लाल शिरकत करेंगे। कार्यं म की अध्यक्षता गौ सेवक व समाजसेवी दलपत राजपुरोहित करेंगे। विशिष्ट आतिथ्य प्रधान हसमुख कुमार, कालन्द्री सरपंच महिपालसिंह देवड़ा, बीइइओ आनंदराज आर्य, नैनसिंह राजपुरोहित, अर्जुनसिंह तंवर, विक्रमसिंह देवड़ा आदि उपस्थित रहेंगे। वार्षिकोत्सव में स्वागत राठौड़ प्रस्तुति देंगे।

CMYK CMYK



मुख्यमंत्री सहायता निधि

# चिकित्सा सहायता पाना और आसान

▸▸ सरकार ने जारी किया निर्णय

▸▸ सिफारिशें देने एक समिति गठित

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुख्यमंत्री सहायता निधि से चिकित्सा सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए बीमारियों की पुनर्समीक्षा, वित्तीय सहायता की नई राशि निर्धारण और अस्पतालों के संबद्धता मानदंड तय करने के संबंध में सिफारिशें देने हेतु एक समिति गठित की गई है। इस संबंध में सरकारी निर्णय जारी किया गया है। मुख्यमंत्री सहायता निधि कक्ष के प्रमुख रामेश्वर नाईक ने उक्त जानकारी दी। इस समिति में निदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय (मुंबई) अध्यक्ष होंगे।




### बीमारियों की पुनर्समीक्षा करेगी सरकार

मुख्यमंत्री सहायता निधि कक्ष के कक्ष अधिकारी इस समिति के सदस्य सचिव होंगे। मुख्यमंत्री सहायता निधि से सहायता प्राप्त करने के लिए वर्तमान में शामिल 20 बीमारियों में से अन्य सरकारी योजनाओं में समाहित बीमारियों की पुनर्समीक्षा करना, साथ ही नई बीमारियों को सहायता सूची में जोड़ने की सिफारिश करना, सड़क दुर्घटनाओं को छोड़कर अन्य दुर्घटनाओं के लिए आवश्यक दस्तावेजों को निश्चित करना, बीमारियों के लिए अनुमोदित वित्तीय सहायता राशि की पुनर्समीक्षा कर नई निर्धारित राशि की सिफारिश करना, तथा मुख्यमंत्री सहायता निधि के लिए अस्पतालों के संबद्धता मानदंडों को महात्मा ज्योतिराव फुले जन स्वास्थ्य योजना और केंद्र-राज्य सरकार की अन्य चिकित्सा योजनाओं के अनुरूप तय करने की सिफारिश करना इस समिति के कार्यों में शामिल होगा।

### समिति में शामिल डाक्टरों के नाम

▪ स्वास्थ्य निदेशालय (मुंबई) के निदेशक, आयुष निदेशालय (मुंबई) के निदेशक, सर जेजे अस्पताल समूह के अधिष्ठाता, लोकमान्य तिलक स्मारक अस्पताल (सायन) के अधिष्ठाता, मुख्यमंत्री के सलाहकार डा. आनंद बंग, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय (मुंबई) के पूर्व निदेशक डा. प्रवीण शिनगारे, पूर्व निदेशक डा. तात्याराव लहाने, एशियन कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक डा. रमाकांत देशपांडे, डा. बाबासाहेब आंबेडकर चिकित्सा प्रतिष्ठान (छत्रपति संभाजीनगर) के सचिव डा. अश्विनी कुमार तुपकरी, केईएम अस्पताल (मुंबई) के पूर्व अधिष्ठाता डा. अविनाश सुपे, टाटा मेमोरियल सेंटर (परेल, मुंबई) के शैक्ष ाक निदेशक डा. श्रीपाद बनावली, कौशल्य धर्मार्थ अस्पताल (ठाणे) के निदेशक डा. संजय ओक, बॉम्बे अस्पताल (मुंबई) के नेफ्रोलॉजी विभाग प्रमुखडा. बिच्छू श्रीरंग, पी.डी. हिंदुजा अस्पताल (मुंबई) के मुख्य परिचालन अधिकारी डा. जॉय चक्रवर्ती, नायर अस्पताल (मुंबई) के हृदय रोग विभाग प्रमुख डा. अजय चौरसिया, बॉम्बे अस्पताल (मुंबई) के कंसल्टेंट फिजिशियन एवं इंटेंसिविस्ट डा. गौतम भंसाली, नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट (नागपुर) के चिकित्सा निदेशक डा. आनंद पाठक तथा दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल (पुणे) की अस्पताल प्रबंधन समिति के सचिव डा. माधव भट सदस्य के रूप में कार्य करेंगे।

# हर मुंबईकरों के घर का सपना होगा साकार : एकनाथ शिंदे

▪ मुंबई छोड़कर गए मुंबईकरों को वापस लाएंगे
▪ प्रभादेवी क्षेत्र के छह पुनर्विकास कार्यों का किया निरीक्षण

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** हर किसी के जीवन में एक सुंदर, विशाल घर होने का सपना होता है। मुंबईकरों ने भी यही सपना संजोया है। घर की समस्या के कारण मुंबईकर मुंबई से बाहर चले गए हैं। ऐसे मुंबईकरों को फिर से मुंबई में वापस लाकर शासन सामूहिक पुनर्विकास के माध्यम से उनके विशाल घर का सपना पूरा करेगा, यह आश्वासन गुरुवार को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दिया। कुछ विकासक विकास करने के लिए ली गई इमारतों को छोड़कर चले गए, उन्होंने निवासियों को किराया भी नहीं दिया। ऐसे विकासकों को हटाया जाएगा, यह बताते हुए उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा, आम लोगों को वहनीय और विशाल घर देने के लिए, यदि आवश्यक हुआ तो नियम, कानूनों में बदलाव करने पड़ेंगे तो वह भी किए जाएंगे। प्रभादेवी में छह समूह पुनर्विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद दादर, माहिम और प्रभादेवी क्षेत्रों के लंबित पुनर्विकास के संबंध में समीक्षा कार्यक्रम उपमुख्यमंत्री श्री शिंदे की अध्यक्षता में स्वातंत्र्यवीर सावरकर सभागृह, शिवाजी पार्क, दादर में संपन्न हुआ। मंच पर सिद्धिविनायक गणपति मंदिर न्यास के अध्यक्ष सदा सरवणकर, उपाध्यक्ष जायसवाल, एसआरए के मिलिंद शंभरकर, कल्याणकर सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्यक्ष सरवणकर ने प्रस्तावना की।

### कैबिनेट के सामने लाएंगे ऐसे निर्णय

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ चर्चा करके ऐसे निर्णय मंत्रिमंडल के सामने लाए जाएंगे। रुके हुए पुनर्विकास कार्यों को सामूहिक पुनर्विकास के माध्यम से गति दी जाएगी। ठाणे में भी इस तरह सामूहिक पुनर्विकास योजना शुरू हो गई है। सामूहिक पुनर्विकास योजना को लागू करते समय आने वाली सभी बाधाओं को दूर किया जाएगा।



▪ भिवंडी में सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत समाजसेवी रूप सिंह राजपुरोहित ने 300 बाइक चालकों को हेलमेट व 250 रिक्शा चालकों को यूनिफार्म वितरित किए। इस अवसर पर आशुतोष डुबरे (पुलिस आयुक्त, ठाणे) , ज्ञानेश्वर चव्हाण (सह आयुक्त, ठाणे), पंकज शिरसाट (पुलिस उप आयुक्त), शरद ओहोल (सहायक पुलिस आयुक्त भिवंडी) ,महेश पाटिल (पुलिस निरीक्षक नारपोली) एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।



▪ राजस्थानी व्यापारी एसोसिएशन मंडल, मुंबई की ओर से एसीपी राजेश बाब शेट्टी, ट्राम्बे विभाग को पुष्पगुच्छ देकर सत्कार करते राजस्थानी व्यापारी मंडल एसोसिएशन के अध्यक्ष कांतिलाल पुरोहित एवं संस्थापक भवर सिंह पिलोवनी।

# जनता की शिकायत पर मेहता पहुंचे राशनिंग कार्यालय

राकेश विश्वकर्मा / जागरूक टाइम्स

**मीरा भायंदर।** मीरा भायंदर के सरकारी राशन की दुकानों में राशन का नहीं मिलना और राशनिंग कार्यालय में दलालों के दबदबे की शिकायत के बाद विधायक नरेंद्र मेहता ने भायंदर स्थित राशनिंग कार्यालय का दौरा कर सरकारी बाबुओं की जमकर क्लास ली। ग्राहकों की माने तो राशन कार्ड संबंधित शिकायतों को लेकर जरूरी कागजात के साथ वे कार्यालय में बैठे सरकारी बाबुओं से मिलते है पर उनका काम नहीं होता है और जब वही काम दलालों को दे देते है तो बड़ी आसानी से काम हो जाता है। गौरतलब है राशन कार्ड में नए नाम चढ़ाने,बंद हुए राशन कार्ड को वापस शुरू करने और नए राशन कार्ड के नाम पर जनता को सरकारी बाबू तारीख पे तारीख देते रहते है।



▸▸ अधिकारियों-बाबुओं की ली जमकर क्लास

### बाबुओं की जेबें गर्म करते दलाल

दलालों की मार्फत सरकारी बाबू अपनी जेब गर्म करते है। एक नागरिक ने बताया कि हजारों रुपए बतौर घूस मांगे जाते है जब तक घूस नहीं देते है तब तक कागजात के नाम पर उन्हें बहकाया जाता है। नरेंद्र मेहता ने अधिकारियों की क्लास लेते हुए कहा कि दलालों की बजाय खुद जनता के काम करें नाहक ही जनता को परेशान ना करें। वो दलाली पर लगाम लगाएंगे। मेहता ने राशनिंग कार्यालय को लेकर कहा कि जनता काम सरकारी कर्मचारी करें उनकी कोई समस्या है वो उसको सुलझाने का काम करेंगे। नागरिकों ने राशनिंग कार्यालय के कर्मचारियों के प्रति रोष व्यक्त करते हुए कहा कि राशनिंग कार्यालय में बैठी प्रमुख अधिकारी महिला है और जब एक महिला यहां अपना काम लेकर आती है तो उसे तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# पद्मश्री डा. विलास डांगरे का सीएम ने किया सम्मान

▸▸ होम्योपैथी क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य सराहनीय

**नागपुर।** पद्मश्री सम्मान से अलंकृत डा. विलास डांगरे के तपोवन स्थित निवास पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने नागपुर दौरे के दौरान समय निकालकर सदिच्छा भेंट दी और उनका अभिनंदन किया। होम्योपैथी क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर डा. डांगरे को पद्मश्री पुरस्कार घोषित किया गया। उन्होंने अपने पास आने वाले प्रत्येक मरीज को उचित उपचार के साथ नया विश्वास दिया। होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किए जाने पर उन्होंने इसे इस चिकित्सा पद्धति का सम्मान बताया। उन्होंने कहा कि गरीबों को न केवल सही इलाज मिलना चाहिए, बल्कि उन तक विश्वास भी पहुंचना चाहिए। यही विश्वास देने का प्रयास मैं अब तक करता आया हूं और आगे भी करता रहूंगा। डा. विलास डांगरे के परिवारजनों ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्वयं उनके घर आकर शुभकामनाएं दीं, जिससे हम भावुक हो गए।



# घरेलू ग्राहकों को दोहरा लाभ

▪ बिजली दर कटौती के साथ दिन में बिजली उपयोग पर अधिक छूट
▪ प्रति यूनिट 80 पैसे से एक रुपए तक की छूट देने का प्रस्ताव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महावितरण ने महाराष्ट्र विद्युत नियामक आयोग के समक्ष दायर बिजली दर याचिका में घरेलू ग्राहकों के लिए चरणबद्ध तरीके से बिजली दरों में कटौती की अनुमति मांगते हुए दिन में बिजली उपयोग करने पर अतिरिक्त छूट देने का भी प्रस्ताव रखा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में महावितरण ने पिछले ढाई वर्षों में ऊर्जा परिवर्तन के लिए उल्लेखनीय कार्य करते हुए वैकल्पिक ऊर्जा के उपयोग को प्राथमिकता दी है। सौर ऊर्जा से उत्पन्न बिजली सस्ती होने के कारण महावितरण के लिए बिजली दरों में कटौती संभव हो रही है। साथ ही, चूंकि सौर ऊर्जा दिन में ही उपलब्ध



होती है, इसलिए जो घरेलू ग्राहक इस समय बिजली का उपयोग करेंगे, उन्हें प्रति यूनिट 80 पैसे से एक रुपए तक की छूट देने का प्रस्ताव महावितरण ने रखा है।

### ▸▸ कई उपकरणों में खपत होती अधिक बिजली

घरेलू बिजली उपयोग में मिक्सर, इस्त्री, वॉशिंग मशीन, ओवन आदि उपकरणों के लिए अधिक बिजली की आवश्यकता होती है। यदि इन उपकरणों का उपयोग सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे के बीच किया जाए, तो घरेलू ग्राहक टीओडी छूट का प्रभावी रूप से लाभ उठा सकते हैं। साथ ही, गर्मियों में दिन के समय पंखे, कूलर और एसी का उपयोग बढ़ जाता है, जिससे इस दौरान टीओडी छूट अधिक फायदेमंद साबित होगी।

### मुफ्त मिलेगा टीओडी मीटर

टीओडी सुविधा का लाभ उठाने के लिए यह जानना जरूरी है कि ग्राहक ने किस समय बिजली का उपयोग किया है। वर्तमान में घरेलू ग्राहकों के मीटर में टीओडी सुविधा उपलब्ध नहीं है। हालांकि, महावितरण द्वारा घरेलू ग्राहकों को टीओडी छूट का लाभ देने के लिए उन्हें मुफ्त टीओडी मीटर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### सुबह नौ से शाम पांच बजे तक मिलेगा लाभ

महावितरण द्वारा विद्युत नियामक आयोग के समक्ष प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार, घरेलू ग्राहकों को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे के बीच बिजली उपयोग के लिए रियायती दरों का लाभ मिलेगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रति यूनिट 80 पैसे, 2026-27 में 85 पैसे, 2027-28 में 90 पैसे, 2028-29 में 95 पैसे और 2029-30 में 1 रुपये की छूट दी जाएगी। यदि आयोग इस प्रस्ताव को मंजूरी देता है, तो यह छूट 1 अप्रैल से लागू हो सकती है। जिस समय बिजली का उपयोग किया जाता है, उसके आधार पर बिजली दरों में छूट देने की प्रक्रिया को तकनीकी भाषा में टीओडी कहा जाता है। यह सुविधा अब तक केवल उद्योगों को उपलब्ध थी, लेकिन अब इसे उद्योगों के साथ घरेलू ग्राहकों के लिए भी लागू किया जाएगा।

# व्यक्ति पर चाकू से हमला

▸▸ हमलावर गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नालासोपारा।** तुलिंज पुलिस स्टेशन क्षेत्र में दिन दहाड़े एक 42 वर्षीय व्यक्ति पर चाकू से हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया हैं। जानकारी के अनुसार पूर्व के नालेश्वर नगर निवासी जनार्दन हनुमंत राठौड़ (42) नामक व्यक्ति ने सीवरेज कार्य के लिए गड्ढा खोदा था। तभी जगदम्बे चॉल निवासी सुनील प्रशांत कदम ने पूछा कि रूम के पास गड्ढा क्यों खोदा हैं। इसी बात को लेकर उसने राठौड़ को मां-बहन की गाली देना शुरू कर दिया। मामला इतना बढ़ गया कि उसने चाकू से राठौड़ पर हमला कर दिया। इस हादसे में राठौड़ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन फानन में उसे इलाज के लिए नागिनदास पाड़ा मनपा अस्पताल ले जाया गया। पेट में गंभीर चोट लगने के कारण उसे आगे के इलाज के लिए डा. बाबासाहेब आंबेडकर मनपा अस्पताल, कांदिवली रेफर कर दिया गया। जहां उसका उपचार चल रहा हैं। राठौड़ के शिकायत व बयान के आधार पर पुलिस ने सुनील कदम के खिलाफ कलम 109, 351 (2),352 के तहत केस दर्ज कर, गिरफ्तार कर लिया हैं।




# श्रीबाबा रामदेवपीर भजन सत्संग आज

▸▸ माही बीज के अवसर पर भव्य आयोजन

**मीरा-भायंदर।** श्री बाबा रामदेवपीर ट्रस्ट, मुंबई द्वारा माही बीज के अवसर पर श्री बाबा रामदेवपीर भजन सत्संग का भव्य कार्यक्रम 31 जनवरी को प्रातः आठ बजे शुभारंभ हो जाएगा। इस अवसर पर राजस्थानी कलाकार भजनों की शानदार प्रस्तुति देंगे। लोकमान्य तिलक महानगर पालिका हॉल, सरस्वती नगर, नवघर रोड, गुरुद्वारा के पास, भायंदर (पूर्व) में आयोज्य यह कार्यक्रम प्रातः वरघोड़ा, आरती-पूजा, मंदिर स्थापना, दीप प्रज्ज्वलन सहित विभिन्न धार्मिक गतिविधियों के साथ दिनभर मनाया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रघुनाथपीर धुणी ट्रस्ट अध्यक्ष मुन्नालाल मेंशन, सालरिया से सूरज नगाराम गहलोत, अखिल मेघवाल विकास संस्था प्रदेश (दिल्ली) मुख्य संरक्षक नारायण लाल राठौड़, मेघवाल एवं कंपनी वाणगांव (घनसोली) से गोविंदराम घीसाराम वामणिया (धामणी), सफाल (पालघर) के रेलवे स्टेशन मास्टर चुन्नीलाल मनाराम आगलेचा (भागली), पीराराम दलाराम चौहान मेवीकला एवं लखाराम रूपाराम परमार जैला (सिरोही) उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी गिरधारी लाल तंवर ने दी है।



### मदन राठौड़-टीना प्रजापत की होगी शानदार प्रस्तुति

इस अवसर पर भजन सम्राट एंड पार्टी सुमेरपुर किशोर पालीवाल, शीतल वैष्णव एवं मुकेश चौहान भजनों से भक्ति की सरिता बहाएंगे। वहीं वायोसा म्यूजिकल ग्रुप आहोर के मदन राठौड़ एवं डांसर टीना प्रजापत शानदार प्रस्तुतियां देंगे। पप्पू मारवाड़ी अपनी भव्य झांकियां प्रस्तुत करेंगे।

## डाक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**नालासोपारा।** विरार पुलिस स्टेशन में एक 31 वर्षीय महिला ने एक डाक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है।पुलिस इस मामले में भारतीय दंड संहिता 337 के तहत केस दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार,31 वर्षीय महिला समेल पाड़ा,नालासोपारा पश्चिम में रहती है। दर्ज मामले में बताया गया है कि,आरोपी डॉक्टर ने महिला का गर्भपात करते समय उचित देखभाल न करते हुए लापरवाही व गलत तरीके से उपचार किया है,जिससे गर्भपात के दौरान महिला के गर्भाशय में कट लग गया, जिससे गर्भाशय में रक्तस्राव होने लगा,जिससे महिला की जान को खतर मंडराने लगा। यह घटना फरवरी 2024 की है। पुलिस ने बताया कि,शिकायतकर्ता (महिला ) द्वारा दायर शिकायत आवेदन में सर्जन पालघर से फीडबैक प्राप्त करने के बाद,फीडबैक के अनुसार 29 जनवरी को विरार पुलिस स्टेशन में आरोपी डॉक्टर महादेव तोड़ारे के ऊपर उक्त धारा के तहत केस दर्ज किया गया है।

# यूरोप के सबसे बड़े देश से भी ज्यादा एक दिन में नहाए लोग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

रात आठ बजे तक आकंड़ों को मुताबिक प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर 7.64 करोड़ लोगों ने डुबकी लगाई। जिले की आबादी 72 लाख से ज्यादा है। यानी, मौनी अमावस्या के दिन जिले में साढ़े आठ करोड़ से ज्यादा लोगों की मौजूदगी रही। वहीं, यूरोप में सबसे बड़े देश जर्मनी जिसकी आबादी 8 करोड़ से ज्यादा है, मौनी अमावस्या के दिन उसकी आबादी भी प्रयागराज पहुंची भीड़ से कम पड़ गई। इसी तरह ब्रिटेन की आबादी 6 करोड़ 91 लाख है, तो वहीं फ्रांस की जनसंख्या 6.65 करोड़ ही है। इतना ही नहीं दक्षिण अमेरिका के 54 देशों में से सिर्फ तीन देशों की आबादी ही मौनी अमावस्या पर प्रयागराज से ज्यादा रही। इनमें अमेरिका, ब्राजील और मैक्सिको शामिल हैं। जबकि कोलंबिया, अर्जेंटीना, कनाडा से लेकर उरुग्वे तक महाकुंभ में प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर लोगों की मौजूदगी से कम रहे।

13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ 26 फरवरी तक चलेगा। महाकुंभ में शेष महत्वपूर्ण स्नान तिथियां 3 फरवरी (बसंत पंचमी-तीसरा शाही स्नान), 12 फरवरी (माघी पूर्णिमा) और 26 फरवरी (महा शिवरात्रि) हैं।

## बिड़ला महाविद्यालय में गांधी जी की पुण्यतिथि का आयोजन

**कल्याण।** बी.के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्पांजलि एवं भजन का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के शिक्षा निदेशक डा. नरेश चन्द्र ने बापू को नमन करते हुए महात्मा गांधी के त्याग और बिड़ला परिवार की नजदीकियों को याद किया। प्राचार्य डा. अविनाश पाटील ने महात्मा गांधी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके विचारों को हर युग के लिए प्रासंगिक बताया। इस अवसर पर उप प्राचार्या डा. मनिंदर कौर, डा. हरीश दुबे, डा. महादेव यादव, डा. लक्षिता सोनी, सुश्री स्मिता गुप्ता आदि पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। संयोजक डा. श्यामसुंदर पाण्डेय ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में गांधी अध्ययन केंद्र के सदस्य प्रा. अनिल तिवारी, डा. अर्चना सिंह, डा. वृंदा निशानदार, डा. धीरज शेखावत, डा. दिनेश वानुले, दीपाली देशपांडे, कृति पाण्डेय, सुमिता भोसले और छात्रों की विशेष भूमिका रही।

# महापारेषण की वार्षिक दैनंदिनी-प्लानर-2025 का प्रकाशन

▸▸ महापारेषण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डा. संजीव कुमार ने किया विमोचन

**मुंबई।** महापारेषण की वार्षिक दैनंदिनी, प्लानर-2024 और सेवा भर्ती विनियम पुस्तिका का महापारेषण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. संजीव कुमार (भा.प्र.से.) के हाथों विमोचन किया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक अविनाश निंबाळकर, मानव संसाधन निदेशक सुगत गमरे, मुख्य अभियंता सुनील सूर्यवंशी, किशोर गरुड, भूषण बल्लाल, कंपनी सचिव विनीता श्रीवाणी, मुख्य महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) नागसेन वानखेडे, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) राजू गायकवाड, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) मंगेश शिंदे, मुख्य औद्योगिक संबंध अधिकारी भरत पाटील, उपमुख्य सुरक्षा एवं कार्यान्वयन अधिकारी किशोर पाटील, उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) नितीन कांबळे, अभय रोही, प्रोटोकॉल अधिकारी सतीश जाधव, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मिलिंद आवताडे, रेणुका नाटके उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापारेषण कंपनी के ब्लॉग और लिंक्डइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का अनावरण भी डॉ. संजीव कुमार द्वारा किया गया। इसके अलावा, बिना किसी दुर्घटना के सेवा प्रदान करने के लिए संजय भगत और कमलेश यादव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभिक भाषण और धन्यवाद ज्ञापन जनसंपर्क अधिकारी डा. मिलिंद आवताडे ने किया।



▪ महापारेषण की वार्षिक दैनंदिनी और प्लानर-2025 का प्रकाशन महापारेषण का विमोचन करते अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डा. संजीव कुमार। इस अवसर पर परियोजना निदेशक अविनाश निंबालकर, मानव संसाधन निदेशक सुगत गमरे, कंपनी सचिव विनीता श्रीवाणी, मुख्य अभियंता सुनील सूर्यवंशी, मुख्य महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) नागसेन वानखेडे, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) राजू गायकवाड, मंगेश शिंदे, जनसंपर्क अधिकारी डा. मिलिंद आवताडे तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### महापारेषण का जनसंपर्क विभाग अग्रणी

महापारेषण-2024 की दैनंदिनी और कैलेंडर को पब्लिक रिलेशंस काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा सर्वश्रेष्ठ तीन पुरस्कार मिले। इसके अलावा, पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा महापारेषण के जनसंपर्क विभाग को 'सर्वश्रेष्ठ सोशल मीडिया एवं पीआर' और 'भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रीय जागरूकता अभियान' विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस वर्ष, महापारेषण के जनसंपर्क विभाग ने कंपनी का स्वतंत्र https://mahatransco.blogspot.com/ ब्लॉग शुरू किया है, जहां भर्ती से जुड़ी विज्ञप्तियां और अपडेट उपलब्ध होंगी। इसके अलावा, https://www.linkedin.com/in/maha-transco/ लिंक्डइन प्लेटफॉर्म भी शुरू किया गया है।

मध्य रेलवे अपर महाप्रबंधक

# प्रतीक गोस्वामी ने पदभार संभाला

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक प्रतीक गोस्वामी ने 29 जनवरी को पदभार संभाला लिया है। वे 1988 बैच के भारतीय रेलवे भंडार सेवा के अधिकारी हैं। मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक का पदभार संभालने से पहले, मध्य रेल के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक और मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। साथ ही कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे थे। प्रतीक गोस्वामी जयपुर के मालवीय नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी से सिविल इंजीनियरिंग स्नातक और मुंबई के इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी से स्नातकोत्तर हैं। वे 1988 में भारतीय रेलवे भंडार सेवा में शामिल हुए। अपने 35 वर्षों के प्रतिष्ठित कार्यकाल के दौरान, गोस्वामी ने भारतीय रेल और अन्य संगठनों में विभिन्न पदों पर महत्वपूर्ण पद संभाले हैं। उन्हें 2017 में केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा भारत के तत्कालीन उपराष्ट्रपति के हाथों "सतर्कता उत्कृष्टता पुरस्कार" भी मिला है।



CMYK CMYK

## अवैध हथियार के सप्लायर गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** पुलिस ने हरिओम आश्रम स्थित नाकाबंदी के दौरान छह जनों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित ने बताया कि ने बताया कि हरीओम आश्रम के पास नाकाबंदी चल रही थी। इस दौरान छह बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक देसी कट्टा, एक डमी देसी कट्टा, तीन जिन्दा कारतूस व एक खाली केस बरामद किया। पूछताछ व जांच के दौरान आरोपियों के पास से मीडिया व पुलिस के फर्जी आई कार्ड भी बरामद किए गए। थानाधिकारी पुरोहित ने बताया कि कार्रवाई में वसा नगला पुलिस थाना कमालगंज उत्तरप्रदेश निवासी केशवसिंह उर्फ रंजू पुत्र सुरेन्द्रसिंह, नावड़ किशनपुरा थाना बामनवास जिला सवाई माधोपुर निवासी शीशराम पुत्र अम्बालाल, चेतराम पुत्र मिश्रीलाल, नया गांव जन अस्पताल निवासी अर्थन त्रिवेदी पुत्र संदीप त्रिवेदी तथा लिवाली थाना बामनवास जिला सवाई माधोपुर निवासी दीपक पुत्र मुकेश को गिरफ्तार किया। काईवाई में हैड कांस्टेबल सोहनलाल आसेरी, रघुवीर मीणा, मेघाराम चौधरी, आसूचना अधिकारी राकेश कुमार, कांस्टेबल भवानीसिंह, धर्मेन्द्र कुमार, रामचंद्र, ललित मोहन, दिनेश कुमार एवं श्रवण कुमार का सहयोग रहा।

## हनुमान मंदिर में संकीर्तन व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** नाथद्वारा रिसाला चौक के निकट झाड़न वाला अखाड़ा के हनुमान मंदिर में राम धुन संकीर्तन व सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ मंगलवार रात्रि को हुआ। संगठित हिन्दू, सशक्त भारत परिवार की ओर से प्रति मंगलवार को होने वाले सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन रिसाला चौक के निकट झाड़न अखाड़ा परिसर में स्थित प्राचीन अखाड़े में किया गया। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष नीरज शर्मा ने बताया कि एक वर्ष से भी अधिक समय से नगर के अलग-अलग हनुमान मंदिरों में प्रत्येक मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में 28 जनवरी को व्यायामशाला में 92 वें सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया। संकीर्तन व हनुमान चालीसा पाठ के दौरान श्रद्धालु बारिश से भीगकर आनंद से सराबोर हुए। सामूहिक पाठ में अखाड़े के उस्ताद कमल गुर्जर, रमाकांत गुर्जर, सुरेंद्र कुमावत, प्रेमनारायण माली, हेमन्त पालीवाल, हेमंत मीणा, रमेश दशोरा, सुभाष सनाढ्य, विजय भील, देवराज प्रजापत, भूपेश भील, भावेश भील, प्रेम भील, राजेश कीर, लक्ष्य सेन व अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## राजकीय मॉडर्न स्कूल में मनाया 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडर्न स्कूल राजसमंद केलवा में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के द्वारा विदाई समारोह मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य मीनाक्षी पानेरी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख र दिेवी जाट वरिष्ठ अतिथि उप जिला प्रमुख सोहनी देवी गुर्जर, केलवा सरपंच सुमन साहू, खटामला सरपंच हिम्मत सिंह, प्रताप मंडल के अध्यक्ष हमेर सिंह बल्ला, एस एम सी अध्यक्ष कमलेश पालीवाल थे। विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम में युगांतर थीम पर विभिन्न युर्गा के बीच अंतर को दर्शाते हुए नृत्य नाटिकाओ के माध्यम से कार्य' म की प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान पुर्व उप प्रधान भरत पालीवाल, भामाशाह नरेंद्र बोहरा, समाजसेवी माधव लाल जाट, नानालाल सिंधल, महेंद्र कोठारी, सुनील साहू, लक्ष्मण प्रजापत, रमेश देवड़ा, हीरालाल पालीवाल, धर्मेश पालीवाल, लक्ष्मण सांवरिया,दिपक पालीवाल, एवं समस्त विधालय स्टाफ एवं अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विजेश चारण ने किया।



## पेज एक का शेष...

**कपूरथला हाउस में तलाशी लेने पहुंचा...**

सीएम आतिशी का बीजेपी पर हमलाः- कपूरथला हाउस में चुनाव आयोग की टीम के एक्शन को लेकर दिल्ली की सीएम आतिशी ने बीजेपी पर हमला बोला है। आतिशी ने कहा, दिल्ली पुलिस भगवंत मान के दिल्ली के घर पर रेड करने पहुंच गई है। बीजेपी वाले दिन दहाड़े पैसे, जूते, चद्दर बांट रहे हैं, वो नहीं दिखता। बल्कि एक चुने हुए मुख्यमंत्री के निवास पर रेड करने पहुंच जाते हैं।वाह री भाजपा! दिल्ली वाले पांच तारीख को जवाब देंगे।

**अन्ना का केजरीवाल पर हमलाः-** अन्ना हजारे ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस व्यक्ति (केजरीवाल) ने कभी समाजसेवा की राह पर चलने की बात की थी, वह अब भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरा हुआ है। केजरीवाल ने सत्ता में आने के बाद पैसों को अधिक महत्व देना शुरू कर दिया और उनकी प्राथमिकताएं बदल गईं। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा, 'अब क्या किया जा सकता है? जब इंसान अपने मूल सिद्धांतों से भटक जाता है, तो उसका रास्ता अलग हो जाता है।' हजारे ने संकेत दिया कि सत्ता के लालच में पड़कर केजरीवाल ने उन मूल्यों को छोड़ दिया, जिनके लिए उन्होंने संघर्ष किया था।

**संकल्प पत्र के 55 प्रतिशत वादें एक साल...**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश में खजाना खाली छोड़ कर गई थी लेकिन अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विकास के लिए किसी भी तरह के वित्तीय संसाधनों की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने पार्टी के सभी मंत्रिगण-विधायकगणों को विधानसभा में नियमित उपस्थिति देते हुए राज्य सरकार के विजन को सदन में रखने के लिए कहा। इस दौरान प्रयागराज महाकुम्भ में हुए हादसें में श्रद्धालुओं की मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग सहित मंत्रीगण एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी विधायकगण उपस्थित रहे।

**ओम बिरला को सौंपी...**

समिति ने गत सोमवार को हुई एक बैठक में भाजपा के सदस्यों द्वारा प्रस्तावित सभी संशोधनों को स्वीकार कर लिया था और विपक्षी सदस्यों के संशोधनों को खारिज कर दिया था। समिति में शामिल विपक्षी सदस्यों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक के सभी 44 प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव रखा था और दावा किया था कि समिति की ओर से प्रस्तावित कानून विधेयक के 'दमनकारी' चरित्र को बरकरार रखेगा और मुस्लिमों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने का प्रयास करेगा।

**वॉशिंगटन में प्लेन क्रैशः 18 यात्रियों...**

ट्रंप-पुतिन ने जताया दुखः- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया और कहा, मैं इस भयानक दुर्घटना को लेकर पूरी तरह से अवगत हूं। ईश्वर मृतकों की आत्मा को शांति दे। मैं हालात पर नजर रखे हुए हूं और जल्द ही और जानकारी दूंगा। उन्होंने सवाल उठाया कि साफ मौसम में विमान की लाइटें क्यों जल रही थीं और एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने हेलीकॉप्टर को निर्देश क्यों नहीं दिए। यह एक बुरी स्थिति है, जिसे रोका जा सकता था। यह ठीक नहीं है! इस बीच, रूस ने इस हादसे पर दुख जताया है। क्रेमलिन ने पुष्टि की कि इस दुर्घटना में रूसी नागरिक भी मारे गए हैं। इसमें रूसी आइस स्केटिंग कोच और पूर्व विश्व चैंपियन येवगेनिया शिशकोवा और वादिम नौमोव भी शामिल थे।

**निर्माणाधीन छत का स्लैब गिरने से...**

मृतकों को 18-18 लाख रुपए देगा प्लांट प्रबंधनः- प्लांट का दौरा कर लौटे अधिकारियों ने बताया कि मृतकों को प्लांट प्रबंधन की तरफ से 18-18 लाख रुपए दिए जाएंगे। घायलों को एक-एक लाख रुपए दिए जाएंगे। साथ ही कटनी के अस्पताल में सभी का इलाज किया जा रहा है। जब तक घायल मजदूर पूर्ण रूप से स्वस्थ्य नहीं हो जाते तब तक प्रबंधन की तरफ से इलाज करवाया जाएगा। सभी को पूरी सैलरी भी दी जाएगी।

## मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में पंजीयन की अपील

# 1 फरवरी से ही मिलने लगेगा 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा एवं 10 लाख दुर्घटना बीमा का लाभः गुर्जर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी फ्लैगशिप योजना मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का लाभ प्रदेश के बड़े शहरों से लेकर गांव तक हर जरुरतमंद नागरिक को मिल रहा है। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अंतर्गत पंजीकृत परिवार को 25 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा एवं 10 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा कवर का लाभ मिल रहा है। योजना में पंजीकृत परिवार जिले के समस्त अधिकृत 28 निजी एवं 19 राजकीय चिकित्सालयों में निशुल्क इलाज का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। योजना में पंजीयन से वंचित परिवारों को 31 जनवरी, 2025 तक पंजीयन कराने पर 1 फरवरी 2025 से ही योजना का लाभ मिल सकेगा। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि जिले में कुल परिवारों में से 90 प्रतिशत परिवार मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में पंजीकृत है। उन्होंने शेष समस्त वंचित परिवारों से अपील की है कि वे सभी 31 जनवरी, 2025 तक मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में पंजीकरण करवा लेना चाहिए ताकि 1 फरवरी 2025 से योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हमें अपने परिवार को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में पंजीकरण करवाकर अपने परिवार को सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि 31 जनवरी 2025 तक योजना में रजिस्ट्रेशन ना करवाने पर तीन माह बाद यानी 1 मई, 2025 से लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि कई बार परिवार का पंजीकरण नहीं होने और बीमारी या दुर्घटना होने की स्थिति से परिवार निशुल्क उपचार से वंचित होना पड़ता है और इससे उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। योजना में पंजीयन करवाने के बाद लाभार्थी को 25 लाख रूपए तक का निशुल्क इलाज मिल सकेगा। साथ ही 10 लाख रूपए तक का चिरंजीवी दुर्घटना बीमा भी निशुल्क मिलेगा।

डॉ. गुर्जर ने बताया कि जिले में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अंतर्गत जिले में कुल 73 अस्पताल अधिकृत है। जिसमें 28 राजकीय चिकित्सालय एवं 45 निजी चिकित्सालय शामिल है। योजना में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, सामाजिक-आर्थिक जनगणना-2011, लघु एवं सीमांत किसान, संविदा कर्मियों तथा कोविड-19 की अनुग्रह राशि प्राप्त करने वाले निराश्रित एवं असहाय परिवारों के लिए बीमा का प्रीमियम सरकार वहन कर रही है। ऐसे परिवारों का पंजीकरण स्वतः ही हो रहा है। अन्य सभी परिवार मात्र 850 रूपए प्रीमियम जमा करवाकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। योजना के अंतर्गत अपने परिवार का पंजीकरण करवाने के लिए जन आधार कार्ड, आधार कार्ड, जन आधार पंजीयन रसीद के द्वारा अपने नजदीकी ई-मित्र के माध्यम से एवं स्वयं की एसएसओ आईडी से अपना पंजीकरण करा सकते है।

## छापोली ग्राम पंचायत को नगरपालिका बनाने की मांग को लेकर सर्वसमाज की मिटिंग आयोजित

**उदयपुरवाटी।** विधानसभा क्षेत्र के छापोली ग्राम पंचायत को लेकर नगरपालिका बनाने की मांग काफी दिनों से लेकर जोरों पर जिसको लेकर बुधवार को ग्रामवासियों के द्वारा छापोली के गोरिया खेल ग्राउंड में सर्वसम्मति से सर्वसमाज की मिटिंग आयोजित की गई। जिसमें विधायक भगवानाराम सैनी के पुत्र नरेश सैनी को ज्ञापन सौंपा। उनसे आग्रह किया गया है कि छापोली को नगरपालिका बनाने में सहयोग करें और काफी चीजों को लेकर विस्तार से विचार विमर्श किया गया और संघर्ष समिति का गठन किया गया। हर मापदंड में छापोली ग्राम पंचायत फिट बैठती है। जिसकी 52 हजार बीघा का क्षेत्रफल और 1000 वर्षा पुराना कस्बा है। तीन राजस्व भी शामिल हैं और छापोली की जनसंख्या 25000 के लगभग है और मतदाता की संख्या 11500 लगभग है। साथ ही 11 बड़ी क्रेशर संचालित है और छापोली गांव में बच्चों की एवं बच्चियों के लिए सीनियर स्कूल अलग अलग विभाजित है और अस्पताल एवं उप स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय भी मौजूद है एवं 21 वार्ड है जिसमें हर वार्ड की मतदाता संख्या 600 के लगभग है इसलिए जिला कलेक्टर एवं मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि सही मापदंड को देखते हुए छापोली ग्राम पंचायत को जल्द ही नगरपालिका में क्रमोन्नत करके छापोली की जनता को खुशी प्रदान करें। इस मौके पर एडवोकेट हंसराज कबीर, प्रवीण मिश्रा, रोहिताश गुर्जर छापोली, किशोरीलाल सैनी, रतनलाल सैनी, राकेश मीणा उप सरपंच, दिनेश मीणा, विक्रम सैनी, कमलेश कुमार, भगवान सिंह, बीरबल सैनी, बनवारीलाल सैनी, सीताराम गुर्जर, दिनेश सैनी, नरेश सैनी, बाबूलाल सैनी, सुरेश गुर्जर, किशोर गुर्जर, कानाराम सैनी, मोहन सैनी, खेताराम गुर्जर आदि अन्य सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## श्री गांधीबाल निकेतन का वार्षिकोत्सव सम्मान समारोह कल

**चूरू।** श्री गांधी बाल निकेतन का वार्षिकोत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह शनिवार को सुबह 10 बजे से पंडित दीनदयाल उपाध्य टाउन हॉल में आयोजित किया जाऐंगा।

संगीत प्रशिक्षक महेश कत्थक ने बताया कि वार्षिकोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देश की विविधावर्णी संस्कृति की जीवंत झांकिया देखने को मिलेगी जिसमें राजस्थानी, पंजाबी, बंगाली, कश्मीरी नृत्य व गायन आदि शामिल होगें तथा ऑर्केस्ट्रा - लोग गीत मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगें।

प्रधानाचार्या उषा मिश्रा ने बताया कि कायक्रम में विभिन्न कियाकलापों के अन्तर्गत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली कुल 151 प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

## व्यक्तित्व को परिमार्जित करती है प्रतियोगिताःशर्मा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** लोहिया महाविद्यालय में सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं



खेलकूद सप्ताह के तीसरे दिन का शुभारंभ करते हुए प्राफेसर अरविन्द शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय की पावन धरा को ही ये वरदान है कि यहाँ के विद्यार्थियों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ सहशैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से व्यक्तित्व को परिमार्जित व विकसित करने का सुअवसर मिलता है। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय की गौरवशाली शैक्षणिक गतिविधियों के साथ सहशैक्षणिक परम्परा का हवाला देते हुए कहा कि यहाँ के विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ही नहीं अपितु खेलकूद गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं और शिक्षा के साथ समग्रता से अपने व्यक्तित्व को निखारने है। सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ ट्विंकल शर्मा ने बताया कि आज के दिन निबंध प्रतियोगिता व स्व रचित कविता पाठ प्रतियोगिता के साथ वाद विवाद व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय संस्कृति की पुनर्स्थापक अहिल्याबाई होल्कर विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भारतीय संस्कृति के गौरव को रेखांकित किया। इस प्रतियोगिता में फैजल खान प्रथम, राहुल साँखला द्वितीय व स्नेहा बानो तृतीय स्थान पर रहे। मेरा वतन विषय पर आयोजित स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोहम्मद अली व द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से महताब हुसैन व नम्रता बारहठ व तृतीय स्थान अंकिता ढाका ने प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में जिसका विषय रहा कि ''इस सदन की राय में कृत्रिम मेधा भविष्य के लिए बेहतर विकल्प है'' में प्रथम स्थान पर मानवेन्द्र सिंह, द्वितीय स्थान कृष्णा कोका व तृतीय रानू सिनोलिया स्थान पर रहे।

# भागवताचार्य बाल व्यास श्रीकांत शर्मा तीन गौ आवास का लोकार्पण चार को करेंगे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं में ढंढारिया, मोदी, तुलस्यान परिवार के सौजन्य से बने तीन गौ आवास (सैड) का लोकार्पण भागवताचार्य बालव्यास श्रीकांत शर्मा द्वारा चार फरवरी को सुबह 9ः30 बजे किया जाएगा। जानकारी देते हुए गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं मंत्री नेमी अग्रवाल ने बताया कि पांच गौआवास (सैड) का नवीनीकरण करवाया जा रहा है। जिसका निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। जिसमें प्रथम गौभक्त दानदाता स्वर्गीय बिहारीलाल ढंढारिया एवं स्वर्गीय मणीदेवी ढंढारिया की पुण्यस्मृति में उनके पुत्र राधेश्याम ढंढारिया, सुपौत्र राहुल एवं राज ढंढारिया, राहुल फुटकेयर जयपुर के सौजन्य से, द्वितीय गौ भक्त दानदाता स्वर्गीय



सीताराम मोदी पुत्र स्वर्गीय नथमल मोदी दिल्ली की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र इंद्रकुमार मोदी सपत्निक गीता देवी मोदी, पौत्र मोहित मोदी सपत्निक सारिका मोदी, सहपड़पौत्र समर्थ मोदी, स्प्रेड होम प्रोडक्ट्स प्रालि दिल्ली के सौजन्य से, तृतीय स्वर्गीय हनुमानबक्श तुलस्यान एवं उनकी धर्मपत्नी त्रिवेणीदेवी तुलस्यान तथा उनकी सुपुत्रवधू स्वर्गीय सुशीला देवी तुलस्यान की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र केशर देव तुलस्यान, पौत्र डॉ. डीएन तुलस्यान पड़पौत्र योगेश तुलस्यान एवं सीए प्रशांत तुलस्यान फर्म घनश्याम दास हनुमानबख्श झुंझुनूं के सौजन्य से नवीनीकरण करवाया जा रहा है का लोकार्पण भागवताचार्य बाल व्यास श्रीकांत जी शर्मा द्वारा किया जाएगा। जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक एवं पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि जब भी बालव्यास श्रीकांत झुंझुनूं आते हैं। तब श्री गोपाल गौशाला आकर गौ सेवा भी करते हैं। यह सुखद संयोग होगा कि इस बार लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की ओर से बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर आयोजित शिव पुराण कथा में महाराज श्री के आगमन पर उनके द्वारा तीन गौ-आवास (सैड) का लोकार्पण किया जाएगा।

## महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** जिला परिषद सदस्य हरिशंकर मेवाड़ा की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई। मेवाड़ा ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित की।

## डिजिटल बैंकिंग की दी जानकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** मुण्डारा के मनरेगा स्थल पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर श्रमिकों को फील्ड कोऑर्डिनेटर जितेंद्र गहलोत ने डिजिटल जागरूकता के महत्व और इसके सुरक्षित उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी।

प्रारूप – 10
(नियम 6 (7) देखिये)

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय :— नगरपालिका, भीनमाल**

क्रमांक :न.पा.भी./कृ.भू.नि./2025/4281 दिनांक : 28.01.2025

**लोक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित प्रयोजन के उपयोग हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है :–

| क्र.सं | आवेदक का नाम व पता | राजस्व ग्राम | खसरा नं. | क्षेत्रफल वर्गमीटर में | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | भवन निर्माण | | | | |
| 1. | श्रीमति संगीता पत्नी सुनिल मेहता,श्रीमति पुष्पादेवी पत्नी जुगराज जी,श्रीमति अंजना पत्नी नरपतराज जी,श्रीमति कंचन कंवर पत्नी परबतसिंह जी राव | भीनमाल | माघ चौक से रेलवे स्टेशन जाने वाले रोड पर | 343.390 वर्गमीटर | वाणिज्यिक |
| 2. | श्री बलवन्ताराम पुत्र रामचन्द जी विश्नोई | भीनमाल | 1619/1061 | 3200 वर्गमीटर | संस्थागत शैक्षणिक निर्माण |
| | उपविभाजन/ संयुक्तिकरण | | | | |
| 1. | श्री सुरेश पुत्र गणेशमल जी जैन | भीनमाल | माघ कोलोनी | 121.41 वर्गमीटर | उपविभाजन |
| 2. | श्री हरिश कुमार पुत्र मोहनलाल | भीनमाल | खसरा न. 5704 | 139.35 वर्गमीटर | उपविभाजन |
| 3. | श्री कन्हैयालाल पुत्र हरसुखलाल जी मेवाडा | भीनमाल | रामसीन रोड | 139.35 वर्गमीटर | उपविभाजन |
| 4. | श्री इनवन्तसिंह पुत्र मोतीसिंह | भीनमाल | रामसीन रोड | 132.57 वर्गमीटर | उपविभाजन |
| 5. | श्री पुखराज पुत्र कस्तुराराम जी सोलंकी | भीनमाल | रामसीन रोड | 158.93 वर्गमीटर | उपविभाजन |
| 6. | श्रीमति ललिता पत्नी घनश्याम जी | भीनमाल | रामसीन रोड | 107.25 वर्गमीटर | उपविभाजन |
| 7. | श्रीमति वर्षा पत्नी हितेश कुमार जी | भीनमाल | रामसीन रोड | 106.15 वर्गमीटर | उपविभाजन |
| 8. | श्रीमति भारती मालवीय पत्नी शांतिलाल जी | भीनमाल | रामसीन रोड | 106.33 वर्गमीटर | उपविभाजन |
| 9 | श्रीमति विजयन्ती देवी पत्नी पुखराज सोलंकी | भीनमाल | रामसीन रोड | 152.24 वर्गमीटर | उपविभाजन |
| 10. | श्री चैनराज,गेमाराम,रामजीराम पुत्रगण छोगाराम जी | भीनमाल | राज हॉस्पीटल | 557.60 वर्गमीटर | संयुक्तिकरण |
| 11. | श्री मुकेश कुमार पुत्र डुंगरमल जी मेघवाल | भीनमाल | 5709 | 139.40 वर्गमीटर | उपविभाजन |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्बंध मे कोई आपत्ति/ऐतराज हो तो 7 दिवस के भीतर–भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुक्त नियम समय के भीतर–भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा की किसी को आक्षेप नहीं है, और तदनुसार मामलें का निपटारा किया जावेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 28.01.2025 को जारी की जाती है।

स्थान :– नगरपालिका, भीनमाल। प्राधिकृत अधिकारी अधिशाषी अधिकारी

राज.संवाद/सी/24/11027

## नाले की सफाई करवाने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नगर के उंदरी घांचियों वास जाने वाले मार्ग पर गंदे पानी की निकासी के नाले की सफाई करवाने तथा नाले पर लगे क्षतिग्रस्त पेरोकवर बदलवाने की मांग को लेकर गुरूवार को वार्ड 12 के वासियों ने एसडीएम कालूराम कुहार को ज्ञापन सौंपा। वार्डवासी सेफुर्रहमान ने बताया कि उसकी दुकान के पास में नाला बना हुआ हैं जिसकी लबे समय से सफाई नहीं की जा रही हैं। सफाई कर्मचारी केवल उपरी भाग पर सफाई कर चले जाते हैं। जिसकी वजह से नाले से बहुत दुर्गंध आ रहीं है। मौहल्लेवासियों का घर के बाहर बैठना व राहगीरों का निकलना दुभर हो गया हैं। यह मुय बाजार में जाने का मुय मार्ग भी है, अन्य लोगो को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नाले पर लगे क्षतिग्रस्त पेरोकवर से भी आए दिन दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। कई दुपहिया वाहन चालक इसमें गिरकर चोटिल हो रहें हैं।



## विद्यार्थियों को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** ब्यावर पिण्डवाड़ा टोल वे प्राइवेट लिमिटेड व पुलिस प्रशासन गुडा एंदला के संयुक्त तत्वावधान में भवरी देवी घेवरचंद सुराणा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बालराई में यातायात जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रूट मैनेजर मूलचंद खींची ने कहा की सड़क सुरक्षा का संदेश घर घर तक पहुंचना है। ऐसे में यह कार्य विद्यार्थी आसानी और प्रभावी रुप से कर सकते है। एसआई रतनलाल ने सड़क एवं यातायात नियमों की जानकारी के अलावा मोबाइल का उपयोग सिमित करने पर जोर दिया। सरपंच केशाराम कुमावत ने सड़क पर चलते वक्त सावधानी बरतने की अपील की। प्रधानाचर्य ओम प्रकाश, नारायणलाल, सविता, रेनू तंवर, आरती, देवकी मेघवाल, मधुलता, भंवरलाल, दिलीप, रूट पेट्रोलिंग टीम के कुपाराम मीणा, इमरान खान, राहुल, भरत, भवरसिंह, मदन शावर, श्रवण कुमार, गुडा एंदला पुलिस के अरविन्द कुमार, दौलतराम मौजूद थे। चित्रकला प्रतियोगिता में संतोष, प्रियंका एवं खुशबू क्रमशः पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रही।



**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR.**

No. NIT/2024-25/27917-32 निविदा सूचना/2024-25 Date : 30.01.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है:-

| कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| Additional work for Service Road at Elevated Road, Ajmer. UBN: RRC2425WSOB00864 | 76.63 Lakh | अल्पकालीन ई-464/24-25 |
| Immediate Rehabilitation of Bridge at Sabi River on Alwar-Behror-Narnaul Road. UBN: RRC2425WSOB00870 | 30.51 Lakh | अल्पकालीन ई-469/24-25 |
| Construction of Connection Corridor and Guard Room and other remaining work in Dausa Court Building at Dausa. UBN: RRC2425WSOB00873 | 23.80 Lakh | अल्पकालीन ई-471/24-25 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्ट्रेड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक

**GOVERNMENT OF RAJASTHAN**
**DISTRICT LITERACY AND CONTINUNING EDUCATION OFFICE, BARMER**
e-mail - dleco.barmer.rj@gmail.com

F. No. :- DLCEO/BMR/2024-25/1564 Date : 21/01/2025

**E-Bid Notice Inviting Bid No. 01(2024-25)**

Online unconditional Bids are invited from eligible bidders i.e. Manufacturer/Authorized Distributors/Bonafide Dealers to Procurement and supply of TLM kits at concerned Blocks of District Barmer & Balotra as follows at office of DISTRICT LITERACY AND CONTINUNING EDUCATION OFFICE, BARMER as per tender terms and conditions. Bids are to be submitted duly digitally signed in electronic format only on website **http://eproc.rajasthan.gov.in.** The Bid documents are to be downloaded from above mentioned website and www.sppp.rajasthan.gov.in also. Bidders who wish to participate in online bidding will have to procure digitaly signature certificate as per IT act 2000 to sign their bid electronically. Bids which are not digitally signed will not be considered. The bid fee is Rs. 1500/- and Processing fee is Rs. 1500/-. Bid document download and submission start date is **21-01-2025 from 01.00 PM :-**

| S. No. | Particulars | Estimated Cost | Bid Security (2%) | Bid Document Submission end Date and Time | Technical Bid Opening Date and time mention below |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Procurement and Supply of TLM kits (as per Specifications, Tender Terms & Conditions) | Rs. 53.99 lacs | Rs. 1.08 lacs | 31-01-2025 06:00 PM | 03-02-2025 11:00 AM |

**Terms & Condition :-**

1 DD/BC of Bid Document fee and Bid Security Money must be in the name **DIST. COLL & C M Z S S (CES) BARMER DIST. COLL. OFFICE BARMER and** Processing fee must be in the name of **M.D. RISL, Jaipur** as cited above must be submitted physically in the office of the **DLCEO BARMER** on or before 05.00 PM Dated 31-01-2025 in absence of which the BId will not be considered and will be rejected.
2 Technical Bids will be opened on prescribe date of office of **DLCEO BARMER**
3 Bid inviting Notice and Bid Documents are also available at http://sppp.rajasthan.gov.in and http://cproc.rajasthan.gov.in

**NIB Code - LIT2425A0016**
**LIT2425GLRC00015**

**DLCEO BARMER**
**(सैणीदान)**
**जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी, बाड़मेर**
**D.D.O. No.-1773**

**DIPR/C/908/2025**

प्रारूप-10
(नियम-6 (7) देखिये)

**प्राधिकृत अधिकारी (गैर कृषिक प्रयोजनार्थ) नगरपालिका, सादड़ी**

क्रमांक/नजसा/कृ.भू.नि./2025/4143 -:: **लोक सूचना** ::- दिनांक : 17.01.2025

श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री हरिलाल गर्ग जाति-गुरू निवासी-लाटाडा, तहसील-बाली, जिला-पाली के मौजा ग्राम सादड़ी पटवार हल्का सादड़ी चक-2 खसरा सं. 5876, 5877, 5878, 5879, 5880, 5881 रकबा 1.0400 हैक्टेयर भूमि का इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक फार्म हाऊस प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात्

| जिला एवं तहसील का नाम | मौजा ग्राम का नाम | हल्का व खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला-पाली तह. देसूरी | सादड़ी चक-2 | पटवार हल्का सादड़ी खसरा संख्या 5876, 5877, 5878, 5879, 5880, 5881 | रकबा 1.0400 हैक्टेयर भूमि |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम की धारा 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर के अधीन आज दिनांक 17.01.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, सादड़ी

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, आबूपर्वत, सिरोही (राज0)**
E mail:- palikaabu@yahoo.in फोन नं. 02974–235172

क्रमांक /न.पा.आबूपर्वत/2025 /7622–24 दिनांकः–29.01.2025

:: **निविदा सूचना सं 08/2024–25** ::

नगरपालिका आबूपर्वत द्वारा निम्न की निविदा आमंत्रित की गई जिसकी कुल 4.96 राशि लाख रू. निविदा संबंधी जानकारी व अन्य शर्तें पालिका कार्यालय एवं वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in and http:// पर देखी जा सकती है। निविदा का यू.बी.एन. नम्बर क्रमशः निम्नानुसार है –
1. DLB2425WSRC15822

प्रशासक महोदय, नगरपालिका आबूपर्वत
आयुक्त नगरपालिका आबूपर्वत

राज.संवाद/सी/24/11020

**Office Of The Vikas Adhikari**
**Panchayat Samiti Pindwara (Sirohi)**

SR. No./PSP/2025/8970 Dated 30.01.2025

**-:: Notice Inviting Bid ::-**

Bids for Procurement for construction of various types of development works in concerned GP's of Panchayat Samiti Pindwara are invited from interested bidders From dated 31.01.2025, 10:00 A.M. upto Dated 06.02.2025, 06.00 P.M. (According to NIT). Concerned Detail Perscribed in UBN No.Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://www.sppp.rajasthan.gov.in) of the state Rajasthan. UBN NO.:

| | |
|---|---|
| PIZ2425WSOB00207 | PIZ2425WSOB00208 |

Vikas Adhikari
Panchayat Samiti Pindwara

## सुविचार

विचार पढ़ते हो अच्छी बात है पर उसे अपने हृदय में उतारना भी आवश्यक है।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### मंदिर में ड्रेस कोड

मुंबई के लोकप्रिय सिद्धिविनायक मंदिर में अब भक्तों के पहुंचने से जुड़े नए नियम लागू हो गए हैं। इनके मुताबिक अब मंदिर आने वाले भक्तों को भारतीय परिधान पहनने की सलाह दी गई है। मंदिर प्रशासन ने गाइडलाइंस जारी करते हुए कहा कि भक्तों को शालीन और शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनने होंगे। मंदिर की तरफ से जारी इन निर्देशों को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा का दौर जारी है। कई लोगों ने इन नियमों की तुलना उत्तर भारत के मंदिरों में जारी सख्त दिशा-निर्देशों से भी की है। वहीं कुछ और लोगों ने विदेश में मौजूद पूजास्थलों का हवाला देते हुए इन नियमों पर टिप्पणी की है। श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट की तरफ से जारी दिशा-निर्देशों के मुताबिक आने वाले लोगों को भारतीय परिधान पहनने की सलाह दी गई है। ट्रस्ट की तरफ अगले हफ्ते से भक्तों को कटे-फटे ट्राउजर, छोटी स्कर्ट या ऐसे कपड़े न पहनकर आने की सलाह दी गई है, जो शरीर के हिस्सों को दिखाते हैं। ऐसे लोगों को मंदिर के प्रभादेवी इलाके में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। ट्रस्ट ने यह भी कहा कि मंदिर रोजाना हजारों श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है और कई भक्तों ने मंदिर में पूजा के दौरान अनुशासन की कमी और अपमानजनक कपड़ों पर चिंता जताई थी। कई बार अनुरोध करने के बाद मंदिर ट्रस्ट ने यह ड्रेस कोड लागू करने का फैसला लिया, ताकि मंदिर की पवित्रता बनी रहे। ट्रस्ट ने स्पष्ट किया कि इस फैसले का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि सभी भक्तों को मंदिर में आने समय सुविधा महसूस हो और मंदिर परिसर की शालीनता बनाई रखी जा सके। मुंबई के श्री सिद्धिविनायक मंदिर की तरफ से इस तरह के नियम पहले नहीं हैं। इससे पहले दिसंबर 2024 में ही वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में भक्तों के आने के लिए ड्रेस कोड लागू कर दिया गया था। इसके तहत ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं से छोटे कपड़े, हाफ पैंट और चमड़े की बेल्ट पहनकर दर्शन न करने की अपील की गई थी। इससे पहले मंदिर में अमर्यादित वस्त्रों को पहनकर आने वाले भक्तों की एंट्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसके लिए मंदिर प्रबंधन ने बांकेबिहारी मंदिर के प्रवेश मार्गों पर बैनर लगाए हैं। केरल के शिवगिरी मठ में भी ड्रेस कोड को लेकर विवाद चला था। दरअसल यहां मंदिरों में पुरुषों के शरीर के ऊपरी हिस्से पर बिना वस्त्रों के घुसने की अनुमति को लेकर विवाद छिड़ा था। केरल में अधिकतर मंदिरों में यह परंपरा रही है कि यहां पुरुष भक्त बिना शर्ट-टीशर्ट या शरीर के ऊपरी हिस्से पर वस्त्र धारण करे बिना ही एंट्री लेंगे। हालांकि, इस प्रथा पर विवाद तब शुरू हो गया, जब केरल के श्री नारायण धर्म संघम ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी सच्चिदानंद ने प्रथा को खत्म करने की बात कही थी।

### दुनिया पेरिस समझौता सफल बनाए

# यही होगा उजड्ड ट्रम्प को करारा जवाब..!!



शाहिद ए. चौधरी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प ने 20 जनवरी 2025 को पद संभालते ही पहला काम यह किया कि पेरिस क्लाइमेट समझौते (2015) से अपने देश को अलग कर लिया। यह तीसरा अवसर है, जब अमेरिका यूनाइटेड नेशंस फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) के तत्वावधान में गठित क्लाइमेट समझौते से अलग हुआ है। सबसे पहले उसने यह हरकत 2001 में की थी, जब राष्ट्रपति जॉर्ज डब्लू बुश ने 1997 के क्योटो प्रोटोकॉल से अमेरिका को अलग कर लिया था। वह समझौता महत्वपूर्ण था; क्योंकि पहली बार 37 औद्योगिक देशों ने कार्बन डाईऑक्साइड एमिशन को कम करने के लिए निश्चित लक्ष्य निर्धारित किया था।

इमेज

बुश ने यह कहते हुए कि इससे अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है, समझौते को छोड़ दिया था। यही कारण देते हुए 2017 में ट्रम्प ने पेरिस समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया था। अब तीसरी बार अमेरिका ने यह हरकत की है। समझौते से अलग होने का अर्थ है कि अमेरिका एमिशन कम करने के लक्ष्यों को पूरा नहीं करेगा और 'ग्रीन क्लाइमेट फण्ड' में अपने हिस्से का पैसा नहीं देगा। यह फण्ड उन देशों की मदद करने के लिए है जो क्लाइमेट चेंज से प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन स्थिति से निपटने के लिए आर्थिक रूप से कमज़ोर हैं। बहरहाल, जब 2017 में अमेरिका पेरिस समझौते से अलग हुआ था तो वह तकनीकी रूप से अलग नहीं हुआ था क्योंकि समझौते की शर्तों में यह शामिल था कि सदस्य देश अपनी घोषणा के तीन वर्ष बाद ही अलग हो सकता था और इसके अतिरिक्त एक वर्ष संयुक्त राष्ट्र की प्रशासनिक ईकाई को बताने में लगेगा। इसका अर्थ यह था कि समझौते से अलग होना नवम्बर 2020 में ही प्रभावी हो सकता था, लेकिन उस समय तक जो बाइडेन अमेरिका के 46 वें राष्ट्रपति चुन लिए गये थे और जनवरी 2021 में पद संभालते ही उन्होंने अमेरिका को पुनरू समझौते में शामिल कर दिया था। पेरिस समझौता इस बात के लिए समर्पित है कि सभी देश मिलकर तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस से आगे न बढ़ने दें और उसे हर हाल में 2 डिग्री सेल्सियस तो कम रखें। ट्रम्प के 2017 के आर्डर के विपरीत, उनका नवीनतम आदेश अमेरिका को एक साल के भीतर पेरिस समझौते से अलग कर देगा। अमेरिका न सिर्फ संसार की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है बल्कि 2006 तक वह दुनिया में सबसे ज्यादा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जित करता था। यूरोपीय यूनियन द्वारा समर्थित क्लाइमेट समझौतों पर उसका नज़रिया यह प्रदर्शित करने का रहा है कि जैसे वह ही क्लाइमेट संकट का समाधान कर रहा है, लेकिन कानूनी तौरपर उसने कभी भी एमिशन कम करने की हामी नहीं भरी। बॉन में 1995 में हुई पहली कांफ्रेंस ऑफ़ पार्टीज से लेकर अब तक उसने यूएनएफसीसीसी के बुनियादी स्वतः सिद्ध सत्य के प्रति असहजता व्यक्त की है, जिससे क्योटो प्रोटोकॉल व पेरिस समझौतों जैसे प्रयासों को अर्थ मिलता है। चूंकि वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा ऐतिहासिक दृष्टि से विकसित देशों के एमिशन से बढ़ी है, इसलिए उनकी ही ज़िम्मेदारी है कि सफाई का अधिकतर खर्च भी वह ही वहन करें। विकसित देशों की वजह से विकासशील देशों को भी फॉसिल-फ्यूल के मार्ग पर चलना पड़ा। चूंकि मुख्य फॉसिल-फ्यूल अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया व कनाडा ने असहजता व्यक्त की इसलिए संयुक्त रूप से कार्यक्रम को लागू करने जैसे विचारों ने जन्म लिया, जिनमें विकासशील देशों में क्लीन एनर्जी प्रोजेक्ट्स लागू करने के लिए देश क्रेडिट अर्जित करते हैं। अमेरिका क्लाइमेट समझौतों से वाक-आउट करने के बावजूद कांफ्रेंस में 'पर्यवेक्षकों' के तौरपर बड़े दल भेजता रहा और वार्ताओं में करीब से शामिल रहा। मोंट्रियल, कनाडा में 2005 में आयोजित कोप 11 में अमेरिकी दल ने वार्ता से वाक आउट किया बावजूद इसके कि अमेरिका उस समय क्योटो प्रोटोकॉल का हिस्सा नहीं था। अगर वर्तमान की बात करें तो अमेरिका में तेल व गैस उत्पादन को कम न करने के लिए द्विपक्षीय समर्थन है। बाइडेन प्रशासन के दौरान तेल व गैस का उत्पादन बढ़ा। अमेरिका विश्व में सबसे ज्यादा क्रूड आयल का उत्पादन करता है और 2023 में उसने रिकॉर्ड उत्पादन किया। अमेरिका गैस का भी सबसे बड़ा उत्पादक है और 2022 में वह लिक्विफाइड नेचरल गैस का संसार में सबसे बड़ा निर्यातक बना। ट्रम्प में अतिरिक्त वृद्धि करने के लिए समर्पित हैं। इस सबके बावजूद अमेरिका ग्रीनहाउस गैस एमिशन टारगेट करने के संदर्भ में बहुत पीछे है। एमिशन कम करने का जो 2030 तक का लक्ष्य रखा गया है, उसका अमेरिका ने 2022 तक केवल एक-तिहाई ही हासिल किया था। सवाल यह है कि अमेरिका के पेरिस समझौते से अलग होने का क्या प्रभाव पड़ेगा? ध्यान रहे कि अमेरिका पेरिस समझौते से अलग हुआ है न कि यूएनएफसीसीसी से। अनेक समीक्षकों का कहना है कि 2017 के बाद से रीन्यूएबल एनर्जी में निवेश बहुत अधिक बढ़ा है, जिसमें अमेरिका से निजी फाइनेंस भी शामिल है। कोयले पर निर्भर बड़ी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं भारत, चीन व इंडोनेशिया के विपरीत अमेरिका कोयले पर कम निर्भर है। क्लाइमेट वार्ताओं में अमेरिका ने हमेशा से ही यूरोपीय संघ के कोयला-विरोधी दृष्टिकोण का समर्थन किया है। लेकिन ट्रम्प का 'ड्रिल बेबी ड्रिल' नारा तेल व गैस की ड्रिलिंग को अधिक प्रोत्साहित करेगा, जिसे पिछली सरकारों ने मामूली तौर पर ही धीमा किया था। अमेरिका का पेरिस समझौते से अलग होने का अर्थ होगा कि विकासशील देश कम महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को ही प्राथमिकता देंगे। वैसे इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि क्लाइमेट लक्ष्यों से ग्लोबल एमिशन को कम नहीं किया जा सका है, इसलिए इस समय अमेरिका के अलग होने से कुछ खास फर्क पड़ने नहीं जा रहा है। तस्वीर का दूसरा रुख यह है कि पेरिस समझौते में लगभग 200 पार्टियां हैं, जो औसत ग्लोबल तापमान दो डिग्री सेल्सियस से कम रखने की इच्छुक हैं और कोशिश यह कर रही है कि तापमान को पूर्व-औद्योगिक स्तर यानी 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित कर दिया जाए। रईस देशों ने वायदा किया है कि वह 2035 तक प्रति वर्ष 300 बिलियन डॉलर गरीब देशों को देंगे ताकि वह तापमान को कम करने में सहयोग कर सकें। यह नया वायदा तब हुआ है, जब रईस देश 2020 तक प्रति वर्ष 100 बिलियन डॉलर देने का वायदा दो वर्ष से पूरा न कर सके। चूंकि अमेरिका संसार की सबसे बड़ी औद्योगिक अर्थव्यवस्था है इसलिए ग्रीन फण्ड में उसे सबसे अधिक हिस्सा देना था, जो अब नहीं आयेगा। साथ ही ट्रम्प के 'ड्रिल बेबी ड्रिल' कार्यक्रम से अमेरिका 2030 तक जितनी कार्बन डाईऑक्साइड गैस निकलता अब उस समय तक उससे 4 बिलियन टन अधिक निकालेगा जिससे ग्लोबल वार्मिंग बढ़ेगी ही। अमेरिका के इस रवैये से रईस देशों के प्रति अविश्वास में वृद्धि हुई है।

## पंचांग

31 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| ● विक्रम संवत् | - | 2081 |
| ● शक संवत् | - | 1946 |
| ● ऋतु | - | शिशिर |
| ● माह | - | माघ |
| ● पक्ष | - | शुक्ल |
| ● तिथि | - | द्वितीया 14.01 तक |
| ● वार | - | शुक्रवार |
| ● नक्षत्र | - | शतभिषा 28.15 तक |
| ● योग | - | वरियान 15.33 तक |
| ● करण | - | तैतिल 24.51 तक |
| ● सूर्योदय | - | 07.14 (मुंबई) |
| ● सूर्यास्त | - | 06.29 (मुंबई) |
| ● सूर्योदय | - | 07.24 (भीनमाल) |
| ● सूर्यास्त | - | 06.24 (भीनमाल) |
| ● चंद्र राशि | - | कुंभ |
| ● अभिजित् मुहूर्त | - | 12.29 से 13.14 |
| ● राहु काल | - | 11.27 से 12.52 |
| ● व्रत, त्यौहार | - | रवियोग 28.15 प्रारंभ, बाबा रामदेव बीज, |
| ● दिशा शूल | - | पश्चिम |

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल




### इस दिशा में बैठकर भोजन करना सीधे अकाल मृत्यु को देता न्यौता

वास्तुशास्त्र के अनुसार व्यक्ति के जीवन को संतुलित व सुचारू रूप से चलाने के लिए उसे कुछ नियमों का पालन जरुर करना चाहिए। लेकिन कई बार हम अपने रुटीन में कुछ बातों का ध्यान ना देते हुए गलत तरह से लगातार उन्हें करते रहते हैं और फिर वह हमें अचानक से कुछ ऐसे परिणाम देता है, जो कि हमारे लिए बहुत दुखदायी हो जाते हैं। इन्हीं में एक महत्वपूर्ण व बेहद जरूरी कार्य होता है भोजन, जो कि हमारे जीवन के लिए बेहद जरूरी है। लेकिन क्या आपको पता है कि भोजन कहीं भी बैठकर नहीं किया जा सकता है। वास्तु के अनुसार भोजन करने के लिए सही दिशा में बैठना बहुत जरूरी है। अगर हम गलत दिशा में बैठकर भोजन करते हैं तो इससे हमारे स्वास्थ्य, भाग्य सहित कई चीजों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। वहीं कई दिशाएं तो ऐसी भी हैं, जिनमें बैठकर अगर हम भोजन करते हैं तो इससे हमें मृत्यु संकट भी उत्पन्न हो सकता है। तो आइए ज्योतिषाचार्य व वास्तु सलाहकार डा. अरविंद पचौरी से जानते हैं कि कौनसी दिशा भोजन करने के लिए सबसे उत्तम मानी जाती है।

**भोजन करने के लिए सही दिशा**

**पूर्व दिशा**

वास्तुशास्त्र के अनुसार अगर आप भोजन करने बैठ रहे हैं तो इसके लिए पूर्व दिशा का चुनाव करें, माना जाता है कि इस दिशा में बैठकर भोजन करने से आप स्वस्थ्य रहते हैं और आपको मानसिक शांति भी मिलती है। इसके साथ ही यह दिशा आपके पाचन क्रिया के लिए भी उत्तम मानी जाती है।

**उत्तर दिशा**

वास्तुशास्त्र के अनुसार उत्तर दिशा को भी भोजन के लिए बहुत उत्तम दिशा माना गया है। इस दिशा में बैठकर अगर आप भोजन करते हैं तो इससे आपको बेहतर स्वास्थ्य व शुद्ध बुद्धि मिलती है। आपको भोजन शरीर में पॉजिटिव ऊर्जा का संचार करने में मदद करता है। साथ ही उत्तर दिशा की ओर मुंह करके भोजन करना धन, विद्या संबंधित कार्यों के लिए भी अच्छा माना जाता है।

**इस दिशा में भोजन करने से बचें**

वास्तुशास्त्र के अनुसार भोजन करने के लिए कभी भी दक्षिण दिशा में बैठकर नहीं करना चाहिए। क्योंकि इस दिशा में भोजन करना आपके लिए घातक साबित हो सकता है, साथ ही ये आपको अकाल मृत्यु की तरफ भी ले जा सकता है। क्योंकि यह दक्षिण दिशा का संबंध यमराज से होता है, इसलिए इस दिशा में बैठकर भोजन करना नकारात्मक ऊर्जा को भी प्रभावित कर सकता है। ऐसे में जब आप इस दिशा में बैठकर भोजन करते हैं तो ऐसे में आपके भोजन का एक भाग इन्हें जाने लगता है।

## तारीख विशेष

### राष्ट्रीय हॉट चॉकलेट दिवस

प्रत्येक वर्ष 31 जनवरी को राष्ट्रीय हॉट चॉकलेट दिवस पूरे देश में लोगों को ठंडे मौसम के पेय पदार्थ के रूप में गर्माहट प्रदान करता है। हॉट चॉकलेट एक गर्म पेय है जिसे पिसी हुई चॉकलेट, गर्म दूध या पानी और चीनी से बनाया जाता है। अमेरिका में, हम अक्सर हॉट चॉकलेट और हॉट कोको शब्दों का परस्पर उपयोग करते हैं। हालांकि, ये दोनों पेय अलग-अलग हैं। हम कोको पाउडर, गर्म दूध या पानी और चीनी से हॉट कोको बनाते हैं। हम पिता और पुत्र रसायनज्ञों द्वारा विकसित एक प्रक्रिया की बदौलत ऐसा करने में सक्षम हैं। गाढ़े, अधिक स्वादिष्ट पेय के लिए, हम कोकोआ मक्खन युक्त पिसी हुई चॉकलेट से हॉट चॉकलेट बनाते हैं। इसे ड्रिंकिंग चॉकलेट भी कहा जाता है। हॉट चॉकलेट भी हॉट कोको से ज़्यादा समय से मौजूद है। 1800 के दशक की शुरुआत में, कैस्परस वैन हाउटन सीनियर ने मक्खन से कोको के ठोस पदार्थों को अलग करने की एक प्रक्रिया विकसित की। उनके बेटे, कोएनराड जोहान्स ने उन वसा को पानी में अधिक घुलनशील बनाया। साथ में उनकी प्रक्रियाओं ने कोको पाउडर को संभव बनाया। लेकिन उससे पहले, हर कोई हॉट चॉकलेट पीता था। यह गाढ़ा, मलाईदार पेय अक्सर 19वीं सदी के दौरान पेट की बीमारियों के लिए औषधीय लाभ प्रदान करता था। वास्तव में, विक्टोरियन समय में पेय की लोकप्रियता से बहुत पहले, यह औपचारिक संस्कृति में परोसा जाता था। हालांकि, मनुष्य लंबे समय से चॉकलेट पी रहे हैं। माया लोगों ने संभवतः 2000 साल पहले पहला चॉकलेट पेय बनाया था। एज़्टेक ने भी 1400 ई. तक कोको पेय को अपनी संस्कृति का एक अनिवार्य हिस्सा बना लिया था। जब यूरोपीय लोगों ने मध्य और दक्षिण अमेरिका की खोज शुरू की, तो खोजकर्ता चॉकलेट और पेय को अपने साथ मैक्सिको से यूरोप ले आए। हॉट चॉकलेट का मज़ा कई तरह के संयोजनों में लिया जा सकता है, ऊपर से व्हीप्ड क्रीम या मार्शमैलो डाला जाता है। कभी-कभी दालचीनी या पुदीने की कुछ बूँदें चॉकलेट को और भी खास बना देती हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में, बहुत से लोग हॉट चॉकलेट के इंस्टेंट रूप का आनंद लेते हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय जेब्रा दिवस पर विशेष

# जेब्रा पर मंडराते संकट के बादल

के. पी. सिंह

**एक जमाने में जेब्रा का स्थानीय लोग मांस के लिए शिकार नहीं करते थे, लेकिन विदेशी शिकारियों ने स्थानीय लोगों की जबान में भी इसका स्वाद लगा दिया है, जिस कारण अब बाहरी शिकारियों से नहीं बल्कि अपने इर्दगिर्द रहने वाले लोगों से ही जेब्रा काफी हद तक असुरक्षित हो गया है। इसलिए 31 जनवरी को दुनियाभर में जेब्रा दिवस मनाकर प्रकृति प्रेमी जेब्रा की विभिन्न जातियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। वर्तमान में दुनिया में जेब्रा की तीन जंगली जातियां बची हुई हैं।**

- इमेज

जेब्रा धरती का सबसे अविश्वसनीय जीव है, इसके जैसा कोई दूसरा जीव अब धरती में नहीं बचा। लेकिन काली और सफेद रंग की विपरीत धारियों वाला यह घोड़ों और गधों जैसा दिखने वाला जीव भी तेजी से लुप्त होने के कागार पर है। वैसे मूलतः जेब्रा अश्व प्रजाति का है। धरती में इनकी मौजूदगी को बचाये रखने को हर साल 31 जनवरी को अंतर्राष्ट्रीय जेब्रा दिवस मनाया जाता है। यह दिन लोगों को जेब्रा के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारियां देकर उन्हें इस विशेष जीव के प्रति संवेदनशील बनाना होता है। क्योंकि लगातार घटती आबादी के कारण जेब्रा बहुत संकट में है। जेब्रा की आबादी कम हो रही है और इनके आवास लगातार खत्म हो रहे हैं, इसलिए इन्हें विशेष संरक्षण की जरूरत है। यह संरक्षण इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि अगर जेब्रा नहीं रहा तो धरती के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान होगा। एक जमाने में जेब्रा का स्थानीय लोग मांस के लिए शिकार नहीं करते थे, लेकिन विदेशी शिकारियों ने स्थानीय लोगों की जबान में भी इसका स्वाद लगा दिया है, जिस कारण अब बाहरी शिकारियों से नहीं बल्कि अपने इर्दगिर्द रहने वाले लोगों से ही जेब्रा काफी हद तक असुरक्षित हो गया है। इसलिए 31 जनवरी को दुनियाभर में जेब्रा दिवस मनाकर प्रकृति प्रेमी जेब्रा की विभिन्न जातियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। वर्तमान में दुनिया में जेब्रा की तीन जंगली जातियां बची हुई हैं, ग्रेवी जेब्रा, मैदानी जेब्रा और पहाड़ी जेब्रा। जेब्रा की ये तीनों ही जातियां संकटग्रस्त हैं और प्रजातियों की लाल सूची का हिस्सा हैं। दुनिया में अब ज्यादातर जेब्रा अफ्रीकी महाद्वीप के केन्या, इथोपिया के अर्धरेगिस्तानी इलाकों नामीबिया, अंगोला और दक्षिण अफ्रीका के पहाड़ी इलाकों में ही बचे हैं। जेब्रा के साथ संकट यह है कि उन्हें कोई भी ढूंढ़ सकता है, वो कहीं छिप नहीं सकते। अंतर्राष्ट्रीय जेब्रा दिवस की स्थापना 'स्मिथसोनियन नेशनल जू और कंजर्वेशन बायोलॉजी इंस्टीट्यूट' जैसे संगठनों के संरक्षण में हुई थी। अंतर्राष्ट्रीय जेब्रा दिवस मनाए जाने



का कारण जेब्रा की जीवन स्थितियों के बारे जागरुकता और उनकी संख्या को कैसे बढ़ाया जाए, इसी पर सोचने, विचारने का दिन है। जैसा कि हमने ऊपर बताया कि जेब्रा की तीन प्रजातियां ही बची हैं, जिनमें ग्रेवी जेब्रा केन्या के उत्तरी क्षेत्र में पाए जाते हैं। ये तीनों में से जेब्रा की सबसे ज्यादा लुप्त प्राय होने की तरफ बढ़ रही प्रजाति है। क्योंकि इसकी आबादी का 54 फीसदी से ज्यादा हिस्सा खत्म हो गया है। सबसे ज्यादा पिछले एक दशक में जेब्रा की खाल के लिए किए गए उनके अवैध शिकार की वजह से यह स्थिति बनी है। क्योंकि एक जीवित जेब्रा की खाल कई लाख डॉलर में बिक जाती है। इसलिए तस्करों के गिरोह हमेशा इनके शिकार की फिराक में रहते हैं। पहाड़ी जेब्रा जो कि आमतौर पर दक्षिण अफ्रीका अंगोला और नामीबिया में पाए जाते हैं, इन्हें ज्यादा खतरा है, क्योंकि ये जहां तस्करों का खतरा खाल पाने के लिए झेलते हैं, वहीं स्थानीय लोगों का खतरा अपने शरीर में पाये जाने वाले गोश्त के कारण भुगतते हैं। क्योंकि स्थानीय लोग भी बड़े पैमाने पर इनका शिकार करते हैं। जेब्रा दिवस मनाने के लिए लोग काली और सफेद पट्टियों वाले कपड़े पहनकर प्रोटेस्ट करते हैं। इनके प्रति स्कूलों, बच्चों आदि में जानकारी बढ़ाते हैं। जेब्रा के बारे में कई बातें ऐसी हैं, जो ज्यादातर लोग नहीं जानते जैसे-जेब्रा लगभग 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ सकता है। जो बात मनुष्यों के लिए अंगुलियों के निशानों की है, वही बात जेब्रा के लिए उसकी धारियों को लेकर है। दो जेब्रा की धारियां एक जैसी नहीं होतीं। जेब्रा के बच्चे दुनिया के सबसे अनोखे बच्चे होते हैं, वे पैदा होने के छह मिनट के बाद ही उठकर खड़े हो जाते हैं। जेब्रा खड़े खड़े सोते हैं, हालांकि वे लेटकर भी सो सकते हैं और जेब्रा अकेले रहने की बजाय समुदाय में रहते हैं। इनके झुंड को 'डेजल' कहा जाता है। जहां तक अंतर्राष्ट्रीय जेब्रा दिवस मनाए जाने के पीछे अन्य कारण हैं, उसमें जेब्रा की आबादी को संरक्षित करना और भविष्य की पीढ़ियों के लिए उसे बनाये रखना भी है। जेब्रा दिवस पर लोग इसके कल्याण के लिए काम करने वाले संगठनों को दान देते हैं। अपने सोशल मीडिया एकाउंट में इनके बारे में जागरुकता बढ़ाने वाले लेख लिखते हैं और इनकी घटती संख्या को लेकर लोगों को आगाह करते हैं। जहां तक ये सवाल है कि दुनिया में कितने जेब्रा बचे हैं, तो नेशनल ज्योग्राफिक के मुताबिक लुप्तप्राय जीवों की कैटेगिरी में शामिल धरती में सिर्फ 3 लाख जेब्रा ही बचे हैं।




**परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।**
**धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे ॥४-८॥**

**-: हिंदी भावार्थ :-**

साधु पुरुषों का उद्धार करने के लिए, पाप कर्म करने वालों का विनाश करने के लिए और धर्म की यथार्थ स्थापना करने के लिए मैं युग-युग में प्रकट हुआ करता हूं ॥8॥

## बोले तो...



इंडिया एआई कंप्यूटर फैसिलिटी के पास 18,693 जीपीयू हैं। यह खास तौर पर भारतीय लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया जाएगा। ऐसे 6 बड़े डेवलपर्स हैं, जो इस काम को 6–8 महीने में पूरा कर सकते हैं।

– अश्विनी वैष्णव



जिसको अपने ही होने पर शक है वो दूसरे की क्या तारीफ करेगा। तारीफ वह कर सकता है, जिसके मन में शांति है, जिनको खुद पर ऐतबार है, जिनको खुद पर ऐतबार नहीं, वह दूसरे की तारीफ नहीं कर सकता।

– जावेद अख्तर



चुनाव आयोग राजनीति कर रहा है। राजीव कुमार कोरिटायरमेंट पोस्ट चाहिए। इतिहास में कभी इलेक्शन कमिशन का कबाड़ा नहीं हुआ। मुझे पता है कि ये जेल में डाल देंगे। राजीव कुमार राजनीति कर रहे हैं। उन्हें राजनीति करनी है, तो चुनाव लड़ लें।

– अरविंद केजरीवाल

## कुछ अलग | अजब गजब

# 'रोशनी आई, उसने मुझे बाहों में भर लिया' चार बार मरकर जिंदा हुई महिला

हम सभी ये बात जानना चाहते हैं कि मरने के बाद इंसान कहां जाता होगा? हालांकि इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं है लेकिन कुछ लोग दावा करते हैं कि उन्होंने जीवन के बाद की दुनिया भी देखी है और वे स्वर्ग और नर्क कैसा दिखता है, ये भी जानते हैं। एक ऐसी ही 62 साल की महिला ने बताया कि वो एक नहीं बल्कि चार-चार बार मौत को मात दे चुकी है और स्वर्ग तक पहुंचकर लौट चुकी है। मरने के बाद इंसान शरीर छोड़कर कहां जाता होगा? आत्मा किसके साथ जाती होगी और स्वर्ग या नर्क दिखते कैसे होंगे? ऐसे बहुत से सवाल सबके मन में होते हैं। हालांकि कुछ लोग मृत्यु के बाद के अनुभव साझा करके इसका जवाब भी देते हैं। ये कितना सच या झूठ, ये तो नहीं पता लेकिन रोमांचक जरूर होता है।

**चार बार शरीर छोड़कर चली गई आत्मा**

62 साल की हो चुकीं शेरॉन मिलिमैन दावा करती हैं कि उन्होंने अपनी ज़िंदगी में चार बार मौत को मात दी है। ये सिलसिला तब से शुरू हुआ, जब वे 13 साल की थीं। वे बताती हैं कि मां के साथ वे तैरने गईं थीं लेकिन अचानक तैरना भूल गईं और डूबने लगीं। इस दौरान उन्हें महसूस हुआ कि उनकी आत्मा ऊपर तैर रही है और शरीर नीचे डूब गया है। उन्हें न डर लग रहा था न दर्द हो रहा था, इसी दौरान उन्हें लाइफगार्ड्स



ने बचा लिया और वे सीपीआर के बाद जिंदा हो गईं। इसी तरह 43 साल की उम्र में उनके ऊपर बिजली गिर पड़ी थी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां भी उनका शरीर धरती पर था और आत्मा बहती हुई स्वर्ग में पहुंच गई। जब वे दोबारा ज़िंदा हुईं, तो उन्हें कुछ समझ ही नहीं आ रहा था। तीसरी बार एक सर्जरी के दौरान उनकी आत्मा ने शरीर छोड़ा और चौथी बार वे गलत दवाओं की वजह से मर गई थीं।

**एक रोशनी आई, मुझे बाहों में भर ले गई**

शेरॉन बताती हैं कि उन्हें इस दौरान अलग-अलग अनुभव हुए। वे एक बार बताती हैं कि एक रोशनी उनकी ओर आई और पास आते-आते वो बहुत विशाल हो गई और उन्हें मानो अपनी बाहों में भरकर स्वर्ग ले गई। यहां पर गुलाबी और सुनहरे रंग के बादल थे और एक गोल्डेन बुक रखी हुई थी, जिसमें अलग ही लिपि में कुछ लिखा हुआ था। उन्होंने कई बार जीसस को भी देखा और वहां पर बहुत से मार्गदर्शक भी थे।

## पाठक पाती

### भारत अवैध बसाहट के खिलाफ

भारत हमेशा अवैध बसाहट के खिलाफ रहा है, चाहे वह देश में हो या बाहर कहीं। दस्तावेजों के बिना अमेरिका में रह रहे अपने नागरिकों की वापसी के लिए भारत ने प्रतिबद्धता दोहराई है। भारतीय प्रतिभा और कौशल को वैश्विक स्तर पर अवसर दिलाने की भारत की नीति प्रशंसनीय है लेकिन अवैध प्रवास एक गंभीर समस्या है जो अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देता है। इससे समाज और देश की प्रतिष्ठा दुनिया में धूमिल होती है। हाल ही में भारत सरकार ने नवगठित ट्रंप प्रशासन को आश्वस्त किया है कि यदि किसी भारतीय की पहचान अवैध रूप से अमेरिका में नागरिक के रूप में होती है, तो उनकी वैध वापसी सुनिश्चित करने के लिए भारत सदैव तत्पर रहेगा। यह नीति सरकार की संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचायक है। अन्य देशों को भी अपने अवैध प्रवासियों की पहचान कर उनकी वतन वापसी की प्रक्रिया सुरक्षित रूप से करना चाहिए इससे अवैध प्रवास की समस्या का वैश्विक स्तर पर समाधान होगा।

- अमृतलाल मारू 'रवि', इंदौर

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**

ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2025 में परवाह के तहत आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताएं



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजगढ़ के प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया ने बताया कि भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी गाइडलाइन एवं राजस्थान सरकार परिवहन एवं सडक़ सुरक्षा विभाग के राज्य सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ द्वारा मनाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2025 की महत्वपूर्ण थीम परवाह को मध्य नजर रखते हुए शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों की पालना में जनवरी 2025 में विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं का आयोजन किया गया। यथा पोस्टर पेंटिंग, स्लोगन लेखन, जिंगल्स, सड़क सुरक्षा के निबंध लेखन, कहानी लेखन, वाद-विवाद, सड़क सुरक्षा नियमों को तख्तियों पर लिखकर रैली निकाली, आवारा पशुओं के गले में रिफ्लेक्टिव टेप लगा कर जन चेतना जागृत करने की गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय की छात्राओं के द्वारा आज निबंध एवं पोस्ट मेकिंग प्रतियोगिता में बढ़ चढक़र भाग लिया गया दोनों प्रतियोगिताओं में जूनियर वर्ग व सीनियर वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया, राजवीरसिंह सुड्डा द्वारा पारितोषिक वितरण कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के प्रभारी विजय कुमार वर्मा ने परवाह थीम पर वार्ता देते हुए यातायात के नियमों एवं आईआरडीए सिस्टम के आधार पर जारी 6ई की रणनीति एजुकेशन, इंजीनियरिंग, एनफोर्समेंट, एमरजेंसी केयर, इवोल्यूशन, और इंगेजमेंट , को अपनाते हुए छात्रों को सड़क सुरक्षा संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई वार्ता में ओवर स्पीडिंग, नशे में वाहन में नहीं चलना, तेज गति गलत दिशा में वाहन न चलाने, नियम विरोध मोडिफाइड वाहन, भार वाहनों में यात्री परिवहन, ओवर क्राउडिंग, अंदर एज ड्राइविंग, अवैध पार्किंग, वाहन संचालन के समय मोबाइल का प्रयोग न करने, सेफ्टी गियर्स, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग करने के लाभ रिफ्लेक्टिव टेप, अंडरस्टैंड प्रोटक्शन डिवाइस, स्पीड गवर्नर, पी.यू.सी, बीमा फिटनेस, नंबर प्लेट एवं वाहनों के जांच के नियमों की जानकारी दी। साथ ही सड़क पर पैदल चलने वाले यात्रियों को सुरक्षित तरीके से सड़क मार्ग का उपयोग करने के बारे में समझाया गया विद्यालय के एनसीसी, एनएसएस, स्काउट, गाइड, के द्वारा विद्यालय के छात्रों को रैली के माध्यम से सुरक्षित सड़क चलने के तरीके समझाइए। इस अवसर पर स्थानीय पुलिस थाना के यातायात प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री चंद्रपाल जी हेड कांस्टेबल में विद्यार्थियों को दुपहिया वाहनों का उपयोग करते समय हेलमेट का प्रयोग करने, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने एवं यातायात के महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी भी प्रदान की इस अवसर पर विद्यालय के सभी कार्मिकों ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा नीति की गाइडलाइन्स के पालन करने की शपथ ग्रहण की तथा भविष्य में यातायात के साधनों को सुरक्षित ड्राइव करने व सावधानी पूर्वक सड़क मार्ग से यात्रा करने के नियमों की पालना करने की आवश्यकता बताई । विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन में सुनहरी देवी, रजनी, वीना, कृष्णा अग्रवाल, सीमा पूनिया, सरिता , मुनेश, सुशील, तैयब हुसैन शेर सिंह , सगीर व वरिष्ठ व्याख्याता आरीफ , मनोज ने सहयोगी की भूमिका निभाई।

# महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय चांदगोठी में मातृ शक्ति का सम्मान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ तहसील में मातृ शक्ति के सम्मान के लिए दुबई में कार्यरत नूंहद निवासी भामाशाह विजय काजला द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

भामाशाह के पिताजी मानसिह व माताजी दयाकौर के सानिध्य में हुए कार्यक्रम में गाँव चाँदगोठी में स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में जिन बहन, बेटी व बहू ने उच्च शिक्षा प्राप्त के साथ सरकारी व निजी सेवा में कार्यरत 28 उन सशक्त महिलाओ को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न शॉल से सम्मानित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य निशा चौधरी ने की। महात्मा गांधी विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डा. कृष्णा पूनिया, जगमति, प्रियंका खीचड़ ने किया। इस अवसर पर महेन्द्र सिंह, जयसिंह, धनपत, रमेश, मनोज, मुकेश गुर्जर, मुकेश स्वामी, दिलबाग, प्रमोद, सत्यपाल, सुनिता, विनोद, सरिता, मुकेश सहित अनेक ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# पुलिस ने यातायात नियमों की जानकारी देकर किया जागरूक

## उल्लंघन करने वालों के काटे चालान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** कस्बे मे यातायात नियमो की पालना व वाहन चालको को जागरूक करने के लिए जयपुर मुख्यालय पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा की ओर से चलाए गए अभियान के तहत थाना प्रभारी श्रवण कुमार नील के नेतृत्व में वाहन चालको से समझाइश की गई। तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के चालान काटे गए। जिसमें चौपहिया वाहन चालको से सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया।

साथ ही बाइक सवार वाहन ड्राइवरों से हेलमेट लगाने कि हिदायत दी गई। थाना प्रभारी श्रवण कुमार नील ने बताया कि थाना पुलिस ने यातायात नियमों की पालना नहीं करने वाले चालकों के चालान काटे गए । जिनमें बिना सीट बेल्ट के कार चलाना,बिना हेलमेट के बाइक चलाना,नियमों का उल्लंघन करना,और वाहन ड्राइवरों के पास दस्तावेज नहीं होने पर कार्रवाई करते कि गई । तथा उन्होंने दुपहिया वाहन चालको से हेलमेट का प्रयोग करने, चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने को लेकर वाहन चालको से अपील की गई है। वहीं उन्होंने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा।

# गौ माता को हरा चारा, मीठा दलिया फल आदि खिलाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के ग्राम राघा छोटी में समाजसेवी भामाशाह रहे स्वर्गीय करतार सिंह पूनिया की 9वीं पुण्यतिथि पर उनके परिवार ने दान पुण्य का एक अनोखा तरीका अपनाया उनकी याद में श्रद्धांजलि देने के लिए उनके बड़े भाई रामकुमार पूनिया ने महन्त श्री शंकर नाथ गौशाला सेवा समिति राघा छोटी में 40 क्विंटल चारा फल और दलिया की सामग्री एवं सवामणि का दान किया और 2100 रुपये का चेक भी दिया इसके अलावा उन्होंने विकलांग गौशाला दूधवा खारा को भी 2100 रुपये का दान किया है वही ?2100 की राशि सरला पाठशाला चिड़ावा को भी दान दिया गया इस प्रकार स्वर्गीय करतार सिंह पूनिया के परिवार ने उनकी याद में एक अनोखा और पुण्य का कार्य किया है एवं ईश्वर से उनकी दिवंगत आत्मा को शांति कि कामना की गई है और उनके परिवार को इस पुण्य कार्य के लिए ईश्वर सदा सुखी खुशहाल रखें मानवता के नए कार्य करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहें समाज में भाईचारे के साथ नए आयाम स्थापित करें।

# पीएम आवास को लेकर हुआ डिजिटल सर्वे, गांव भाकरां में घर-घर जाकर हुई लाभार्थियों की पहचान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए शुरू किए गए नए डिजिटल सर्वे में अब पात्र लाभार्थी स्वयं आवास प्लस एप के माध्यम से अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

राधा बड़ी ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी नगेंद्र सिंह पूनिया ने मदन मोहन आचार्य पत्रकार को बताया कि यह नई व्यवस्था विशेष रूप से उन लाभार्थियों के लिए राहत लेकर आई है जिनके क्षेत्र में ग्राम प्रधान सचिव या सर्वेयर द्वारा समय पर कार्रवाई नहीं की जाती अब वे सीधे एप पर जाकर अपने सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं।

राधा बड़ी ग्राम पंचायत के गांव भाकरां में इस नई व्यवस्था के तहत पहला सर्वे सुमन देवी के नाम से किया गया वही लाभार्थी हरि सिंह नेतराम प्रेम सिंह को भी डिजिटल सर्वे में शामिल किया गया ग्राम पंचायत विकास अधिकारी नगेंद्र सिंह पूनिया के अनुसार यह योजना मुख्य रूप से आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण परिवारों को लाभान्वित करने के लिए है नए डिजिटल सर्वे के आधार पर पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें वित्त वर्ष 2024-25 में योजना का लाभ दिया जाएगा राधा बड़ी सरपंच रामनिवास मितड ने भी आश्वासन दिया है कि ग्राम पंचायत में सभी पात्र व्यक्तियों को आवास का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा। यह पहल सरकार की डिजिटल इंडिया मुहिम का हिस्सा है जिससे योजना का क्रियान्वयन अधिक पारदर्शी और सुगम होगा कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी नगेन्द्र सिंह पूनिया एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गांधीजी के द्वारा बताए गए सच और अहिंसा जैसे उत्तम नैतिक मूल्यो पर चलने का संदेश दिया

**सादुलपुर।** शहीद दिवस के दिन गीता देवी सरावगी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सादुलपुर की मॉर्निंग असेंबली में विधालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमान रामावतार बैरासरिया, मंत्री महोदय नन्द किशोर मित्तल और कोषाध्यक्ष राधे श्याम वर्मा ने महात्मा गांधीजी के जीवन पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को गांधी जी के द्वारा बताए गए सच और अहिंसा जैसे उत्तम नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष, प्रधानाचार्य, अध्यापक, अध्यापिकाएं और विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन करके गांधीजी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# महात्मा गांधी की पुण्य तिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** कस्बे की हृदय स्थली गांधी चौक पर नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 'शहीद दिवस' के रूप में मनाई गई। नगर कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की मूर्ति पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमरचंद सैनी एवं कांग्रेस पदाधिकारी सदस्यों द्वारा श्रद्धापूर्ण माल्यार्पण करते हुए उपस्थित कांग्रेस जनों ने पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी,पार्षद विद्या सागर शर्मा, प्रमोद मीणा, चंद्र प्रकाश कटारा, गणेश बिजारणियां, पंकज बाबू, अनवर हुसैन सिद्दीकी, अलीमुद्दीन जोया, आसिफ अली, ओम प्रकाश स्वामी, प्रेमचंद सैनी, चंद्र प्रकाश वर्मा,मुकेश शर्मा, गिर्राज तंवर कैलाश सैनी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने किया जेल का निरीक्षण

**नोहर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर द्वारा प्रेषित स्टेट एक्शन प्लान की पालना में तनवीर चौधरी, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) द्वारा जिला कारागृह का मासिक



निरीक्षण किया गया। शिवचरण मीना, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) हनुमानगढ़ द्वारा साप्ताहिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागृह का वातावरण स्वच्छ पाया गया। बंदीगण को मिलने वाले भोजन व्यवस्था व चिकित्सा सुविधा के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गई। कारागृह में निरूद्ध बंदीगण से संवाद वार्ता की गई। जिला कारागृह में बंदीगण को जेल मेन्युअल के अनुसार मिलने वाली सुविधाओं आदि के संबंध में पूछने पर उनके द्वारा किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होना जाहिर किया। शिवचरण मीना, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) जिला कारागृह में बंदियों को नालसा के टोल-फ्री राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाईन नं. 15100 एवं ऑनलाईन नालसा पोर्टल, निश्शुल्क विधिक सहायता, धारा 436ए के तहत जमानत का लाभ प्राप्त करने आदि के संबंध में विधिक जानकारी प्रदान की गई। तथा माननीय रालसा, जयपुर द्वारा दिये गये निर्देशों की पालना में जिला कारागृह, हनुमानगढ़ में निरूद्ध दोषसिद्ध बंदीगण को निश्शुल्क विधिक सहायता के तहत अपील के संबंध में जानकारी दी गई तथा प्रिजन लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया।

# मुन्दीताल में निशुल्क चिकित्सा शिविर में 102 लोगों की जांच कर किया उपचार

**सादुलपुर।** राजगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मुन्दीताल में इएनटी सर्जन युवा महिला चिकित्सक डॉ मंजू सीलू द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 102 लोगों की जांच व ईलाज किया गया। मुख्य अतिथि राजगढ़ पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेन्द्र जोईया सरपंच रजनी देवी,पूर्व सरपंच मेदाराम पूनिया, पूर्व सरपंच राजकुमार बैनीवाल सरपंच प्रतिनिधि सोनू, रामजीलाल, राजेन्द्र पूनियां भामासी,दिनेश पूनिया भामासी, राजेन्द्र बैनीवाल, सत्यभान चाहर, सत्यवीर चाहर,रजन बैनीवाल, रामनिवास कोठरी, रामकुमार सिहाग, बलवान पूनिया,रामजस ईसरवाल, एवं ग्राम पंचायत मुन्दीताल के ग्रामीणों निशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया।

## न्यांगल छोटी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव आयोजन

# गुरुजनों का सम्मान और गुरुदेव के चरणों की मिट्टी से बढ़कर कुछ नहीं हैः न्यांगली



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ तहसील के न्यांगल छोटी गाँव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मांगेराम ने की कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर विद्यालय में पधारे हुए सभी अतिथियों का सम्मान करके की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मनोज न्यागली ने तीन बातें बच्चों को सदा याद रखने के लिए कहा शिक्षा, संस्कार संस्कृति । विधायक मनोज न्यांगली ने गुरुजनों का सम्मान और गुरु जनों की चरणों की मिट्टी से बढक़र कुछ नहीं है बात कही विधायक ने विद्यालय को लाइब्रेरी और विज्ञान लैब हेतु दो कमरे देने के साथ सदा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। ग्राम वासियों द्वारा विद्यालय हेतु विधायक से दो कमरों की मांग की गई साथ ही एक आंगनबाड़ी की मांग की गई। इसी कड़ी में भामाशाह इंद्रसिंह पूनिया पुत्र रामलाल पूनिया ने डेढ़ लाख रुपए की राशि सोलर प्लांट के लिए भेंट की ग्वालिसर निवासी भामाशाह सुखबीर पूनिया अध्यापक ने विद्यालय को आठवीं,माध्यमिक व उच्च माध्यमिक बोर्ड परीक्षा के टॉपर प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एक एक चांदी के सिक्के और विधालय को 11 शानदार कुर्सियां देने की घोषणा की, पूर्व भामाशाह भूप सिंह वरिष्ठ अध्यापक निवासी न्यागल छोटी ने 2023-24 सत्र के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आठवीं, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को एक-एक चांदी का सिक्का प्रदान किया। भामाशाह शिक्षा विद् अनुपाल सिंह भाटी एपीएस विद्यालय न्यागल बड़ी ने वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विद्यालय को 5100 नगद भेंट किया साथ ही आगामी सत्र में आठवी,माध्यमिक व उच्च माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान करने वाले विद्यार्थियों को 2100-2100 रूपये नगद देने की घोषणा की विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले बलजीत सिंह वरिष्ठ अध्यापक एवं नीलम कुमारी प्राध्यापक वही पर्यावरण के क्षेत्र में वरिष्ठ अध्यापक सुबेसिंह पूनिया व भामाशाह प्रेरक जयप्रकाश पूनिया का व सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए अध्यापक अनिता व निर्मला का साथ ही सोनिया सिगड़ कंप्यूटर अनुदेशक का राष्ट्रीय परीक्षा की तैयारी के लिए विधायक मनोज न्यांगली द्वारा सम्मानित किया गया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम 2024-25 में प्रस्तुति देने वाले सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भामाशाह सुनील कुमार सिगड़ और नरेंद्र कुमार पूनिया फौजी भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन उपप्रधानाचार्य नागरमल शर्मा व मुकेश कुमार ने किया।

# बीकानेर संभाग आईजी ओम प्रकाश का चूरू दौरा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** बीकानेर रेंज पुलिस आईजी ओम प्रकाश ने अपने चूरू दौरे के दौरान फोटोग्राफर राजेंद्र सोनी से मुलाकात की।

इस अवसर पर उन्होंने सोनी द्वारा अपनी पत्नी की स्मृति में धर्म स्तूप चौकी पर लगाए गए वॉटर कूलर की सराहना की और इसे एक पुण्य कार्य बताया। आईजी ओम प्रकाश, जो पूर्व में चूरू के पुलिस अधीक्षक भी रह चुके हैं, ने इस मुलाकात के दौरान पुरानी यादों को ताजा किया। वे राजेंद्र सोनी के स्टूडियो और उनके घर भी गए, जहां दोनों के बीच आत्मीय चर्चा हुई। राजेंद्र सोनी ने इस दौरान अपने सामाजिक कार्यों और यादगार फोटोग्राफी अनुभवों को साझा किया। उनकी समाजसेवा की भावना की सराहना करते हुए आईजी ने कहा कि ऐसे नेक कार्य दूसरों को भी प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर कोतवाली थाना प्रभारी सुखराम चोटिया, यातायात प्रभारी जय प्रकाश, वीरेंद्र सिंह एएसआई कोतवाली मय स्टॉफ उपस्थित रहे।

# राजकीय खेमका उच्च प्राथमिक विद्यालय में विद्यार्थियों ने दी संस्कृतिक प्रस्तुतियां



**चूरू।** राजकीय खेमका उच्च प्राथमिक विद्यालय का वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया गयाद्य कार्यक्रम में एसीबी एएसपी इस्माइल खान, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद सिंह राठौड़, सीबीईओ ओमदत्तजी सारण सीडीओ विजेंद्र दाधीच, एसीईबीओ विनय सोनी, उस्मान अंसारी, प्रताप सिंह नाथावत, अशोक सिंह शेखावत, एसएमसी अध्यक्ष यासीन खान आदि उपस्थित रहे।

कायक्रम की शुरुआत में विजयलक्ष्मी शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीबीइओ ओम दत्त सारण व एसीबी एएसपी इस्माइल खान एडिशनल एसपी साहेब ने मां सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक रूप सिंह निर्बाण ने विद्यालय की पिछली 3 साल की प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसीबी एएसपी इस्माइल खान ने कहा कि बालिकाओं को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करो तथा अपने विभाग के पोस्टर रिश्वत लेना और देना दोनों ही अपराध है उस पोस्टर का भी प्रचार प्रसार किया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों का प्रधानाध्यापक रूप सिंह, रामकुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, प्रताप बेनीवाल, कमलेश शर्मा, विजय लक्ष्मी शर्मा व मंजू पूनिया आदि ने शाल ओढाकर सम्मानित किया विद्यालय के प्रमुख भामाशाह के रूप में आर्थिक सहयोग करने के उपलक्ष पर सीडीओ गोविंद सिंह राठौड़, जावेद खान, अमीलाल धेतरवाल, एडिशनल एसपी इस्माइल खान, रमजान गुर्जर, लियाकत अली, अहमद अली, इस्लाम खान नूर मोहम्मद खान आरिफ खान, दौलत खानी यासीन खान अध्यक्ष एमसी सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# रक्तदान शिविर का आयोजन, 178 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** भामाशाह व समाजसेवी स्व करतारसिंह पूनिया की नौवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा व विशाल रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। कुल 178 यूनिट रक्तदान हुआ। प्रतिवर्ष की भांति परिजनों ने माकूल व्यवस्थाएं जूस,अल्पाहार आदि की तथा रक्तदाताओं को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र मौके पर ही प्रदान किये गए। बालाजी ट्रांसपोर्ट परिसर स्टेशन रोड पर प्रातः 10 बजे ब्रह्माकुमारी शोभा बहिन,वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो दिलीप पूनिया,जोगेंद्र झाझडिया, द्रोणाचार्य अवार्डी बॉक्सिंग कोच अनूप कुमार बघेला,करतार की पत्नी विद्या देवी,पुत्री प्रिया व पुत्र राहुल पूनिया, भाई सतबीर पूनिया, मुख्तयार पूनिया, धूप सिंह, शेरसिंह, सुशील पूनिया, राजेश मांगेराम, गौरव,मोहित पूनिया,डॉ



हरिराम रोहिल्ला,पूर्व विधायक नन्दलाल पूनिया,पूर्व प्रधान विमला पूनिया, वरिष्ठ सम्पादक मदन मोहन आचार्य स्वतंत्र पत्रकार,पूर्व चेयरमैन नन्दकिशोर मरोदिया,डॉ कमल बेदी,पूर्व उपजिला प्रमुख सुरेन्द्र स्वामी,पब्लिक प्रोसिक्यूटर एडवोकेट तेजपाल पूनिया,राकेश वकील,चरणसिंह अधिवक्ता, सोशल मीडिया के पत्रकार अजय पूनिया एडवोकेट बागी राजगढ़,छात्र संघ अध्यक्ष रहे बिल्कुपाल पायल लसेड़ी, जगदीश प्रजापत,विमल पूनिया,जिलामंत्री भाजपा कौशल पूनिया ,नीलम पूनिया,कृष्ण भाकर, राजपाल पूनिया,सूरजभान पूनिया, शिक्षक नरसिंह पूनिया, खडग् सिंह,प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजस्थान शिक्षक संघ के मनोज पूनिया,रमेश पूनिया,प्रताप सिंह ठेकेदार,जेलर ओमप्रकाश,जेल स्टाफ ज्योति पूनिया,राजेन्द्र कालरी व परिजनों,स्नेहीजनों ने प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि दी व शिविर को विधिवत शुरू करवाया। पुरुषों के साथ साथ महिला रक्तदाताओं में भी उत्साह था। कुछ लोग उम्र सीमा,हीमोग्लोबिन की कमी तथा वजन कम होने,उम्र 18 वर्ष से कम होने आदि कई कमियां पाए जाने पर बिना रक्त दिए ही लौटे। क्योंकि चिकित्सा कारणों से उनका रक्त नहीं लिया जा सका। प्रेम बलौदा, नरेंद्र सांगवान,कुलदीप स्वामी,संदीप पूनिया,मोनू नवा, जोगेंद्र,रविन्द्र बाबू,मेहताब सिंह,दलबीर चेयरमैन,मिंटू धंढाल,नरेंद्र सांगवान गगोर,सूरजभान,सोमवीर बाबू आदि ने सहयोग किया।

# टीना डाबी का प्रशासन के साथ बस से शहर भ्रमण

**सफाई, ट्रैफिक और सौंदर्यकरण को देखा, फिर शुरू स्वच्छता अभियान**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** आईएएस टीना डाबी ने बाड़मेर कलेक्टर का पदभार संभालने के बाद से ही नवो बाड़मेर अभियान की शुरूआत की थी। लेकिन उस अभियान की सूरत बिगड़ गई। अब कलेक्टर टीना डाबी ने अब फिर से स्वच्छता का बिड़ा अपने हाथ में लिया है। गुरुवार को कलेक्टर, एसपी सहित पूरा जिला प्रशासन बस में सवार होकर पूरे शहर का भ्रमण किया।



कचरा पांइट, गंदगी और टूटी सड़कों के हाल को देखा। नगर परिषद के अधिकारियों को सारी चीजों को नोट करवाया गया। कलेक्टर ने अधिकारियों को नवो बाड़मेर अभियान के तहत साफ-सफाई में तेजी लाने के निर्देश दिए है। दरअसल, सीएम भजनलाल शर्मा जयपुर सहित अलग-अलग जगहों में बस में शहर का भ्रमण करते नजर आए थे। अब बाड़मेर जिला कलेक्टर नवो बाड़मेर अभियान फिर से शुरू किया जा रहा है। इससे कुछ घंटे पहले बस में पूरे शहर का भ्रमण किया गया। बस में जिला कलेक्टर टीना डाबी, एसपी नरेंद्र सिंह मीना, जिला परिषद सीईओ सिद्धार्थ पलनीचामी, एएडीएम राजेंद्रसिंह चांदावत, नगर परिषद आयुक्त सुरेंद्र सिंह, डीएसओ कंवराराम सहित नगर परिषद अधिकारी भी साथ में रहे। कलेक्टर ने बस से शहर भ्रमण की शुरूआत अहिंसा सर्किल, सुभाष चौक, रेन बसेरा ओवरब्रिज, चौहटन सर्किल, सदर थाना, कृषि मंडी, सिणधरी सर्किल, नेहरू नगर ओवर ब्रिज, अहिंसा सर्किल पहुंचे। करीब एक घंटे तक शहर का भ्रमण किया। इस दौरान कलेक्टर चौहटन सर्किल पर बस से नीचे उतरकर साफ-सफाई के लिए नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने ट्रैफिक पुलिस को यातायात व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बस में से सर्किलों पर पड़े गंदगी के ढेर पर अधिकारियों को कहा कि जल्द से जल्द से बाड़मेर शहर की स्वच्छ किया जाए। वहीं सर्किलों पर भामाशाहों की ओर से लगाए गए अधिक बोर्डो को हटाया जाए। आपको बता दें कि दोपहर तीन बजे नवो बाड़मेर के तहत एक बार फिर से तीन बजे सफाई अभियान का आगाज किया जाएगा।

# गांधी विचार आज भी प्रांसगिक : राजेंद्र व्यास



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** विश्व में फैली अंशांति व अराजकता से विश्व में गांधी विचारों को आत्मसात कर बचाया जा सकता है। आज गांधी विचार अशांत विश्व में ज्यादा प्रांसगिक है ये उद्गार गांधीवादी विचारक समाजसेवी राजेंद्र व्यास ने सर्वोदय मंडल द्वारा पूज्य गांधीजी की शहादत 30 जनवरी के अवसर पर आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में व्यक्त किए। महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के संयोजक उम्मेदसिंह तवंर ने इस अवसर पर कहा कि यदि समाज गांधीजी के एकादश व्रतों को आत्मसात करे तो समाज में साम्प्रदायिक सद्भाव, शांति व भाईचारा बना रहेगा। सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष राजूराम प्रजापत ने कार्यक्रम का संचालन किया व खादी परिषद् के उपाध्यक्ष मदनलाल भूतड़ा ने आभार व्यक्त किया इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं रामधुन का आयोजन हुआ। प्रार्थना सभा में नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष सुमार खां, राधेश्याम कल्ला, भगवानाराम कबीर बस्ती, अमरखां जंज, रूघदान दिलीपसिंह बरमसर, हड़ाताराम प्रजापत, भवंरलाल बोरावट, मांगीलाल बिस्सा, जोरसिंह भाटी, आनंद भूतड़ा, लूणसिंह सोढ़ा, इन्द्रा कौशल, संतोष भट्टनागर, भैराराम मंधा, मठार खां सहित कई रचानात्मक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लकड़ी बुरादे की आड़ में शराब तस्करी, 430 कार्टन बरामद

**एस्कॉर्ट कर रही कार और ट्रक को किया जब्त, पांच आरोपी गिरफ्तार**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की अलग-अलग टीमों ने सफेद कट्टों में लकड़ी के बुरादे की आड़ में अवैध शराब की तस्करी करते एक ट्रक को पकड़ा है। इसके साथ ही ट्रक की एस्कॉर्ट कर रही कार को पकड़कर कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं ट्रक में से 430 कार्टन अंग्रेजी शराब के जब्त की। फिलहाल पुलिस आरोपियों से अवैध शराब कहां से लेकर आ रहे थे और कहां सप्लाई करने वाले थे, इसको लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि फलौदी से भारत माला रोड पर अवैध शराब से भरा ट्रक बालोतरा की तरफ आ रहा है। इस पर पचपदरा, सिवाना और बालोतरा डीएसटी टीम की अलग-अलग टीमों ने भारत माला हाईवे रोड पर होटल गांव में नाकाबंदी की गई। आ रहे ट्रक को रुकवाकर ड्राइवर से पूछताछ की गई। ट्रक की तलाशी लेने पर प्लास्टिक कट्टों के नीचे अवैध शराब के कार्टन मिले। इस पर पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को पकड़ा। वहीं ट्रक की एस्कॉर्ट कर रही स्विफ्ट कार को रुकवाई गई। उसमें सवार चार जनों को डिटेन कर पूछताछ की गई। एसपी हरि शंकर ने बताया पुलिस टीमों ने ट्रक ड्राइवर भूपेंद्र पुत्र मांगीलाल निवासी सरनाऊ पुलिस थाना सांचौर जिला जालोर, ओमप्रकाश पुत्र हेमाराम निवासी थावरिया जसरासर जिला बीकानेर, हेतराम पुत्र श्रवणराम निवासी बरसिंगसर, पुलिस थाना देशनोक, दौलतराम पुत्र गोरधनाराम, तोलाराम पुत्र कानाराम दोनों निवासी थावरिया जसरासर बीकानेर को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ आबकारी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में बताया कि अवैध शराब का ट्रक हनुमानगढ़ के पास से गिरधारीराम के कहे अनुसार लेकर आगे बागोड़ा तक ले जाना बताया है। आरोपियों से खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपी हेतराम पांच हजार रुपए का इनामी आरोपी है।



<u>पोकरण में व्यापारियों ने निकाली रैली</u>

# दुकानदार से मारपीट के विरोध में किया प्रदर्शन

**आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोखरण।** पोकरण में खराब चाय पत्ती को लेकर दुकानदार से मारपीट के मामले में व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने गुरुवार को अपनी दुकानें बंद रखी और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम प्रभजोत सिंह गिल को ज्ञापन सौंपा। बुधवार को फलसूण्ड रोड स्थित मुरली टी कम्पनी पर खराब चाय पत्ती के मामले में विवाद हो गया था। जिसमें में लगभग 35-40 लोगों ने दुकान में घुसकर दुकानदार से मारपीट की थी। इस घटना से पोकरण के व्यापारी वर्ग में रोष है। व्यापार संघ ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए एसडीएम प्रभजोत सिंह गिल को ज्ञापन सौंपा। व्यापार संघ ने घटना के विरोध में पोकरण बंद का आह्वान किया, लेकिन इसका मिला-जुला असर रहा। अधिकांश दुकानें खुली रहीं और केवल कुछ ही दुकानें बंद रहीं। सुबह 11 बजे के बाद लगभग सभी व्यापारियों ने अपनी दुकानें खोल दी। ज्ञापन में व्यापार संघ ने जल्द से जल्द सभी आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की है।



# 11 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार

**निर्माणाधीन पार्क में बैठा था बदमाश, पुलिस ने धर दबोचा**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर शहर कोतवाली पुलिस ने 11 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को पकड़ा है। युवक शहर स्थित एक निर्माणाधीन पार्क में बैठा था। मुखबिर की सूचना पर शहर कोतवाल प्रेमदान रतनू के नेतृत्व में एयरफोर्स सर्किल के पास से एक पार्क में बैठे आरोपी युवक को पकड़ा। कल्याण सिंह की तलाशी लेने पर प्लास्टिक की पुड़िया में करीब 11 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस ने तुरंत कल्याण सिंह को गिरफ्तार किया और थाने लाए। जहां एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। शहर कोतवाल प्रेम दान रतनू ने बताया- जिले में पुलिस के नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन मद-मर्दन के तहत नशे के सौदागरों पर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। जैसलमेर पुलिस ने सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए पिछले दिनों करीब 177 ग्राम स्मैक पकड़ी थी। इसी कड़ी में बुधवार शाम एक नशे के सौदागर से 11 ग्राम स्मैक बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया।



### जेब में प्लास्टिक की पुड़िया में रखी थी स्मैक

- शहर कोतवाल प्रेमदान रतनू ने बताया- मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक पार्क में स्मैक के साथ बैठा है। पुलिस ने टीम बनाकर निर्माणाधीन पार्क में दबिश दी। उस दौरान वहां गफूर भट्टा कच्ची बस्ती निवासी कल्याण सिंह सोढा (32) पुत्र जुगत सिंह सोढ़ा मिला। उसी तलाशी लेने पर उसकी जेब से प्लास्टिक की पुड़िया में स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने कल्याण सिंह को एनडीपीएस मामले में गिरफ्तार कर जांच शुरू की है। पुलिस टीम में शहर कोतवाल प्रेमदान रतनू, कॉन्स्टेबल कौशला राम, हिंगलाजदान, स्वरूप राम, जयप्रकाश शामिल रहे।

# डेजर्ट फेस्टिवल में हिस्सा लेने का आवेदन एक से

**मिस मूमल और मिस्टर डेजर्ट कंपटीशन रहेगा सबसे चर्चित**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर में जिला प्रशासन एवं पर्यटक स्वागत केन्द्र, जैसलमेर के संयुक्त देखरेख में आगामी 9 से 12 फरवरी तक 4 दिवसीय विश्वविख्यात मरु महोत्सव—2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सबसे चर्चित प्रतियोगिता मिस मूमल और मिस्टर डेजर्ट की रहेगी।

इसके साथ ही राजस्थानी रंगों से जुड़ी सभी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए 1 फरवरी से आवेदन शुरू किए जाएंगे। आवेदन जमा करवाने की अंतिम तारीख 7 फरवरी है।

### कई प्रतियोगिताएं रहेगी आकर्षण का केंद्र

पर्यटक स्वागत केंद्र जैसलमेर के सहायक निदेशक कमलेश्वर सिंह ने बताया कि मरु महोत्सव के दौरान हर साल की तरह इस साल भी कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे साफा बांध, मिस मूमल, मूमल महेन्द्रा, मिस्टर डेजर्ट, मिसेज जैसलमेर, मूंछ प्रतियोगिता, ऊंट श्रृंगार, शान-ए-मरुधर और पणिहारी मटका रेस आदि के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया एक फरवरी से शुरू होगी। इस संबंध में आवेदन-पत्र एक फरवरी से सात फरवरी, तक पर्यटक स्वागत केंद्र, जैसलमेर से कार्यालय समय में लिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए आवेदन पत्र वापस जमा कराने की अन्तिम तारीख सात फरवरी, को कार्यालय समय तक निर्धारित कर रखी गई है। सात फरवरी, को कार्यालय समय के बाद मिलने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### 10 को जैसलमेर में निकलेगी शोभायात्रा

दूसरे दिन 10 फरवरी को सोनार फोर्ट में स्थित भगवान लक्ष्मीनाथजी के मंदिर में सुबह आरती होगी। सुबह नौ बजे गड़ीसर लेक से शोभायात्रा निकाली जाएगी। पूनम सिंह स्टेडियम में मिस्टर डेजर्ट व मिस मूमल समेत कई राजस्थानी लोक संस्कृति से जुड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। उसी दिन शाम को पूनम स्टेडियम में राजस्थानी लोक संगीत की महफिल जमेगी, जिसमें हसन खान व कूटले खान की प्रस्तुति होगी। इसके बाद मशहूर सूफी सिंगर ज्योति नूरान अपनी सूफी संगीत की शाम सजाएगी।



### 11 को देदानसर मैदान में कार्यक्रम

फेस्टिवल के तीसरे दिन स्थानीय देदानसर मैदान में रेगिस्तानी जहाज ऊंट के कई कार्यक्रम होंगे। इससे पहले गड़ीसर लेक पर राजस्थानी लोक संगीत के साथ योगा होगा। देदानसर मैदान में ऊंटों से जुड़ी प्रतियोगिताएं होंगी। इसी दिन शाम को पूनम सिंह स्टेडियम में राजस्थानी लोक संगीत और नृत्य की महफिल होगी जिसमें अन्नु द्वारा घुटना चकरी व आवड़ सेन द्वारा भवाई नृत्य होगा। देर शाम पंजाबी सिंगर काका द्वारा पंजाबी गीतों की महफिल सजाई जाएगी। फेस्टिवल के आखरी दिन कुलधरा में सुबह मांडना आर्ट का आयोजन होगा। साथ ही कल्चरल कार्यक्रम होंगे। दामोदरा गांव में घुड़दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। वहीं शाम को लखमना के रेतीले टीलों पर कैमल रेस होगी। लखमना के धोरों पर ही शाम को लोक कलाकार तगाराम भील का अलगोजा वादन होगा। इसके बाद भुंगर खान का सिंफनी का कार्यक्रम होगा। अंत में मशहूर कबीर कैफे बैंड की परफॉमरेंस होगी और डेजर्ट फेस्टिवल का समापन होगा।

<u>चलती बोलेरो कैंपर में लगी आग</u>

# गाड़ी जलकर राख, शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** नेशनल हाइवे 68 पर बोलेरो कैंपर गाड़ी में अचानक आग लग गई। गाड़ी में सवार दो जनों ने हाइवे किनारे कैंपर को खड़ी करके कूदकर अपनी जान बचाई। वहीं कुछ मिनटों कैंपर जलकर राख हो गई। घटना बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना थाना इलाके बैंक ऑफ बड़ोदा के पास बीती रात की है। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। आग बुझाने का प्रयास किया गया। जब तक आग बुझाते तब तक जल चुकी थी। फिलहाल पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सांचौर से बोलेरो कैंपर गाड़ी लीलसर गांव की तरफ जा रहे थे। गाड़ी में दो जने सवार थे। धोरीमन्ना से कुछ दूर पहले कैंपर गाड़ी की बैटरी में शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आग गल गई। धुआं और आग देखकर ड्राइवर ने सुझबूझ दिखाते हुए गाड़ी को हाइवे किनारे खड़ी की। ड्राइवर व उसके साथी ने आनन-फानन में गाड़ी से नीचे कूद गए। इससे उनकी जान बच गई। देखते ही देखते आग पूरी गाड़ी में लग गई। ड्राइवर व उसके साथी ने रेत व पानी डालकर आग बुझाने का खूब प्रयास किया है। लेकिन आग बुझाने मं असफल रहे। गाड़ी पूरी जलकर राख हो गई। धोरीमन्ना थानाधिकारी बगडूराम ने बताया- सूचना मिलने पर धोरीमन्ना पुलिस थाने के डीओ दुर्गाराम मौके पर पहुंचे। फिलहाल रिपोर्ट नहीं मिली है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# व्यापार जगत

## एक फरवरी से नहीं कर पाएंगे यूपीआई पेमेंट!

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ सालों में भारत में यूपीआई पेमेंट का विस्तार हुआ है। अब ऐसे में एक फरवरी से आप यूपीआई पेमेंट नहीं कर पाएंगे। घबराइए मत पूरी कहानी आपको विस्तार में समझाते है।

अगर कोई भी यूपीआई ऐप ट्रांजेक्शन आईडी में स्पेशल कैरेक्टर (जैसे @, #, $ आदि) का इस्तेमाल करता है तो वह ट्रांजेक्शन कैंसिल हो जाएगी। भारत में कई ऐसे ऐप है जो ट्रांजेक्शन आईडी में स्पेशल कैरेक्टर का इस्तेमाल करते है।

हालांकि ज्यादातर इस्तेमाल होने वाले ऐप जैसे पेटीएम और फोनपे ट्रांजेक्शन आईडी में स्पेशल कैरेक्टर का इस्तेमाल नहीं करते है।




### इसलिए उठाया ये कदम

एनपीसीआई ने पहले ही सभी यूपीआई ऐप्स को इस बदलाव के लिए समय दिया है ताकि वे ट्रांजेक्शन आईडी को 35 डिजिट का अल्फान्यूमेरिक बनाएं। ऐप्स को डुप्लीकेट ट्रांजैक्शन आईडी से भी बचने की सलाह दी गई है। एक्सपर्ट का कहना है कि इस बदलाव से सिस्टम में सुधार होगा। ट्रांजेक्शन को ट्रैक करना आसान होगा और सुरक्षा में भी बढ़ोतरी होगी।

### सिर्फ अल्फान्यूमेरिक का इस्तेमाल

राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने सभी यूपीआई ऐप्स को ट्रांजेक्शन आईडी में सिर्फ अल्फान्यूमेरिक (अक्षर और अंक) कैरेक्टर इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है। अगर ऐप्स इस नियम का पालन नहीं करेंगी तो एक फरवरी के बाद उनकी ट्रांजेक्शन अस्वीकार कर दी जाएगी।

एनपीसीआई ने नौ जनवरी को एक सर्कुलर जारी किया था। इसमें कहा गया कि एक फरवरी से सभी यूपीआई ऐप्स को ट्रांजेक्शन आईडी में स्पेशल कैरेक्टर का इस्तेमाल नहीं करना होगा। अगर कोई यूपीआई ऐप इस नियम का पालन नहीं करता है तो यूपीआई ट्रांजेक्शन उस ऐप से काम नहीं करेगा। बिजनेस यूजर्स के लिए यह नियम लागू है। लेकिन इसका असर आम यूजर्स पर भी पड़ेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर आप किसी ऐसे ऐप से यूपीआई का इस्तेमाल करेंगे जो इस नियम का पालन नहीं करता तो आपकी पेमेंट रद्द हो जाएगी।

## अमेरिका के फेडरल रिजर्व ने ब्याज दर नहीं घटाई

**क्या अब आरबीआई कम करेगा आपकी ईएमआई?**

**नई दिल्ली।** अमेरिका में पॉलिसी के लेवल पर जब भी कोई बदलाव होता है, तो उसका असर पूरी दुनिया पर पड़ता है। हाल में जब अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के बाद डोनाल्ड ट्रंप प्रेसिडेंट बने, तब से उनकी नीतियों का असर वर्ल्ड ट्रेड से लेकर दुनिया के सभी बाजारों पर देखने को मिला है। ऐसे में अमेरिकी फेडरल रिजर्व का अपनी ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करना, दुनिया के लिए एक बड़े बदलाव का संकेत है। भारतीय रिजर्व बैंक भी सात फरवरी को अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति का ऐलान करेगा, जो एक फरवरी को पेश होने वाले बजट के ठीक बाद आएगी। तब क्या आरबीआई आपकी ईएमआई को कम करने का कोई काम करेगा? दरअसल अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती के सिलसिले पर रोक लगाएगा, इसका अंदाजा पहले से था। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद ये संभावना यकीन में बदलनी ही थी और वैसा हुआ भी। इससे पहले फेडरल रिजर्व ने नवंबर और दिसंबर की बैठक में दो बार ब्याज दरों में कटौती की थी और ब्याज दरों को पूरा एक प्रतिशत कम कर दिया था। अभी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर 4 ।25 से 4 ।50 प्रतिशत के बीच ही रहेगी।

### आरबीआई की मोनेटरी पॉलिसी

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने और फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने के बाद भारत में दो बड़े फाइनेंस इवेंट होने हैं। पहले एक फरवरी को सरकार वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेगी। उसके बाद भारतीय रिजर्व बैंक की कैलेंडर ईयर 2025 की पहली और वित्त वर्ष 2024-25 की आखिरी मौद्रिक नीति सात फरवरी को आनी है। ऐसे में अमेरिका में हुए बदलाव का असर इन दोनों ही इवेंट पर देखने को मिल सकता है। हाल में आरबीआई को अपना नया चीफ मिला है। ऐसे में गवर्नर संजय मल्होत्रा के ऊपर भी फेडरल रिजर्व की नीति के असर से निपटने का दबाव होगा। भारतीय रिजर्व बैंक की मोनेटरी पॉलिसी जहां घरेलू स्तर पर महंगाई को नियंत्रण में रखने का काम करती है, वहीं ये विदेशी प्रभाव से निपटने का भी काम करती है। साल 2022 में भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी अप्रैल में मौद्रिक नीति की समीक्षा करने के बावजूद मई में अचानक से बैठक करके ब्याज दरों को 0 ।40 प्रतिशत बढ़ा दिया था। तब रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते महंगाई बढ़ने का डर था, जिसके चलते देश में ब्याज दरें बढ़ाई गईं थी। वहीं अमेरिका के फेडरल रिजर्व की बैठक भी उसी समय होनी थी और तब अमेरिका में ब्याज दर को 0 ।50 प्रतिशत बढ़ाने का अनुमान था। इससे भारत के शेयर बाजार में तबाही मचने की आशंका थी, इसलिए तब पॉलिसी रेट को बढ़ाया गया था।




### क्या कम होगी आपकी ईएमआई ?

अब सवाल ये है कि क्या सात फरवरी को आरबीआई ब्याज दरों में कटौती करेगी, ताकि आपकी ईएमआई का बोझ कम हो सके। दिसंबर की मौद्रिक नीति के बाद ही देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ब्याज दरों में कटौती की जरूरत बताई थी, ताकि देश में ग्रोथ को बढ़ाया जा सके। लेकिन फूड इंफ्लेशन के ऊंचाई पर बने रहने के चलते तब कटौती नहीं की गई। वहीं तब अमेरिका की ब्याज दर कटौती को ज्यादा वक्त नहीं हुआ था। अब चूंकि अमेरिका ने इस पर ब्रेक लगा दिया है तो आरबीआई अगली मौद्रिक नीति समीक्षा के दौरान ब्याज दरों में 0 ।25 प्रतिशत तक की कटौती कर सकता है। हालांकि इसका फैसला रुपए की वैल्यू में गिरावट, डोनाल्ड ट्रंप की नई ट्रेड पॉलिसी और फूड इंफ्लेशन के अभी भी ऊंचाई पर बने रहने जैसे कारणों पर निर्भर करेगा।

## आपका राशिफल 31 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। शुभांक-5-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य क

## उत्तर प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपए की 14000 प्रोजेक्ट्स पर काम शुरू : उद्योग मंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा है कि प्रदेश निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में उभर रहा है। कंपनियों ने फरवरी, 2023 में राज्य निवेशक शिखर सम्मेलन के दौरान जो प्रतिबद्धता जताई थी, उसमें से दो साल से भी कम समय में 10 लाख करोड़ रुपए की 14,000 परियोजनाओं पर काम शुरू कर दिया है। उन्होंने एक बयान में कहा कि इसमें से 2.6 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं का वाणिज्यिक परिचालन शुरू हो गया है। उल्लेखनीय है कि फरवरी, 2023 में आयोजित उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन में 40 से अधिक देशों ने भाग लिया था। इस दौरान विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा और बुनियादी ढांचे सहित विभिन्न क्षेत्रों में 19,000 से अधिक समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मंत्री ने कहा कि शिखर सम्मेलन के एक वर्ष के भीतर आधारशिला कार्यक्रम 4.0 का आयोजन किया गया और 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश वाली लगभग 14,000 परियोजनाएं शुरू की गईं। मंत्री ने कहा कि 17 जनवरी, तक 2.6 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा चुका है।



वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने वाली कुछ प्रमुख कंपनियों में उर्वशी इन्फ्राटेक (3,400 करोड़ रुपए), एबी मौरी (1,677 करोड़ रुपए), जे के सीमेंट (1,200 करोड़ रुपए), वंडर सीमेंट (834 करोड़ रुपए), बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड (800 करोड़ रुपए) और मून बेवरेजेज (756 करोड़ रुपए) शामिल हैं। गुप्ता ने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश को एक लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करने सहित बहुआयामी रणनीति अपनाई है। उन्होंने कहा कि राज्य बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करके, निवेशक अनुकूल नीतियां बनाकर और कुशल कार्यबल का उपयोग करके अपने आर्थिक लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## सोना पहली बार 81 हजार रुपए पार

**30 दिन में 4,844 दाम बढ़े, चांदी 920 बढ़कर 91,600 रुपए किलो**

**नई दिल्ली।** सोना 30 जनवरी को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 81,006 रुपए हो गया है। बुधवार को इसके दाम 80,975 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं, चांदी की कीमत में भी आज बढ़त रही। ये 920 रुपए बढ़कर 91,600 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी की कीमत 90,680 रुपए प्रति किलो थी। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था। तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी। इस साल अब तक 4,844 महंगा हुआ सोना 31 दिसंबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 76,162 रुपए था। बीते 30 दिन में इसमें 4,844 रुपए का इजाफा हुआ है। वहीं, 31 दिसंबर को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी। इस दौरान इसमें भी 5,583 रुपए की बढ़ोतरी हुई है।

<u>**दो महानगरों में सोने की कीमत**</u>

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 76,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 83,170 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 76,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 83,020 रुपए है।

# विराट कोहली की रणजी में वापसी, स्टेडियम खचाखच





सुरक्षा घेरा तोड़ स्टार बल्लेबाज के पैर छुए

**नई दिल्ली।** विराट कोहली का क्रेज इतना ज्यादा है कि रणजी ट्रॉफी में 12 साल बाद जब वह वापसी पर उतरे तो अरुण जेटली स्टेडियम में फैंस उनकी एक छलक पाने को उमड़ पड़े। गुरुवार को दिल्ली और रेलवे के बीच रणजी ट्रॉफी मैच के लिए हजारों प्रशंसक उमड़ पड़े जो घरेलू क्रिकेट में शायद ही कभी देखा गया। इस दौरान कोहली का फैन सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान में जा पहुंचा और उनके पैर छुए। हालांकि बाद अधिकारियों ने उसे वहां से हटा दिया।

यह घटना रेलवे की पारी के 12वें ओवर में हुई, जब कोहली दूसरी स्लिप पर खड़े थे। जैसे ही प्रशंसक उनकी ओर दौड़ा, भीड़ ने कोहली-कोहली चिल्लाना शुरू कर दिया। सुरक्षाकर्मी घुसपैठिए को हटाने के लिए दौड़े, लेकिन कोहली ने हमेशा की तरह शांत रहने के लिए उन्हें इशारा किया। इस क्षण ने कोहली के 12 साल से अधिक समय में पहली बार घरेलू लाल गेंद वाले मैच को लेकर उत्साह को दर्शाया।

दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ ने कोहली की वापसी पर लगभग 10,000 प्रशंसकों के आने की उम्मीद की थी, जो रणजी ट्रॉफी के लिए एक असाधारण संख्या थी। हालांकि जैसे-जैसे सुबह हुई तो यह स्पष्ट होता गया कि अनुमान कम पड़ गए। अधिकारियों ने बाद में पुष्टि की है कि स्टेडियम में मैच देखने के लिए 15,000 से अधिक प्रशंसक मौजूद हैं। यहां गौर करने योग्य है कि मैच के लिए कोई टिकट नहीं रखा गया था और सभी के लिए फ्री एंट्री थी। रोमांचक माहौल के बावजूद दिल्ली के गेंदबाजों ने अपना ध्यान बनाए रखा और रेलवे को 66/5 पर रोक दिया।

## शार्दुल ने इतिहास की किताब में दर्ज करवाया नाम

रणजी ट्रॉफी में ली हैट्रिक



**मुंबई।** भारत के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने गुरुवार को यहां शरद पवार क्रिकेट अकादमी में मेघालय के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में मुंबई के लिए हैट्रिक लेकर इतिहास की किताब में अपना नाम दर्ज करवाया। मेघालय के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद मुंबई के लिए गेंदबाजी की शुरुआत करते हुए ठाकुर ने तीसरे ओवर में अनिरुद्ध बी, सुमित कुमार और जसकीरत को आउट किया और फिर पारी की चौथी गेंद पर निशांत चक्रवर्ती को आउट किया। वह पांडिचेरी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश के ऋषि धवन के बाद 2024/25 रणजी ट्रॉफी सीजन में हैट्रिक लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए। 33 वर्षीय यह खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी के इतिहास में हैट्रिक लेने वाले मुंबई के पांचवें गेंदबाज बन गए। अन्य चार गेंदबाजों में जहांगीर बेहरामजी खोत (बॉम्बे) बनाम बड़ौदा 1943/44 में, उमेश नारायण कुलकर्णी (बॉम्बे) बनाम गुजरात 1963/64 में, अब्दुल मूसाभॉय इस्माइल (बॉम्बे) बनाम सौराष्ट्र 1973/74 में और रॉयस्टन हेरोल्ड डायस (मुंबई) बनाम बिहार 2023/24 सीजन शामिल हैं।

# आज भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टी20 पुणे में

**पुणे।** रोमांचक पांच टी20 मैचों की सीरीज अब भारत और इंग्लैंड के बीच अब ऐसे मोड़ पर पहुंच चुकी हैं जहां से उत्साह बढ़ता ही जाना है। भारत ने सीरीज के शुरुआती दोनों मैच जीतकर डबल बढ़त बनाई थी, लेकिन तीसरे टी20 मैच में इंग्लैंड ने शानदार वापसी के साथ मैच जीता और सीरीज को एक-दो के आंकड़े पर लाकर खड़ा कर दिया। दोनों टीमों के बीच शुक्रवार को जब चौथा टी20 मैच पुणे होगा, उसमें अगर इंग्लैंड जीतने में सफल हुआ तो सीरीज बराबर हो जाएगी और फिर सभी को इंतजार रहेगा पांचवें व निर्णायक मुकाबले का जहां तय होगा कि ट्रॉफी किसके हाथ में जाएगी।

टीम इंडिया और इंग्लैंड के बीच शनिवार को खेले जाने वाले सीरीज के चौथे टी20 मैच का आयोजन पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में होने वाला है। इस मैदान पर अब तक सिर्फ चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले ही खेले गए हैं।

यहां पहला टी20 मुकाबला 2012 में आयोजित हुआ था जबकि अंतिम बार इस मैदान पर कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला जनवरी 2023 में खेला गया था। यानी दो साल बाद एक बार फिर पुण में टी20 मैच होने जा रहा है। यहां पर इंग्लैंड ने अब तक एक ही टी20 मैच खेला है और वो मैच इस मैदान का पहला टी20 मैच भी था जो 13 साल पहले हुआ था। भारत ने यहां खेले गए 4 टी20 मैचों में 2 मैच जीते हैं और दो मैच गंवाए हैं। आइए जानते हैं इस ग्राउंड से जुड़े कुछ खास आंकड़े। भारत और इंग्लैंड के बीच आखिरी बार पुणे में टी20 मुकाबला 20 दिसंबर 2012 को खेला गया था जो इस मैदान के इतिहास का पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी था।



भारतीय महिला हॉकी टीम

## एफआईएच प्रो लीग को भारतीय महिला टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** 15 फरवरी से एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण का आगाज होगा। इसमें भारतीय महिला टीम भी खेल रही है, जिसको लेकर हॉकी इंडिया की तरफ से 29 जनवरी को टीम का ऐलान कर दिया गया। एफआईएच प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के लिए हॉकी इंडिया की तरफ से 24 सदस्यीय टीम का ऐलान किया गया है, जिसमें एक खिलाड़ी को स्टैंडबाय भी रखा गया है। भारतीय टीम को अपना पहला मुकाबला 15 फरवरी इंग्लैंड के खिलाफ खेलना है।



### भारतीय महिला हॉकी टीमः

- गोलकीपरः सविता, बिचू देवी खारिबाम।
- फॉरवर्डः नवनीत कौर, मुमताज खान, प्रीति दुबे, रुताजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, संगीता कुमारी, दीपिका, वंदना कटारिया।
- मिडफील्डरः वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, मनीषा चौहान, सलीमा टेटे, सुनेलिता टोप्पो, लालरेम्सियामी, बलजीत कौर, शर्मिला देवी।
- डिफेंडरः सुशीला चानू पुखरंबम, निक्की प्रधान, उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 : तीन ओपनिंग सेरेमनी

## भारत ही नहीं ये दो टीमें भी नहीं लेंगी हिस्सा

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 19 फरवरी से होने वाली है। पहला मुकाबला मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट की ओपनिंग सेरेमनी का प्लान तैयार हो चुका है जिसे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मंजूरी दे दी है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रॉफी के लिए तीन ओपनिंग सेरेमनी होने वाली हैं। हालांकि इनमें सभी टीमें हिस्सा नहीं लेंगी।



### तीन सेरेमनी का आयोजन

- पाकिस्तान के जियो न्यूज के मुताबिक मुख्य ओपनिंग सेरेमनी 16 फरवरी को हजूरी बाग में होगी। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में सात फरवरी को अलग सेरेमनी होगी। वहीं 11 फरवरी को कराची के नेशनल स्टेडियम में ओपनिंग सेरेमनी होगी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शारीफ लाहौर की ओपनिंग सेरेमनी में चीफ गेस्ट होंगे। वहीं कराची में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के जाने की रिपोर्ट है। आईसीसी के सूत्रों ने बताया कि सभी टीमें ओपनिंग सेरेमनी का हिस्सा नहीं होंगे।

### इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया नहीं लेंगी हिस्सा

इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया अपनी टीमों को ओपनिंग सेरेमनी के लिए नहीं भेज पाएगी। इंग्लैंड की टीम 18 फरवरी को लाहौर पहुंचेगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया 19 फरवरी को पाकिस्तान पहुंचेगी। बांग्लादेश की टीम 15 फरवरी को दुबई पहुंचेगी और अफगानिस्तान 12 फरवरी को इस्लामाबाद जाएगी। वहीं मेजबान पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका पहले से ही पाकिस्तान में होंगे। आठ से 14 फरवरी के बीच ये टीमें ट्राईसीरीज खेलेंगी।

भारतीय अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम

## इंग्लैंड से टीम इंडिया का सेमीफाइनल

**नई दिल्ली।** महिलाओं के अंडर 19 टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन किया जा रहा है। जहां टीम इंडिया का प्रदर्शन अब तक काफी कमाल का रहा है। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में खेले गए सभी मैचों में अब तक जीत हासिल की है। ऐसे में टीम इंडिया वर्ल्ड कप का खिताब जीतने की प्रबल दावेदार नजर आ रही है। भारतीय टीम ने पिछला अंडर 19 महिला टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया था। उस दौरान शेफाली वर्मा टीम इंडिया की कप्तान थी। ऐसे में टीम इंडिया इस बार अपने वर्ल्ड कप ट्रॉफी का बचाव करना चाहेगी।



### टीम इंडिया का सेमीफाइनल मैच

अंडर 19 महिला टी20 वर्ल्ड कप अब अपने आखिरी स्टेज में पहुंच गया है। जहां सिर्फ चार टीमें ही बची हुई हैं। इन चार टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। टीम इंडिया अपना सेमीफाइनल मैच 31 जनवरी को इंग्लैंड की महिला अंडर 19 टीम के खिलाफ खेलेगी।

### महिला टीम स्क्वाड

- निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका चालके (उप-कप्तान), जी त्रिशा, कमलिनी जी (विकेटकीपर), भाविका अहिरे (विकेटकीपर), ईश्वरी अवसरे, मिथिला विनोद, जोशीता वीजे, सोनम यादव, पारुनिका सिसौदिया, केसरी द्रिथि, आयुषी शुक्ला, आनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस

# मनोरंजन

## हिना की कैंसर जर्नी को रोजलिन ने बताया दिखावा



टीवी एक्ट्रेस हिना खान के जल्दी ठीक होने की दुआ उनके सारे फैंस कर रहे हैं। इस बीच रोजलिन खान उन पर लगातार गुस्सा निकाल रही हैं। रोजलिन खुद स्टेज चार कैंसर सर्वाइवर हैं। उनका कहना है कि हिना खान दिखावा कर रही हैं। रोजलिन ने हिना के 15 घंटे सर्जरी के दावे का भी मजाक उड़ाया और कहा कि वह फैंसी विग्स क्यों लगा रही हैं जबकि सिलेब को ये चीजें नॉर्मलाइज करनी चाहिए थी। रोजलिन ने बातचीत में कहा कि वह हिना या किसी कैंसर पेशेंट को टारगेट नहीं करना चाहती। हालांकि उन्हें लग रहा है कि हिना शो ऑफ कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हिना खान विदेशों में घूम रही हैं जबकि कैंसर पेशेंट को इसकी अनुमति नहीं होती।

रोजलिन ने हिना खान के 15 घंटे सर्जरी वाले स्टेटमेंट पर भी हैरानी जताई। वह बोलीं, 'मुझे स्टेज चार कैंसर था और मैं भी उसी हॉस्पिटल में थी। मेरी मास्टेक्टॉमी इससे आधे समय में हो गई थी। वह यह दावा कैसे कर सकती हैं कि उनकी सर्जरी को इससे डबल टाइम लग गया? मैंने ऑन्कोलॉजिस्ट्स से भी बात की और मैं उनसे कमेंट करने को भी बोलूंगी कि क्या 15 घंटे की ब्रेस्ट कैंसर सर्जरी पॉसिबल भी है?'

रोजलिन ने हिना के विग पहनने पर भी आपत्ति जताई। वह बोलीं, कुछ लोग तो विग भी अफोर्ड नहीं कर पाते, जो कि हिना स्टाइल में पहन रही हैं। उन्होंने मनीषा कोइराला और सोनाली बेंद्रे का उदाहरण दिया जिन्होंने अपने बाल शेव करवाकर लोगों को दिखाया और चीजों को सामान्य करने की कोशिश की। रोजलिन बोलीं, 'वह हमेशा फैंसी विग के पीछे क्यों छिपती रहती हैं? सिलेब्रिटीज की जिम्मेदारी होती है कि वे हेयरलॉस को नॉर्मलाइज करें ताकि जिन महिलाओं पर ये बीत रही है वे शर्म न करें।'

## सलमान-रश्मिका मंदाना की फिर बनेगी जोड़ी



अभिनेत्री रश्मिका मंदाना सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। वह विक्की कौशल के साथ 'छावा' में भी नजर आएंगी। हाल ही में इसका ट्रेलर भी रिलीज हुआ है। फैंस रश्मिका को सलमान खान के साथ 'सिकंदर' में देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। इस बीच फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाने वाली खबर सामने आ रही है। आइए जानते हैं वह क्या अपडेट है? एआर मुरुगादॉस निर्देशित 'सिकंदर' के बाद अभिनेत्री सलमान खान के साथ एक शीर्षकहीन फिल्म में नजर आ सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों को एक और प्रोजेक्ट के लिए एक साथ साइन किया गया है। सलमान और रश्मिका एटली द्वारा निर्देशित एक आगामी फिल्म में नजर आने वाले हैं। सूत्रों ने खुलासा किया कि 'सिकंदर' के सेट पर इस जोड़ी का काम करने का तरीका बहुत अच्छा था और 'पुष्पा 2ः द रूल' में रश्मिका के प्रदर्शन ने एटली और सलमान दोनों को प्रभावित किया, जिसके कारण उन्हें एक नए प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ लिया गया। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सलमान खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार कैटरीना कैफ के साथ 'टाइगर 3' में देखा गया था। इसके बाद अब वह 'सिकंदर' में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म ईद पर रिलीज होगी। रश्मिका मंदाना के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह आखिरी बार 'पुष्पा 2' में अल्लू अर्जुन की पत्नी श्रीवल्ली के किरदार में नजर आई थीं। अब उनके पास सलमान की सिंकदर है। 14 फरवरी को विक्की कौशल के साथ उनकी फिल्म 'छावा' रिलीज होगी। इसके अलावा वह धनुष और नागार्जुन अक्किनेनी स्टारर 'कुबेर' में भी मुख्य भूमिका निभाने वाली हैं।

## कबीर खान के साथ फिल्म में काम करेंगे विक्की कौशल



विक्की कौशल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'छावा' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स द्वारा समर्थित यह फिल्म 14 फरवरी, को रिलीज होगी। इसी बीच आई जानकारी के अनुसार, निर्देशक कबीर खान अभिनेता विक्की कौशल के साथ एक फिल्म बनाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विक्की कौशल और कबीर खान, जो एक-दूसरे के काम के मुरीद रहे हैं। यही वजह है कि अब दोनों मिलकर एक फिल्म बनाने की योजना बना रहे हैं। कथित तौर पर इस प्रोजेक्ट के अंतिम तौर-तरीकों पर अभी भी काम चल रहा है। हालांकि, अभी तक दोनों की तरफ से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बीते बुधवार को कबीर खान ने अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ दो फिल्मों के लिए करार की घोषणा की। बजरंगी भाईजान के निर्देशक ने अप्लॉज एंटरटेनमेंट के एमडी समीर नायर के साथ एक तस्वीर शेयर की। पिछले साल विक्की ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कबीर खान की निर्देशित फिल्म 'चंदू चैंपियन' के लिए अपना प्यार जताया था, जिसमें कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में थे। उनकी पोस्ट में लिखा था, "फिल्म देखने में बहुत मजा आया! अविश्वसनीय कहानी कबीर खान सर। आपको प्रेरित करती है, आपका मनोरंजन करती है! शानदार काम कार्तिक आर्यन चमकते रहो भाई... सच्चे चैंपियन को सलाम...मुरलीकांत सर!!!" काम की बात करें तो विक्की कौशल अगली बार लक्ष्मण उटेकर की फिल्म 'छावा' में रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना के साथ नजर आएंगे। यह पीरियड-ड्रामा छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है।

## 'स्पिरिट' की शूटिंग मई में होगी शुरू !




संदीप रेड्डी वांगा, भूषण कुमार और प्रणय रेड्डी वांगा की आगामी एक्शन थ्रिलर 'स्पिरिट' की शूटिंग इस साल मई में शुरू हो जाएगी। प्रभास अभिनीत एक्शन थ्रिलर 'स्पिरिट' का फिल्मांकन मई में शुरू कर दिया जाएगा। प्री-प्रोडक्शन का काम पूरे जोरों पर है। 'स्पिरिट' प्रभास की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, संदीप ने स्क्रिप्ट लगभग पूरी कर ली है और अपने विजन की तैयारी कर रहे हैं। संदीप रेड्डी वंगा की यह फिल्म पुलिस थ्रिलर शैली पर आधारित होगी। एक्शन से भरपूर यह फिल्म दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, स्पिरिट की शूटिंग 2025 में शुरू हो जाएगी और 2026 में फिल्म रिलीज हो जाएगी। 'कबीर सिंह' और 'एनिमल' के बाद यह फिल्म संदीप रेड्डी वांगा और भूषण कुमार के बीच तीसरी सहयोग फिल्म है। निर्देशक ने एक साल में फिल्म की शूटिंग करने की योजना बनाई है, जिसमें एक शानदार कलाकारों को शामिल किया जाएगा, जो भारत की अब तक की सबसे बड़ी पुलिस थ्रिलर होने का वादा करती है। कथित तौर पर इस फिल्म में प्रभास का बदला हुआ लुक नजर आने वाला है।

## क्या बड़े पर्दे पर ओशो का किरदार निभाएंगे मिथुन चक्रवर्ती ?



दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती इस वक्त सुर्खियों में बने हुए हैं। खबर है कि वो फिलॉसफर ओशो रजनीश की बायोपिक में लीड रोल निभा रहे हैं। हाल ही में जब मीडिया से बातचीत के दौरान उनसे सवाल किया गया कि क्या वो ओशो का रोल निभाने जा रहे हैं। इस पर अभिनेता ने अपनी चुप्पी तोड़ी और बताया कि हां उनको ओशो का रोल ऑफर हुआ था, लेकिन अभी तक इस पर कुछ भी कन्फर्म नहीं है। उनका रोल निभा पाना आसान नहीं होगा। मिथुन चक्रवर्ती ने बताया कि आखिर ओशो रजनीश का रोल निभाने को लेकर बातचीत शुरू कैसे हुई थी। उन्होंने याद किया कि जब 'द कश्मीर फाइल्स' के लिए फोटोशूट चल रहा था, तब फिल्म एडिटर ने उनको कहा था कि वो ओशो रजनीश की तरह दिख रहे हैं। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा, "जब वो फोटोज सामने आईं तो लोगों ने कहा कि मैं ओशो रजनीश जैसा लग रहा हूं। मुझे उनकी बायोपिक भी ऑफर हुई है। लेकिन अभी कुछ कन्फर्म नहीं है। अभी इस फिल्म को बनने में पांच-छह साल का वक्त लगेगा। विवेक अग्निहोत्री चाहते हैं कि मैं इस फिल्म में काम करूं। एक और शख्स ने मुझे इसके लिए अप्रोच किया है। मैं ये रोल निभाना चाहता हूं, लेकिन मुझे ये भी पता है कि ये एक बड़ी जिम्मेदारी होगी। क्योंकि ओशो के फॉलोअर्स के लिए वो एक भगवान के जैसे हैं। वो एक महान इंसान थे और मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूं।" इस दौरान उनसे ये सवाल भी किया गया कि क्या उनको कभी ये नहीं लगा कि अपने लिए एक रोमांटिक फिल्म भी बनानी चाहिए। मिथुन ने कहा, "मैं बहुत प्रैक्टिकल इंसान हूं और मुझे ऐसा बिल्कुल भी नहीं लगता है। मैं वक्त के हिसाब से बदल गया हूं और उम्र के हिसाब से खुद को ढाल लेता हूं। तो इस लेवल पर आने के बाद अब मैं एक ट्रेडिशनल हीरो नहीं हूं, तो मैं खुद को एक फिल्म मास्टर मानता हूं।"

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को अर्पित की श्रद्धांजलि

## उनके बताए सिद्धांतों पर चलने का दोहराया संकल्प



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिलेभर में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। उनकी तस्वीर व प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रख उनके बताए सिद्धांतों पर चलने का संकल्प दोहराया गया। जिला मुख्यालय पर कलक्ट्रेट परिसर में जिला कलक्टर एलएन मंत्री, पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखा गया। रामधुन का गायन किया गया। उधर गांधी मूर्ति सर्किल पर अतिरिक्त जिला कलक्टर बजरंगसिंह ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। यूआइटी सचिव पूजा सक्सेना ने भी मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी विमलेन्द्र राणावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**बाली।** नगर पालिका परिसर में गुरुवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। कार्य म में उपखंड अधिकारी दिनेश विश्नोई, पुलिस उप अधीक्षक राजेश यादव, विकास अधिकारी भोपेन्द्रसिंह जोधा, तहसीलदार जितेन्द्रसिंह, अधिशासी अधिकारी राजल राव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्य म के दौरान शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया। गांधीजी के आदर्शों को याद कर उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प किया। इस अवसर पर रामधुन और गांधीजी के प्रिय भजनों की प्रस्तुति भी दी गई



**फालना।** नगर पालिका खुडाला फालना परिसर में पालिकाध्यक्ष ललिता शा की अध्यक्षता में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। गांधी प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी विनयपाल जाट, जेइएन शैलेंद्रकुमार, समाजसेवी अमित मेहता, यूडीसी शक्तिसिंह, महेंद्र मालवीय, रवि बीरावत, भगाराम चौधरी, गणाराम चौधरी, मोहम्मद इकबाल सहित कार्मिक मौजूद थे।



**सुमेरपुर।** उपखंड कार्यालय में एसडीएम कालूराम कुम्हार के सानिध्य में शहीद दिवस मनाया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और सभी स्टॉफगण के साथ दो मिनट का मौन रख स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद किया।



**सांडेराव।** कस्बे समेत क्षेत्र में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कस्बे में मारवाड़-गोडवाड़ जन कल्याण सेवा समिति अध्यक्ष एवं कांग्रेस के युवा नेता जयदेवसिंह राणावत की अध्यक्षता में पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सांडेराव-फालना सड़क मार्ग पर गंगावेरी चौराया स्थित मेवाड़ा अतिथि भवन में आयोजित कार्य' म में कांग्रेसजनों एवं ग्रामीणों द्वारा महात्मा गांधी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कांग्रेस नेता राणावत, वि' म मेवाड़ा के सान्निध्य में श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान देवीसिंह राजपुरोहित, खीमाराम मेघवाल, महावीर मेवाड़ा, नटवर सैन, किशोर सैन, बगदाराम, भंवर सैन, किशोर नाहर, मंगेश सैन, मोहनलाल सहित कई कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे। इसी तरह सांडेराव के सनराइज माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक हरीश परिहार, व्यव-स्थापक घेवरचन्द चौहान व दिनेशसिंह सिसोदिया के सान्निध्य में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। परिहार ने महात्मा गांधी की जीवनी पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों द्वारा सुन ले बापू ये पैगाम, मेरी चिट्ठी तेरे नाम... गीत की प्रस्तुति दी गई। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

# बिरामी टोल प्लाजा पेट्रोलिंग टीम की सजगता से टली बड़ी वारदात

- ट्रक चालक के चंगुल से बचाई डेढ़ वर्षीय बालिका
- अपहृत बालिका के साथ संभव थी गंभीर अनहोनी की आशंका

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** बिरामी टोल प्लाजा की पेट्रोलिंग टीम की सजगता व सतर्कता के चलते एक मासूम बच्ची कथित मानव तस्करी व अनहोनी की घटना का शिकार होते होते बच गई। टीम ने न केवल बच्ची को बचाया बल्कि मौके से भाग रहे आरोपी ट्रक चालक को भी पकड़कर सांडेराव पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार बुधवार देर रात बिरामी टोल प्लाजा की पेट्रोलिंग टीम नियमित गश्त पर थी। इस दौरान हाइवे पर एक ट्रक खड़ा नजर आया। टीम ने ट्रक के आसपास देखा तो कोई नजर नहीं आया। लेकिन, चंद मिनट बाद ही खेत की ओर से करीब तीस वर्षीय युवक (ट्रक चालक) गोद में बच्ची को उठाते आता हुआ दिखाई दिया। पेट्रोलिंग टीम के आरपीओ हकमाराम, आरपीवीडी शोभाराम, हेल्पर विनोदकुमार ने युवक को बच्ची के साथ देखा तो अनहोनी की आशंका हुई। इस पर टीम ने उसे रूकने का इशारा किया। लेकिन, युवक बच्ची को सड़क के साइड में रख कर वापस खेत की ओर भागने लगा। इस पर हेल्पर विनोद ने बच्ची को संभाला एवं कंबल ओढ़ाकर गाड़ी में बैठाया जबकि आरपीओ हखमाराम व आरपीवीडी शोभाराम हिम्मत दिखाते हुए आरोपी के पीछे भागे एवं उसे दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि युवक समीप स्थित एक खेत में झोपड़ी में सो रही डेढ़ साल की बच्ची व मोबाइल उठा कर लाया व ट्रक से फरार होने वाला था। टीम ने थाने फोन लगाया लेकिन, नो रिप्लाय होने पर बगैर समय गंवाए ट्रक चालक व बच्ची को थाने गए व पुलिस को सौंप दिया। इस बीच मौके पर पहुंचे किसान बीआर (छदम नाम) ने बताया कि उसकी बेटी डिलेवरी पर पीहर आई हुई है एवं यह डेढ़ वर्षीय बच्ची उसकी दोहित्री है जो उसके पास सो रही थी। लेकिन आरोपी उसे उठा लाया। बीआर ने थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। फिलवक्त पुलिस ने भीलवाड़ा निवासी आरोपी ट्रक चालक नारायणलाल पुत्र योगीनाथ को शांतिभंग की धारा में गिरफ्तार किया है। मामले को अपहरण की धाराओं के तहत दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है।



## सिक्किम के राज्यपाल माथुर ने पूर्व सांसद जैन से की मुलाकात

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर गुरूवार को पाली के अल्प प्रवास दौरे पर रहे। इस दौरान वे पूर्व सांसद पुष्प जैन के घर पहुंचे और उनसे मुलाकात की। जनप्रतिनिधियों व जिला कलक्टर एल एन मंत्री व जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट ने अगवानी और स्वागत किया। राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल माथुर पूर्व सांसद जैन के निवास पर कुछ देर रूके और वहां पूर्व सांसद जैन और जिला कलक्टर एलएन मंत्री और पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, उपखंड अधिकारी से चर्चा की। इसके बाद वे फालना के लिए रवाना हुए। उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्रसिंह, पुलिस प्रशासन के सभी संबंधित अधिकारी और कार्मिक मौजूद रहे।

## एआईएटीएफ अध्यक्ष एमएस बिट्टा कल रानी व फालना के दौरे पर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** एआईएटीएफ अध्यक्ष एमएस बिट्टा रविवार को रानी आएंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार एआईएटीएफ अध्यक्ष बिट्टा रविवार को सिरोही से रवाना होकर दोपहर 4:30 बजे रानी पहुंचेगे जहां वे मरूधर महिला शिक्षण संघ विद्यावाडी के वार्षिकोत्सव में भाग लेंगे। शाम को फालना के स्वर्ण मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके बाद वे फालना जाएंगे। जहां वे रात को दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## राठौड़ बने राजस्थान फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** राजस्थान फार्मासिस्ट एसोसिएशन प्रदेशाध्यक्ष प्रवीणकुमार सैन की अनुशंषा पर जालमसिंह राठौड़ को पाली जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। उनवनियुक्त जिलाध्यक्ष 15 दिनों के भीतर अपनी कार्यकारिणी का गठन करेंगे। इस नियुक्ति पर पीएमओ डॉ भरत टेलर, डॉ राजकुमार राजदे, बीसीएमओ डॉ.हितेन्द्र बागोरिया, उपजिला प्रमुख जगदीश चौधरी, केमिस्ट एसोसिएशन पाली अध्यक्ष धनंजय चौधरी, राजेन्द्र मेहता, नरेन्द्र मेड़तिया, मनीष जैन सेक्रेटरी, महेन्द्र अग्रवाल, अजितसिंह चारण आदि ने बधाई दी।



## माजीसा धाम का 13वां वार्षिकोत्सव आज से

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादड़ी।** कस्बे के परशुराम रोड स्थित रेबारियों की ढाणी में माजीसा धाम में माता राणी भटियाणी मंदिर का दो दिवसीय तेरहवां वार्षिकोत्सव शुक्रवार से आरंभ होगा। प्रथम दिन विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें मधुबाला राव एंड पार्टी उदयपुर तथा नरपत देवासी बालोतरा भजनों की प्रस्तुति देंगे। दूसरे दिन शनिवार सुबह ध्वजारोहण एवं इसके बाद 11 बजे से महाप्रसादी का आयोजन होगा।



## साइकिल पाकर खिले चेहरे

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई।** समीपवर्ती ग्राम पंचायत कोट सोलंकियान के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9 में अध्यनरत 19 छात्राओं को राज्य सरकार की योजना के तहत साइकिलें वितरित की गई। कार्यवाहक प्रधानाचार्य अक्षयकुमार के सान्निध्य में साइकिल वितरण किया गया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। अब रोजाना दूर से आने वाली छात्राओं को विद्यालय आगमन में आसानी होगी। इस दौरान साइकिल वितरण प्रभारी व शारीरिक शिक्षक हीरालाल गुर्जर, हिंदी व्याख्याता दिनेश सिखवाल, उगमाराम देवासी, लोकेशकुमार, हरीशकुमार, कम्प्यूटर अनुदेशक पवनकुमार सहित अन्य शिक्षक भी मौजूद थे।



## वार्षिकोत्सव में झलका उत्साह



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय फालना में मुख्य अतिथि सरपंच करणसिंह राजपुरोहित, पीईईओ प्रतिनिधि मुकेश शर्मा प्राचार्य की अध्यक्षता मे वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। सरपंच ने बालिका शिक्षा के महत्व पर सभी को अवगत कराया। विद्यालय संस्था प्रधान सुमन मीणा ने वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा। बालिकाओं ने रंगारंग कार्यक्रम में आकर्षक प्रस्तुतियां दी। वर्षभर की गतिविधियों के लिए बालक बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किए। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप मे डुंगाराम सांखला, नरेश चौधरी, भीखाराम चौधरी, दिनेश माधव, सवाराम गरासिया, गोविंदसिंह, अर्जुनसिंह, अमृतसिंह, गोरधनसिंह, कविता राव, यागिनी सांदू, गोरधन शेखावत, रितु देशवाल, आशा मीणा, गुलाबदान व मनीषा दहिया, एसएमसी अध्यक्ष डिम्पल कंवर, राकेश गुर्जर समेत अभिभावक मौजूद थे।

## बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** एकल अभियान अंचल पाली संच नाडोल की आचार्य मासिक बैठक 30 जनवरी को नाडोल के सियाराम परिसर में सम्पन्न हुई। जिसमें अंचल खेल व शारीरिक प्रशिक्षक प्रमुख जोराराम, अंचल व्यास प्रमुख सोमराज बरंडा आदि मौजूद थे। बैठक में आगामी योजना के बारे में जानकारी देकर फरवरी माह का पाठ्' म लिखवाया गया।



# सौहार्द का वातावरण बनाने का माध्यम है खेलकूद प्रतियोगिताएं : मेवाड़ा

## गुडा एंदला में छह दिवसीय ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** उपखंड के गुड़ा एंदला गांव स्थित खेल मैदान में गुरुवार को छह दिवसीय ग्रामीण ि' केट प्रतियोगिता का शुभारंभ सुमेरपुर के कांग्रेस नेता हरीशंकर मेवाड़ा व समाजसेवी मुकेश बारोलिया के सान्निध्य में किया गया। आयोजकों ने बताया कि मेवाड़ा ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर टॉस का सिक्का उछालकर टूर्नामेंट का आगाज किया। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला बिठुडा पिरान व गुड़ा सोनीगरा के बीच खेला गया। जिसमें गुड़ा सोनीगरा टीम विजेता रही। बिठुडा पिरान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ऑवर में 3 विकेट में 60 रन बनाते हुए गुड़ा सोनीगरा को 61 रनों का टारगेट दिया। रनों का पीछा करने उतरी गुड़ा सोनीगरा टीम ने 4 विकेट खोकर 61 रन बनाते हुए मैच जीता। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 32 टीमें भाग ले रहीं हैं। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 4 फरवरी को खेला जाएगा। जिसमें विजेता टीम को 25 हजार नकद व ट्रॉफी व उप विजेता टीम को 11 हजार व ट्रॉफी से नवाजा जाएगा। प्रतियोगिता में सभी मैच 8-8 ऑवर के होंगे। इससे पूर्व उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए मेवाड़ा ने कहा कि खेल केवल जीत-हार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में सौहार्द और स्वस्थ वातावरण बनाने का माध्यम है व तन, मन को भी स्वस्थ रखते हैं। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए उत्कृष्ट खेलें। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उम्दा प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी अपने नाम करने की शुभकामनाएं दी। उदघाटन के मौके पर भगताराम देवासी, रवि मेवाड़ा, हरीप्रसाद मीणा, प्रमोद बारोलिया, गिरधारी आदिवाल, सुमेरसिंह उदावत, महेन्द्र मीणा, देवाराम मीणा आदि मौजूद रहे।



# ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर 5 से

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में 5 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी ने इसके बारे में संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर बताया कि फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में जनसामान्य की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पंचायतराज विभाग एवं अन्य पांच विभागों को उनकी गतिविधियां चिन्हित कर इन शिविरों में जोड़ा जाना है। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में जन्म मृत्यु पंजीयन प्रमाण पत्र जारी करना, लम्बित पट्टों का निस्तारण करना, विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु भूखण्ड एवं पट्टा आवंटन अभियान, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, परिसम्पति रजिस्टरों का संधारण करने का कार्य किया जाएगा। 3 फरवरी को ग्राम सभाओं का आयोजन नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए। ग्राम सभा में पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक, सहकारिता प्रबंधक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, चिकित्सा एवं पशुपालन विभाग के कार्मिक उप-स्थत होकर अपने विभागों की चिन्हित योजनाओं के संबंध में जानकारी देंगे।

## कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता की दिलाई शपथ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** चिकित्सा विभाग की ओर से स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को पाली शहर सहित जिलेभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया कि चिकित्सा विभाग की ओर से 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसका गुरुवार को शुभारंभ किया। स्वास्थ्य भवन सहित जिले के चिकित्सा संस्थानों में जिला कलेक्टर के नाम कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता के लिए संदेश का वाचन कर कुष्ठ प्रभावित रोगियों से भेदभाव दूर करने की शपथ दिलाई गई।

# संगीतमय सुंदरकांड पाठ से भाव विभोर हुए श्रोता

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** कस्बे के हनुमान मंदिर परिसर में मौनी अमावस्या पर सियाराम सुंदरकाण्ड सेवा समिति शिवगंज की ओर से संगीतमय सुंदरकांड पाठ की प्रस्तुति दी गई। पाठ एवं हनुमान चालीसा की चौपाइयों पर श्रोता भाव विभोर हो उठे। व्यापार मंडल के सान्निध्य में कस्बे के समग्र विकास एवं आमजन के मंगलमय जीवन की कामना को लेकर सुंदरकांड पाठ किया गया।






सुंदरकांड पाठ के दौरान बजरंग बली को समर्पित भजनों की भी प्रस्तुति दी गई। पाठ की पूर्णाहुति पर अलसुबह मंगला आरती की गई। इस मौके पर सुंदरकांड सेवा समिति के दुदाराम गहलोत, मदन परिहार, मदन सुंदेशा, जयकिशन कांजाणी, राजेंद्र अग्रवाल, अनिल मेवाड़ा, प्रकाश कुमावत, नंदू सोनी, सोहन माली चौटीला द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। आयोजकों ने समिति के सभी सदस्यों का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर नव युवक हनुमान मंडल के छगन सोनी, लादूराम भाटी, कांतिलाल, भूराराम मालवीय, नारायणलाल घांची, चंपालाल मेवाड़ा, जगदीश कुमावत, नारायण माली, राहुलकुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## राठौड़ ने 116वीं बार किया रक्तदान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** मेडिप्लस चिकित्सालय में भर्ती एक मरीज की गंभीर स्थिति के दौरान ए पॉजीटीव रक्त की आवश्यकता होने पर वंदे भारत सेवा संस्थान सचिव नरेंद्रसिंह राठौड़ ने तत्काल मौके पर पहुंच रक्तदान कर मरीज को राहत पहुंचाई। राठौड़ का यह 116वां रक्तदान है।



# शिक्षा से ही बनती है खास पहचान : मेघवाल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**घाणेराव।** कस्बे में स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर पूर्व मंत्री अचलाराम मेघवाल ने बालिकाओं को शिक्षा और प्रगति के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे बालिकाएं समाज में अपनी सशक्त पहचान बना सकती हैं। मेघवाल ने सरकार द्वारा बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही योजनाओं यथा टेबलेट वितरण, ट्रांसपोर्ट वाउचर, साइकिल वितरण, छात्रवृत्ति, गार्गी पुरस्कार आदि की जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा के बाद बालिकाओं के लिए आरक्षित अवसरों की जानकारी दी और मातृशक्ति से राजनीति में आकर समाजसेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज बालिकाएं शिक्षा, चिकित्सा, सेना, पुलिस, विज्ञान और अंतरिक्ष जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। हमें उनके इस आत्मविश्वास को बढ़ावा देना चाहिए। इस अवसर पर वार्ड पंच श्रीमती हुलासीबाई, भामाशाह शांतिलाल लोढ़ा, आयुर्वेद चिकित्सक अंकित गर्ग, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, अभिभावक, निकटवर्ती विद्यालयों के प्रतिनिधि मंडल व स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय की प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य तरुण प्रसाद ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और धन्यवाद ज्ञापित किया।




## मामाधणी का मेला 4 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** कस्बे में परकेला तालाब परिसर सिति परकेला मामाधणी का एक दिवसीय मेला एवं भजन कार्य' म 4 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। आयोजन की पूर्व संध्या 3 फरवरी को संध्याकाल हवन होगा एवं रात्रि में स्थानीय कलाकारों की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। दूसरे दिन सुबह 9 बजे से महाआरती होगी। इसी के साथ शंकर टॉक एंड पार्टी एवं गायिका खुशबू माली की ओर से भजनों की तथा अन्य कलाकारों की ओर से नृत्य व देवी देवताओं की झांकियों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई है। आयोजक बेरा ढिमरा मित्र मंडल नाडोल, मूलोबा घांची, भोलाराम गहलोत, शिवसिंह, जुहारसिंह फोन्दर, भलाराम घांची, पुनाराम, जितेन्द्र सीरवी, भीकाराम, लच्छाराम, रताराम, नाहराराम, वक्ताराम, खीमाराम देवासी, धनाराम, जीवाराम, मेघाराम सहित अन्य कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे है।

## वन एवं पर्यावरण मंत्री शर्मा 2 को पाली दौरे पर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग राज्यमंत्री संजय शर्मा रविवार को पाली के दौरे पर रहेंगे। वे रविवार प्रातः 6 बजे जयपुर से प्रस्थान कर प्रातः 11:15 बजे पाली सर्किट हाउस पहुंचेंगे तथा 11:45 बजे मोहनलाल सायरचंद कवाड़ चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गिरदाड़ा गांव में आयोजित सघन पौधरोपण कार्य म में भाग लेंगे। वे दोपहर एक बजे पाली से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# न्यूज ब्रीफ

## शिक्षक प्रशिक्षण सम्पन्न

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** जिला प्रशासन, सेंटर फॉर माइक्रोफाइनेंस, टाटा ट्रस्ट की सहयोगी संस्था के तहत जिले के पांच विकास खण्डों के सभी विद्यालयों के सभी विद्यालयों में बुनियाद व स्तर-आधारित शिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत विद्यालयों में कक्षा 6 से 8वीं तक के बच्चों का भाषा तथा गणित विषय में स्तर निर्धारण के बाद बच्चों को उनके स्तर के अनुसार पढ़ाया जा रहा है। कार्यकम के तहत 490 विद्यालयों के हिंदी विषय शिक्षकों का एक दिवसीय एवं गणित विषय शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें 20 बैचों में सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें कुल 725 शिक्षकों ने सक्रिय रूप में भागीदारी दी। सन्दर्भ व्यक्ति के रूप में सीएमएफ से दिनेश चौधरी, गुल मोहम्मद, नरेद्र जाट, अजहर खान, कमलचंद चन्द, मंजू कुमारी, नरेद्र शर्मा, हितेश व्यास व गुंजनसिंह ने शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। सीएमएफ के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत पंवार ने सम्बोधित किया।

## शिविर में 121 मरीजों की जांच, 17 जनों का होगा ऑपरेशन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरुपगंज।** भूला में गुरुवार को निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। सीमेंस हेल्थनियर्स द्वारा सीएसआर पहल कार्यान्वयन भागीदार एवं ग्लोबल हॉस्पिटल माउंट आबू के सौजन्य से शिविर हुआ। डॉ. दिव्या जैनी, डॉ. सविता सोनार समेत नेत्र परीक्षण टीम 121 मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया। शिविर दमे के मरीजों की स्पायरोमेट्री जांच एवं दवाइयां निःशुल्क दी गई। 17 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन कर ग्लोबल नेत्र संस्थान ले गए। 15 दमा एवं मधुमेह समेत अन्य बीमारियों के मरीजों को ग्लोबल हॉस्पिटल माउंट आबू आगामी जांच के लिए रैफर किया। बीके अर्चना, डॉ. अशोक दवे, डॉ. ललित कुमार, कन्हैयालाल अग्रवाल, दिनेश, गुजरी, ज्योति, जयंतीलाल, जेपीसिंह का सहयोग रहा।

## जीप की टक्कर से बाइक सवार की मौत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** फोरलेन के सर्विस मार्ग पर गुरुवार देर शाम को जीप बाइक की टक्कर से एक जने की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर रीको पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई को अंजाम दिया।



# शहीद दिवस पर महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि, बापू के बलिदान को किया याद

## शहीद दिवस के रूप में मनाई गई बापू की पुण्यतिथि

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिलेभर में गुरुवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई गई। कई स्थानों पर प्रार्थना सभा व संगोष्ठियों का आयोजन हुआ। जिसमें सभी ने बापू के पद चिह्नों पर चलने का आह्वान किया। जिला मुख्यालय में कलेक्ट्रेट में एडीएम डॉ दिनेश राय सापेला व उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल ने कलक्टर परिसर में स्थित विभिन्न अनुभागों के अधिकारियों एवं कार्मिकों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि एवं शहीदों की स्मृति में दो मीनट का मौन धारण करवाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं राजकीय महाविद्यालय के अरविन्द पैवेलियन में शहीद दिवस कार्यक्रम 2025 आयोजित किया गया। सभी ने महात्मा गांधी को याद करते हुए शहीदों की स्मृति में मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम में भाग लिया। इसके बाद रामधुन एवं गांधीजी के प्रिय भजनों का गान हुआ। प्राचार्य प्रो. अजय शर्मा, संकाय सदस्य प्रो. संध्या दुबे, प्रो. अनिता जैन, प्रो. जयश्री गुरनानी, प्रो. मीना जैन, प्रो. रीना श्रीवास्तव, प्रो. भगवानाराम बिश्नोई, डॉ. गायत्री प्रसाद, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. कैलाश गहलोत, खेमराज चौधरी, डॉ. कुसुम राठौड़, दिनेश कुमार सोनी, बद्री विशाल चारण, डॉ. कन्हैयालाल, सुनील कुमार मीणा, सियाराम चौधरी, सुश्री शीरीन रूही कुरेशी, प्रदीप कुमार, विरेन्द्रसिंह गुर्जर आदि मौजूद थे। उधर, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही में शहीद दिवस मनाया। प्रधानाचार्य श्रीमती हीरा खत्री व उत्सव व जयन्ती प्रभारी गोपालसिंह राव के अनुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजली की। गांधीजी के जीवन चरित्र पर प्रधानाचार्य नरेन्द्रसिंह आढ़ा व राव ने प्रकाश डाला। विद्यालय स्टाफ व बालिकाओं ने रामधुन व गांधीजी के प्रिय भजनों को गाया व सुना। सिद्धि कुमारी, गार्गी कुमारी, शिल्पा सोलंकी व बालिकाएं उपस्थित रही।









**जावाल।** पालिका जावाल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। पालिका के अधिशाषी अधिकारी सुरेश कुमार जीनगर ने सभी को दो मिनट का मौन धारण करवाया। इसके बाद बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंलि अर्पित की। वरिष्ठ लिपिक भरत कुमार राजपुरोहित, सेवानिवृत्त सहायक प्रशासनिक अधिकारी रमेश प्रजापत, कार्यवाहक सफाई निरीक्षक मनोज कुमार, स्वच्छ भारत मिशन एमआईएस अभियंता रमेशचंद कुमावत, शंकर राणा, विनोद कुमार, रमेश मीणा, खेताराम, रामलाल, पूजा,धनिषा सहित समस्त नगरपालिका स्टाफ उपस्थित रहा।

**रेवदर।** पंचायत समिति सभा भवन में शहीद दिवस एसडीएम सुबोधसिह चारण की अध्यक्षता में मनाया गया। सभी ने राष्ट्रपिता गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजली अर्पित की। इसके बाद बापू के प्रिय भजन रामधुनी का प्रसारण किया। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रृद्धांजली दी।





**आबूरोड़।** सेंट पॉल स्कूल में शहीद दिवस के अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। प्रार्थना सभा में छात्रों ने देशभक्ति गीत गाऐ और स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। छात्रों ने शहीदों की शहादत को याद किया और उनके बलिदान को नमन किया। उपप्राचार्य ने कहा, शहीद दिवस हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की याद दिलाता है। संस्था के अध्यक्ष बन्नालाल जाट, निदेशक सांवरमल जाट व प्रशासनिक अध्यक्ष श्रीमती सरिता जाट ने श्रद्धांजली अर्पित की। इसी क्रम में रॉयल राजस्थान पब्लिक स्कूल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की याद में एक भावपूर्ण विशेष असेंबली के साथ शहीद दिवस मनाया। चेयरमैन दीपक पाठक, प्रिंसिपल जनक प्रतापसिंह राठौड़ और शैक्षिक प्रभारी ने बापू को पुष्पांजलि अर्पित की। छात्रों ने गांधीजी के जीवन और सिद्धांतों का एक प्रभावशाली अभिनय प्रस्तुत किया। इधर गांधीजी की पुण्यतिथि पर नवयुवक बैरवा मंडल, आबूरोड के सदस्यों ने ट्रॉमा सेंटर ग्लोबल हॉस्पिटल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अरुण कुमार मरमट, मनीष कुमार नगरवाल, मनीष कुमार देवतवाल, मुकेश कुमार देवतवाल, अजय कुमार देवतवाल, प्रमेंद्र कुमार लोदवाल, जीवन कुमार, महेंद्र कुमार, दीपक देवतवाल, पंकज कुमार एवं गीता देवी ने समेत 11 जनों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर के अध्यक्ष प्रेमशंकर, गणपतलाल बामणावत, मोहनलाल देवतवाल, जगदीश कुमार, मोहनलाल, मगनलाल बेरवा उपस्थित रहे।





# रेलवे स्टेशन पर मनाया 'स्टेशन महोत्सव'





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** स्टेशन के गौरवमय इतिहास को उत्सव स्वरूप मनाने हेतु आबूरोड स्टेशन पर 'स्टेशन महोत्सव' मनाया गया। आबूरोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्टेशन महोत्सव का आयोजन किया गया। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक बीसीएस चौधरी के अनुसार बीके करुणा व मण्डल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा बेंड व देश भक्ति गीतों की शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। आबूरोड स्टेशन भवन की समाकृति का केक भी काटा गया। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक बीसीएस चौधरी सहित डीआरयूसीसी सदस्य, स्टेशन पर कार्यरत रेलवे स्टाफ, स्कूल छात्र छात्राएं, बच्चे, कुली, रेल यात्री व आमजन उपस्थित थे। कार्यक्रम मे वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। मंच का संचालन संजय काकड़ा द्वारा किया गया। मण्डल रेल प्रबंधक भूतड़ा ने कहा की आबूरोड स्टेशन 145 साल का गौरवशाली इतिहास समेटे है। वर्ष 1880 में स्थापित आबूरोड रेलवे ने मीटर गेज के स्टीम इंजन से वर्तमान में विद्युतीकृत ब्रॉडगेज लाइन की राजधानी, शताब्दी और वंदेभारत जैसी गाड़ियों के संचालन तक का दौर देखा है। यह स्टेशन उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर मंडल का एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है।



## कलक्टर चौधरी ने किया कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का सम्मान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने गुरुवार को आबूरोड में कार्यरत कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की चारों कार्मिकों को हेलमेट पहनाकर सम्मान किया।

## अवैध एलपीजी गैस पर रसद विभाग की कार्रवाई



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** रसद विभाग के संयुक्त जांच दल की ओर से घरेलू एलपीजी गैस सिलेण्डरों के अवैध कारोबार एवं कालाबाजारी रोकने के अभियान के तहत तहसील राजसमन्द के कुंवारिया कस्बे में सघन रिहायशी इलाके में एक किराणा व्यवसायी के परिसर में जांच कर अवैध रूप से कारोबार की नियत से बिना किसी वैध दस्तावेज एवं लाइसेंस भण्डारित 11 घरेलू गैस सिलेण्डरों (14.2 किलोग्राम) को मय 156 किलोग्राम एलपीजी गैस के जब्त किया गया। जांच दल में जिला रसद अधिकारी विजय सिंह के साथ रणजीत सिंह सिसोदिया प्रवर्तन अधिकारी, लोकेश जोशी प्रवर्तन अधिकारी, राकेश माहेश्वरी, प्रवर्तन निरीक्षक उपस्थित थे। खाद्य विभाग के निर्देशानुसार घरेलू एलपीजी गैस सिलेण्डरों के अवैध कारोबार एवं भण्डारण के ' म में निरन्तर जांच कार्यवाही की जाएगी।

## विद्यार्थियों को पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ



*जागरूक टाइम्स संवाददाता*

***सिरोही।*** *जिलेभर में चल रहे सड़क सुरक्षा विशेष अभियान के तहत जिलेभर में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति विद्यार्थियों में जागरुकता पैदा करने के लिए पुलिस की ओर से सरकारी विद्यालय एवं महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन कर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया जा रहा है। पुलिस की ओर से सड़क पार करते समय यातायात सिग्नल की पीली लाइन, जेब्रा क्रॉस, लाल बत्ती, हेलमेट, सीट बेल्ट आदि की जानकारी दी गई। मां अंबे के.पी. संघवी राजकीय विधि महाविद्याल में महिला निति के तहत गुरूवार को सडक सुरक्षा एवं यातायात नियमों पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें परिवहन अधिकारी सुजान चैधरी एवं अक्षमिता राठौड़ ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर यातायात नियमों की जानकारी प्रदान की। महिला प्रकोष्ठ कॉडिनेटर डॉ अनुपमा उज्जवल ने अतिथियों का स्वागत किया। महिला प्रकोष्ठ को-कोर्डिनेटर शीला कुमारी ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।*



**पोसालिया।** महात्मा गांधी विद्यालय में प्रधानाचार्य अशोक गिरी गोस्वामी एवं चौकी प्रभारी छोगाराम ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने सड़क सुरक्षा के नियमों, साइबर क्राइम की जनकारी, फोन के उपयोग एवं जीवन में अनुशासन के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। हम्मीरसिंह राव एवं नारायणलाल माली ने भी विचार प्रकट किए। मदललाल सुथार, लालसिंह, राजेश कुमार सागर, छगनलाल, उम्मेदसिंह, रविदत्त चारण, अंजना वर्मा, कविता, अंजली भाटी, महेन्द्र कुमार, बाबूसिंह राव, गोविन्दसिंह, राजेन्द्रसिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान 29 बालिकाओं को समाजसेवी मानसिंह राव समेत अन्य अतिथियों की उपस्थिति में साइकिल वितरित की गई। प्रभारी शिक्षका श्रीमती अंजना वर्मा आदि मौजूद थे।



**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि, एम्स माधव अस्पताल और एनएचआईटी के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे दो दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम गुरूवार को बजरंग चौराया व उडवारियां के सरकारी विद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों को लेकर मंथन किया गया। एनएसएस के निदेशक डॉ. देवेंद्र मुजाल्दा ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष शिक्षा के विद्यार्थियों और एनएसएस के स्वयंसेवकों ने पोस्टर प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को एनएचआइटी के उडवारिया टोल प्लाजा ऑपरेशन प्रबंधक आजाद शर्मा, उंडवारिया टोल प्रबंधक करण फागना व कॉरिडोर प्रबंधक बिपिन मेवाड़ा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के विशेषज्ञ नीलेश परमार ने सरकारी विद्यालय उडवारिया में सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रेससिटेशन) तकनीक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जीवन रक्षक तकनीकों के महत्व और उनके सही उपयोग के बारे में विद्यार्थियों और उपस्थित जनसमूह को प्रशिक्षित किया। विवि के रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत, एम्स माधव अस्पताल के भरत कश्यप, एनएचआईटी के सुरक्षा अधिकारी बृजेश पांडे, लेखा अधिकारी आशिन खांन, संजय बालोत व एनएचआईटी की पेट्रोलियन टीम के सदस्य, संस्था प्रधान रमेश कुमार पुरोहित, एनएसएस की प्रभारी डॉ. रेणुका एवं विवि के विधार्थी समेत कई जने मौजूद थे।

**सरूपगंज।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धनारी में गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा माह के तहत गोरधन मोहरेशा समाजसेवी ने विद्यालय के छात्रों को यातायात के नियमों की जानकारी दी। पुलिस प्रशासन एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों निर्देशों का पालन करना चाहिए। प्रधानाचार्य हिंदूराम डाबी ने विद्यार्थियों से कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करनी चाहिए एवं उन्हें जीवन में उतरना चाहिए जीवन अनमोल है हमें अपनो एवं अन्य को ध्यान में रखकर ही वाहन चलना चाहिए। शहीद दिवस के उपलक्ष में 2 मिनट का मौन रखकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई। शिक्षक भगाराम, सतीश कुमार, रामलाल, सवाराम, गोविंदराम, प्रकाश कुमार, सुनीता चौधरी, अमजद खान, मोहित परमार व शाहिद सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



# शहीद दिवस : सीएम भजनलाल शर्मा ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन किए अर्पित





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरूवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) पर प्रातः शासन सचिवालय पहुंचे। सीएम शर्मा ने सचिवालय स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। सीएम शर्मा ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने प्रतिमा के समक्ष बैठकर गांधी जी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिये, रघुपति राघव राजा राम, राम रतन धन पायो, श्री राम जय राम, तू ही है तो सहारा' सुने। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा सहित अन्य मंत्रीगण, मुख्य सचिव सुधांश पंत, विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव, सचिवालय कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने भी मौन रखकर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## एक नजर

### पटरी से उतरा रेल का इंजन, हादसा टला

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में श्रीगंगानगर के रेलवे यार्ड में देर रात रेलवे का एक इंजन बेपटरी हो गया। रेलवे सूत्रों के अनुसार बुधवार रात करीब पौने 3 बजे श्रीगंगानगर रेलवे स्टेशन के यार्ड में ही अचानक रेलवे का एक इंजन पटरी से उतर गया। डिरेलमेंट की जानकारी मिलते ही रेल अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। अचानक रात के समय हुई घटना की सूचना पर रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार श्रीगंगानगर रेलवे स्टेशन यार्ड में इंजन नं. 40352 ट्रैक पर चल रहा था। इसी दौरान रेलवे की लाइन नम्बर 7 पर पॉइंट नंबर 129 के करीब इंजन बेपटरी हो गया। मौके पर मौजूद ट्रैकमैन ने रेलवे के अधिकारियों को घटना की सूचना दी। हालांकि इस घटनाक्रम के दौरान गनीमत यह रही कि ये इंजन किसी गाड़ी से नही जुड़ा हुआ था वरना बड़ा हादसा भी हो सकता था। वहीं, घटना के बाद रेलवे के अधिकारियों ने स्टेशन पर हूटर बजवा कर राहत बचाव कार्य शुरू करवाया।

समर्थन मूल्य को लेकर बोले अशोक गहलोत

### अधिकांश केन्द्रों पर एमएसपी पर खरीद ही शुरू नहीं हुई

**जयपुर।** समर्थन मूल्य को लेकर अशोक गहलोत ने कहा कि बाजरे की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य न मिलने के बाद अब मूंगफली, मूंग व सोयाबीन की फसल को भी किसान बाजार में एमएसपी से कम पर बेचने के लिए मजबूर हो रहे है। प्रदेश के अधिकांश केन्द्रों पर एमएसपी पर खरीद ही शुरू नहीं हुई है। जहां खरीद शुरू हुई है वहां लक्ष्य कम दिए है। जिससे किसानों को उपज का दाम नहीं मिल रहा है। अब प्याज की बम्पर पैदावार के कारण इसके भी उचित दाम किसान को नहीं मिल रहे है। किसान बेहद कम दाम पर प्याज बेचने को मजबूर हो रहे है, जिससे उनकी लागत भी नहीं निकल पा रही है। राज्य सरकार को किसानों को एमएसपी देना सुनिश्चित करना चाहिए। जिससे किसानों को कम से कम घाटा तो न हो।

चंडीगढ़ मेयर चुनाव

### मेयर पद पर बीजेपी का कब्जा

**नव निर्वाचित मेयर हरप्रीत कौर बबला, भाजपा को 19, आप-कांग्रेस को मिले 17 वोट**

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव में बड़ा उलटफेर हुआ है। आम आदमी पार्टी को झटका देते हुए कांग्रेस और बीजेपी के उम्मीदवारों ने बड़ी जीत दर्ज की है। चंडीगढ़ के मेयर पद पर अब बीजेपी का कब्जा हो गया है जबकि डिप्टी मेयर और सीनियर डिप्टी मेयर पद पर कांग्रेस को जीत मिली है। बीजेपी की हरप्रीत कौर बबला चंडीगढ़ की नई



मेयर बनी हैं। बताया जा रहा है कि क्रॉस वोटिंग की वजह से बीजेपी उम्मीदवार को जीत मिली है। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा को 19 वोट मिले। जबकि आप-कांग्रेस गठबंधन को 17 वोट मिले। चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हरप्रीत कौर बबला ने आप की प्रेम लता को हराया। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा और आप-कांग्रेस गठबंधन के बीच कड़ी टक्कर थी।

कांग्रेस के जसबीर सिंह बंटी को सीनियर डिप्टी मेयर पद पर जीत मिली है। उनके पक्ष में 19 वोट पड़े, जबकि बीजेपी की विमला दुबे को 17 वोट पड़े। चंडीगढ़ नगर निगम में 35 सदस्य हैं, जिनमें निर्वाचित पार्षद और चंडीगढ़ के सांसद शामिल हैं, जिन्हें पदेन सदस्य के रूप में वोटिंग का अधिकार है। सदन में आम आदमी पार्टी के 13 पार्षद, कांग्रेस के 6, भाजपा के 16 और चंडीगढ़ के सांसद (कांग्रेस) को 1 वोट। इस हिसाब से कांग्रेस के पास सात वोट और आप के पास 13 वोट मिलाकर 20 वोट थे। यानी बीजेपी से ज्यादा। इसके बावजूद मेयर बीजेपी का बना। इसका मतलब यह है कि कांग्रेस और आप को पार्षदों ने बीजेपी के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की।

कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला

### एसीबी को सौंपी जाए 'जयललिता की संपत्ति'

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता की जब्त संपत्तियों को तमिलनाडु एंटी-करप्शन डिपार्टमेंट (एसीबी) को सौंपने का बड़ा आदेश जारी किया है। यह निर्णय जयललिता की संपत्तियों को 24 साल बाद बेंगलुरु से तमिलनाडु लौटाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति जमा करने का आरोप था, और इस मामले में उनकी सहेली शशिकला, सुधाकरन और इलावरसी भी आरोपी थीं। बेंगलुरु की विशेष अदालत ने इन आरोपियों को सजा सुनाई थी, लेकिन कर्नाटक हाई कोर्ट ने इसे रद्द कर दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने सजा बरकरार रखी, लेकिन इस फैसले से पहले ही जयललिता का निधन हो गया था।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंत्री परिषद् के सदस्यों के साथ किया संवाद

**मुख्यमंत्री ने आगामी विधानसभा सत्र की तैयारियों को लेकर की चर्चा**

**प्रदेश के विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी पहलुओं पर लिया फीडबैक**



**जयपुर।** 16वीं विधानसभा के आगामी सत्र को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर मंत्री-परिषद् के सदस्यों के साथ बैठक कर संवाद किया। बैठक में आगामी विधानसभा सत्र के दौरान सदन में प्रश्नों के प्रभावी जवाब प्रस्तुत करने, जनहित के मुद्दों पर राज्य सरकार की नीति-निर्णयों को मजबूती से रखने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही, बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी पहलुओं के विषय पर भी फीडबैक लिया। 16वीं विधानसभा का तृतीय सत्र शुक्रवार (31 जनवरी) से शुरू होगा, जिसके संबंध में मुख्यमंत्री ने मंत्री-परिषद् के सदस्यों के साथ संवाद किया। इस दौरान मंत्री-परिषद् के सदस्य उपस्थित रहे।

पालीमें एसीबी की कार्रवाई

## जीएसटी इंस्पेक्टर 4 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

### जुर्माना माफ करने की एवज में मांगे थे रुपए

**पाली।** पाली एसीबी ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए जीएसटी के इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। आरोप है कि परिवादी से फर्म के कागजात को लेकर रिश्वत की डिमांड की गई। फिलहाल एसीबी टीम कार्रवाई में जुटी है। पाली शहर के वीडी नगर स्थित एसीबी द्वितीय के ऑफिस में एक परिवादी ने शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि उसके फर्म के कागजात सही करने और जुर्माना माफ करने को लेकर जीएसटी विभाग के में कार्यरत इंस्पेक्टर नरेंद्रसिंह रिश्वत की डिमांड कर रहा है। इस पर एसीबी की ओर से शिकायत का सत्यापन करवाया गया। शिकायत सही पाए जाने पर गुरुवार को एसीबी द्वितीय के एएसपी खींव सिंह के नेतृत्व में एसीबी टीम ने आरोपी जीएसटी इंस्पेक्टर नरेंद्रसिंह को 4 हजार रुपए लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।



**टीम को देख सड़क पर फेंकी रिश्वत की राशि**

*एसीबी जोधपुर रेंज उप महानिरीक्षक पुलिस हरेन्द्र कुमार महावर के सुपरविजन में एसीबी पाली द्वितीय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खींव सिंह मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी नरेन्द्र सिंह सीजीएसटी निरीक्षक केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर संभाग पाली को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। टीम को देखते ही आरोपी ने रिश्वत की राशि जेब से निकाल कर सड़क पर फेंक दी। जो बरामद कर ली गई।*

### यूपी : सिरफिरे आशिक ने टीचर को जिंदा जला दिया

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में एक सिरफिरे आशिक ने एक महिला टीचर को बीच सड़क पर जिंदा जला दिया, जिसमें उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि महिला गांव के ही स्कूल में पढ़ाती थी और दो मार्च को उसकी शादी होनी थी। प्रतापगढ़ के कोहड़ौर थाना इलाके के लौली गांव में इस घटना को अंजाम दिया है।

लौली गांव की युवती नीलू यादव गांव के ही सीएल यादव स्कूल में टीचर के रूप में कार्यरत है। रोज की तरह घटना वाले दिन भी लगभग साढ़े नौ बजे स्कूल जा रही थी। स्कूल पहुंचने से पहले ही रास्ते में घात लगाए नीलू के ननिहाल चंदौका के रहने वाले विकास यादव ने पेट्रोल डालकर नीलू को जला दिया।

**दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025**

## झूठ-बहानेबाजी में अरविंद केजरीवाल नंबर वन : अमित शाह

**रोहिणी की जनसभा में गृहमंत्री का संबोधन**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली के रोहिणी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला। उन्होंने 'आप' पर झूठ और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए और दावा किया कि दिल्ली में भाजपा के पक्ष में परिवर्तन की लहर है। शाह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल झूठ और बहानेबाजी में नंबर 1 हैं।

केजरीवाल हार को स्वीकार कर चुके हैं, इसलिए बेतुकी बयानबाजी कर रहे हैं। शाह ने सवाल किया, केजरीवाल जी, आपने कौन सा ज़हर मिलाया है? नाम बताइए। आप सरकार ने यमुना नदी को प्रदूषित कर दिल्लीवासियों को दूषित पानी पीने पर मजबूर किया और दिल्ली जल बोर्ड के पैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिए।

**दिल्ली को नंबर वन राज्य बनाएगी बीजेपी**

*अमित शाह ने कहा कि भाजपा दिल्ली को देश का नंबर 1 राज्य बनाएगी और कोई बहाना नहीं बनाएगी। उन्होंने आप को झूठ, फरेब और धोखे की पार्टी बताया। शाह ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने रिहायशी इलाकों में शराब बंद करने का वादा किया था, लेकिन शराब की दुकानें खोल दीं। स्कूल और मंदिरों के सामने भी शराब की दुकानें खुलवाई। यमुना को लंदन की थेम्स नदी जैसा बनाने का वादा किया था, लेकिन आज तक खुद उसमें डुबकी नहीं लगाई। केजरीवाल ने चुनाव जीतने के लिए भाजपा पर यमुना में जहर मिलाने का आरोप लगाया।*

**दिल्ली विधानसभा चुनाव**

## कांग्रेस की दिल्ली वासियों को पांच गारंटी

**आप पर साधा जमकर निशाना**




**नई दिल्ली। लोकसभा** में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली की बादली विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी रैली की। उन्होंने लोगों से पांच वादे किए। उन्होंने कहा कि सरकार बनने पर कांग्रेस महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए देगी।

300 यूनिट फ्री बिजली, सभी नागरिकों का 25 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस, 500 रुपए में गैस सिलेंडर और फ्री राशन मिलेगा। साथ ही युवाओं को एक साल के लिए 8500 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे।

इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी और आम आदमी पार्टी दोनों पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने भ्रष्टाचार किया है। बीजेपी पर हमला बोलते हुए राहुल ने कहा, हमारी लड़ाई विचारधारा की है। एक तरफ बीजेपी-आरएसएस है और दूसरी तरफ कांग्रेस है। वो नफरत फैलाते हैं। हमने साफ कहा है कि जहां भी ये नफरत और हिंसा फैलाएंगे हम वहां मोहब्बत की दुकान खोलेंगे। हमने हर भाषण में ये बात कही है कि ये देश सभी का है। इस देश में सिर्फ मोहब्बत से काम किया जाना चाहिए।

**गारंटियों की सूची**

*महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए, हर घर को 300 यूनिट बिजली फ्री, सभी नागरिकों को 25 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस, 500 रुपए में गैस सिलेंडर और फ्री राशन, युवाओं को एक साल के लिए 8500 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे।*

### रील बनाने कुंभ जा रहे बीजेपी नेता : डोटासरा

**जयपुर।** शहीद दिवस के अवसर पर गुरुवार को जयपुर के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली समेत कांग्रेस के नेताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके पुष्पांजलि दी। डोटासरा ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा भाजपा नेता रील बनाने के लिए कुंभ मेले में जा रहे हैं और वहां पर भगदड़ मच रही है। डोटासरा ने कहा कि महात्मा गांधी का देश की आजादी में बड़ा योगदान रहा। उन्होंने अहिंसा का संदेश दिया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी में रहकर देश को आजाद करवाया। महात्मा गांधी ने जो सपना देखा था और जिस मार्ग पर चलने का संदेश दिया था, देश की सत्ता में बैठे लोग उस मार्ग से भटकने का काम कर रहे हैं।

**इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी**

## साल भर के अंदर भारत के पास होगा अपना एआई मॉडल

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि अगले 8-10 महीनों में भारत के पास अपना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) फाउंडेशनल मॉडल होगा। ये एआई मॉडल भारत की सुरक्षा, भारत की भाषा, संस्कृति को ध्यान में रखते हुए विकसित किए जा रहे हैं और भारत का एआई मॉडल पूरी दुनिया के लिए उपपलब्ध होगा। भारतीय एआई मॉडल चीन के डीपसीक एआई मॉडल से बेहतर होगा क्योंकि डीपसीक को 2000 ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) पर विकसित किया गया है जबकि भारत का एआई मॉडल 15,000 से अधिक जीपीयू पर



विकसित हो रहा है। अमेरिका का चैट जीपीटी 25,000 जीपीयू पर विकसित किया गया है। सरकार की मदद से भारत का अपना एआई मॉडल विकसित करने में फिलहाल छह कंपनियां जुटी हुई है। सरकार ने अन्य स्टार्टअप व संस्थाओं से भी भारतीय एआई मॉडल विकसित करने को लेकर प्रस्ताव मांगा है। एआई मॉडल विकसित करने के लिए सबसे जरूरी कंप्यूटिंग की सुविधा होती है और सरकार सभी के लिए कामन कंप्यूटिंग सुविधा उपलब्ध कराने जा रही है। कोई भी संस्था, स्टार्टअप मामूली शुल्क देकर इस कंप्यूटिंग सुविधा का इस्तेमाल कर सकेंगे। इस शुल्क पर सरकार 40 प्रतिशत की सब्सिडी भी देगी। इंडिया एआई मिशन के तहत 10,000 जीपीयू उपलब्ध हो गए हैं और अगले कुछ महीनों में जीपीयू की संख्या 18,693 हो जाएगी। कामन कंप्यूटिंग सुविधा के लिए फ्रेमवर्क तैयार कर दिया गया है। वैष्णव ने बताया कि अगले कुछ दिनों में यह सुविधा सभी के लिए उपलब्ध हो जाएगी।

**एआई मॉडल विकसित करने में हम बिल्कुल समय पर है**

वैष्णव ने कहा कि भारत एआई मॉडल को विकसित करने में कहीं से पीछे नहीं है। हम बिल्कुल समय पर है। कंप्यूटिंग की सुविधा गंभीर मामला है। वैसे भी पिछले साल मार्च में इंडियाएआई मिशन को मंजूरी दी गई थी। इंडियाएआई मिशन सात पिलर पर आधारित है और इसके लिए 10,371 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। कामन कंप्यूटिंग सुविधा, एआई मॉडल, एआई एप, एआई सुरक्षा प्रमुख पिलर है। तीन दिन पहले चीन के एआई मॉडल डीपसीक के दुनिया के सामने आने के बाद एआई में भारत के पिछड़ने की बात कही जाने लगी थी।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.